www.anantgyaan.in

सूर्योदय 6:55 सूर्यास्त 6:14

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 7.2 न्यू | 14.00 अधि |
| धर्मशाला | 11.02 न्यू | 16.00 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 72708.16 |
| निफ्टी | 22122.30 |
| सोना 62,670 | चांदी 73,314 |

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार

धर्मशाला | मंगलवार, 20 फरवरी 2024 | 8 फाल्गुन, विक्रमी संवत 2080 | वर्ष 1, अंक 63 कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए |



जसप्रीत बुमराह को चौथे टेस्ट में मिल सकता है आराम... पेज 7

## मंडी में एकादश दिवस पर प्रकट हुए कर्णेश्वर महादेव



**मंडी।** बाबा भूतनाथ मठ मंदिर छोटी काशी मंडी में एकादश दिवस पर धृत श्रृंगार में हरियाणा के कर्णेश्वर महादेव का स्वरूप उकेरा गया। पांडवों ने माता कुंती की ओर से पूजा करने के लिए मंदिर बनाया था। मान्यता है कि पांडवों ने जिन पांच मुख्य महादेव मंदिरों का निर्माण करवाया था, उनमें से कर्णेश्वर महादेव मंदिर भी एक है। कहा जाता है कि इससे पहले कुंती माता रेत का शिवलिंग बनाकर पूजा करती थी, लेकिन पांडवों ने मंदिर का निर्माण कर वहां शिवलिंग की स्थापना की। देश के अधिकतर भागों में पांडवों की ओर से सैकड़ों मंदिरों का निर्माण किया, जिनमें कर्णेश्वर महादेव मंदिर मुख्य स्थान रखता है।

# पीएम मोदी ने रखी कल्कि धाम मंदिर की नींव

बोले- कालचक्र बदल गया नए युग की हो चुकी शुरुआत

**एजेंसी, संभल ( उत्तर प्रदेश )**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के संभल में ऐंचोड़ा कंबोह स्थित श्री कल्कि धाम मंदिर का शिलान्यास किया। कल्कि मंदिर के गर्भगृह में पीएम मोदी ने पूजा-अर्चना की। इस दौरान पीएम मोदी के अलावा सीएम योगी और आचार्य प्रमोद कृष्णम भी साथ रहे।

पीएम मोदी ने कहा कि संभल जिले की इस धरती का मैं हृदय से स्वागत करता हूं। यहां के लोगों का अभिनंदन देखकर गदगद हूं। उन्होंने कहा कि कल्कि धाम के शिलान्यास का सौभाग्य उन्हें मिला है। विश्वास है कि यह भारतीय आस्था के एक और विराट केंद्र के रूप में उभर कर सामने आएगा। 18 साल की प्रतीक्षा के बाद यह अवसर आया है। पीएम ने कहा कि कुछ लोग अच्छे कार्य उनके लिए ही छोड़ गए हैं। आगे भी जितने अच्छे काम रह गए हैं, उनको भी संतों और जनता-जनार्दन के आशीर्वाद से हम पूरा करेंगे।



**5** एकड़ में बनकर तैयार होगा श्री कल्कि धाम मंदिर परिसर

- बंसी पहाड़पुर के गुलाबी पत्थरों से होगा मंदिर का निर्माण
- पांच एकड़ में फैला कल्कि धाम कई मायनों में विशिष्टि होगा

**108** फुट होगी मंदिर के शिखर की ऊंचाई

- मंदिर के निर्माण में नहीं होगा स्टील या लोहे का इस्तेमाल

अनोखा होगा कल्कि धाम

**10** गर्भगृह होंगे

भगवान विष्णु के **10** अवतारों के विग्रह स्थापित होंगे

### ईश्वर ने मुझे राष्ट्र रूपी मंदिर के निर्माण का जिम्मा सौंपा है



**प्रधानमंत्री** मोदी ने कहा कि भारत अब पराभव से विजय की ओर प्रस्थान करने वाला राष्ट्र बन गया है। हम पर सैकड़ों वर्षों से आक्रमण हुए। कोई और देश होता तो नष्ट हो गया होता। हम फिर भी डटे हैं। सदियों के बलिदान अब फलीभूत हो रहे हैं। जैसे लंबे समय से पड़ा बीज वर्षा काल में अंकुरित होता है। पीएम ने कहा कि ईश्वर ने मुझे राष्ट्र रूपी मंदिर के निर्माण का जिम्मा सौंपा है।

## न्यूज शॉर्ट्स

### कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया को सुप्रीम कोर्ट से मिली राहत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने प्रोटेस्ट मार्च केस में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के खिलाफ कार्यवाही पर रोक लगा दी। सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट के उस फैसले पर भी रोक लगा दी, जिसमें सिद्धारमैया, कांग्रेस महासचिव रणदीप सुरजेवाला को 10 हजार रुपए जुर्माना भरने और 26 फरवरी को कोर्ट में पेश होने का आदेश दिया था।

### पीएम मोदी आज जम्मू में करेंगे करोड़ों के उद्घाटन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को जम्मू के दौरे पर होंगे। इस दौरान वह यहां 30,500 करोड़ रुपए से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और आधारशिला रखेंगे। पीएम मोदी 20 फरवरी को 11:30 बजे जम्मू के मौलाना आजाद स्टेडियम में एक सार्वजनिक समारोह में विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे और आधारशिला रखेंगे। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री जम्मू-कश्मीर के करीब 1500 नए सरकारी कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे।

### पाकिस्तान में अंडरवर्ल्ड डॉन अमीर बलाज टीपू की हत्या

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के लाहौर में अंडरवर्ल्ड डॉन अमीर बलाज टीपू की हत्या कर दी गई। शादी समारोह में उसे गोली मारी गई। इस दौरान हमलावर भी मारा गया। अमीर बलाज टीपू माल परिवहन नेटवर्क का मालिक था। पाकिस्तानी मीडिया डॉन के मुताबिक, अमीर का लाहौर के साथ-साथ पूरे पाकिस्तान में भी रुतबा था। उसके पिता आरिफ अमीर और दादा बिल्ला ट्रकानवाला भी गैंगस्टर थे।

### अजित पवार के नेतृत्व वाले गुट से किया जवाब तलब

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग की ओर से अजित पवार गुट को असली एनसीपी बताने के खिलाफ शरद पवार की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने अजित पवार के नेतृत्व वाले गुट से जवाब तलब किया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि शरद पवन नए प्रतीक चिन्ह के आवंटन के लिए चुनाव आयोग का रुख कर सकते हैं और इसे आवेदन के एक सप्ताह के भीतर दर्ज करना होगा।

## टॉप स्टोरीज

आम आदमी तो दूर, मंत्रियों की बातों को भी अनदेखा कर रहे सीएम: जयराम ...पेज 3

हिमाचल में भाजपा नहीं कॉन्फिडेंट, गुजरात में सेफ गेम खेलेगी पार्टी ...पेज 3

कर्मचारियों को नौकरी से बाहर निकालने पर किया धरना-प्रदर्शन ...पेज 4

## हिमाचल के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी का सिलसिला जारी, सात जिलों के लिए रेड अलर्ट

# बर्फ से लदे पहाड़; शेष दुनिया से कटी पांगी घाटी, अटल टनल बंद

**जय ठाकुर, शिमला**

**हिमाचल** प्रदेश के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में दूसरे दिन भी बर्फबारी का सिलसिला जारी रहा। रेड अलर्ट के बीच लाहौल-स्पीति, कुल्लू व किन्नौर जिले के ऊपरी क्षेत्र बर्फ से लद गए हैं। लाहौल-स्पीति में बर्फबारी से घाटी में अभी तक एक से दो फुट तक बर्फ गिर चुकी है और हिमपात का सिलसिला जारी है।

जिला प्रशासन लाहौल-स्पीति ने बर्फबारी के चलते 20 और 21 फरवरी को सभी शैक्षणिक संस्थान बंद कर दिए हैं। चंबा जिले के जनजातीय क्षेत्र पांगी घाटी में हिमपात हुआ है। इसके चलते पांगी घाटी दुनिया से कट गई है। घाटी के अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में डेढ़ फुट व निचले इलाकों में एक फुट तक बर्फबारी हुई है। ताजा हिमपात होने के बाद पर्यटकों के लिए अटल टनल रोहतांग को बंद कर दिया गया है। मौसम विभाग ने मंगलवार को सात जिलों के लिए भारी बर्फबारी का रेड अलर्ट जारी किया है। (अनंत ज्ञान)



लाहौल-स्पीति की तिनन घाटी।

- लाहौल-स्पीति में दो फुट गिरी बर्फ
- 20 और 21 को सभी शैक्षणिक संस्थान बंद

| स्थान | बर्फबारी |
|---|---|
| कुकुमसेरी | 50.6 सेंटीमीटर |
| उदयपुर | 39 सेंटीमीटर |
| गोंदला | 27 सेंटीमीटर |
| केलांग | 21 सेंटीमीटर |
| हंसा | 11 सेंटीमीटर |
| कल्पा | 2 सेंटीमीटर |

- 21 को अंधड़ का येलो अलर्ट जारी
- 22 को भी बारिश-बर्फबारी का पूर्वानुमान

### चंबा के तीसा में 41 एमएम बारिश

प्रदेश के अति दुर्गम क्षेत्र चंबा के तीसा में सोमवार को 41 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। सांगला और भरमौर में 11, मनाली में नौ, डलहौजी और चंबा में पांच, रिकांगपिओ और मोरंग में एक एमएम बारिश दर्ज की है।

### नारकंडा में ओलावृष्टि

**शिमला** जिले के नारकंडा व साथ लगते कुछ क्षेत्रों में हल्की ओलावृष्टि हुई है। 20 फरवरी को ऑरेंज अलर्ट और 21 के लिए अंधड़ का येलो अलर्ट जारी किया है। 22 फरवरी को बारिश-बर्फबारी का पूर्वानुमान है।

### काजा में फंसे पर्यटक किए रेस्क्यू

**काजा।** लाहौल-स्पीति के काजा में कॉमिक-हिक्किम सड़क में बर्फ के बीच एक पर्यटक वाहन फंस गया है। काजा प्रशासन ने पुलिस टीम भेजी। पुलिस जवानों ने बर्फ को हटाकर पर्यटकों का रेस्क्यू किया। वाहन में सवार पांच पर्यटकों को कॉमिक गांव पहुंचाया है, जहां उन्हें गेस्ट हाउस में ठहराया है। सभी पर्यटक सुरक्षित हैं। एसपी लाहुल-स्पीति मयंक चौधरी ने पुष्टि की है। लोगों व पर्यटकों से बर्फ में यात्रा न करने की सलाह दी है।

## एम्स बिलासपुर में दो बच्चों के हड्डी ट्यूमर की जटिल सर्जरी

**बिलासपुर।** एम्स बिलासपुर में डॉक्टरों ने एक बार फिर अपनी काबिलियत का लोहा मनवाया है। डॉक्टरों की टीम ने 12 और 16 वर्षीय दो बच्चों के हड्डी ट्यूमर की जटिल सर्जरी सफलतापूर्वक की। यह कारनामा अस्पताल के रेडियोलॉजी विभाग के डॉक्टरों ने आरएफए एब्लेशन विधि का उपयोग कर किया। उन्होंने ऑस्टियोइड ऑस्टियोमा बीमारी से पीड़ित बच्चों को दर्दनाक जीवन से निजात दिलाई। इंटरवेंशनल रेडियोलॉजिस्ट डॉ. करमवीर चंदेल ने कहा कि हमारी टीम अब ऑस्टियोइड ऑस्टियोमा से पीड़ित बच्चों का उपचार करने के लिए पूरी तरह तैयार है। हम पहले दो बच्चों का उपचार कर बहुत खुश हैं। विभाग का नेतृत्व कर रहे डॉ. नरवीर सिंह चौहान ने कहा कि ट्यूमर के अधिक सटीक, कम आक्रामक और दर्द रहित उपचार के लिए विभाग में ऑस्टियोइड ओस्टियोमा के एब्लेशन का उपयोग हमारे मिशन का एक आदर्श उदाहरण है। इसके अलावा डॉ. वरुण बंसल, डॉ. लोकेश राणा, डॉ. विजय लक्ष्मी, अभिनव शर्मा और नर्सिंग अधिकारी सुमन तथा ममता भी टीम का हिस्सा थे। साथ ही एनेस्थीसिया विभाग और ऑर्थोपेडिक्स विभाग से भी काफी मदद मिली।

- आरएफए एब्लेशन विधि का किया उपयोग

## सदन में गूंजा करुणामूलक नौकरियों का मुद्दा, सत्ता पक्ष-विपक्ष आमने-सामने

# नियमों की पेचीदगियों को दूर करने के लिए सब कमेटी का गठन : हर्षवर्धन

**अरविंद शर्मा, शिमला**

**एक** दिन के अवकाश बाद विधानसभा का बजट सत्र सोमवार को दोपहर बाद दो बजे से शुरू हुआ। विधासभा सत्र के प्रश्नकाल के दौरान मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के दिल्ली दौरे पर होने के चलते प्रश्नों का जवाब उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने दिया।



प्रश्नकाल में करुणामूलक नौकरियों का मामला सदन में गूंजा। भाजपा सदस्य डॉ. जनकराज और कांग्रेस सदस्य राजेंद्र राणा ने प्रदेश में विभिन्न विभागों में करुणामूलक आधार पर नौकरियों के लंबित मामलों का प्रश्न उठाया। इस पर उद्योग मंत्री हर्षवर्धन ने कहा कि करुणामूलक को रोजगार देने को लेकर सरकार गंभीर है। सरकार सभी पात्र लोगों को रोजगार मुहैया करवाएगी और इस पर कार्य किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि करुणामूलक को नौकरी देने के लिए आड़े आ रहे नियमों की पेचीदगियों को दूर करने के लिए कैबिनेट सब कमेटी का गठन किया गया है और जल्द ही उसकी रिपोर्ट आने वाली है। उन्होंने कहा कि करुणामूलक आधार पर कई विभागों से सूचना लेनी है और इसमें समय लग रहा है। उन्होंने कहा कि जैसे ही सारी सूचना एकत्र होगी। सूचना उपलब्ध करवा दी जाएगी। भाजपा सदस्य डॉ. जनकराज ने जानना चाहा कि करुणामूलक आधार पर रोजगार प्रदान करने को लेकर सूचना कब तक उपलब्ध होगी। (अनंत ज्ञान)

### सरकार की झलकती असंवेदनहीनता : जयराम

**नेता** प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि सरकार की असंवेदनहीनता झलकती है, जो इस प्रश्न का उत्तर नहीं दिया जा रहा। सरकार इसी सत्र में इसका जवाब देगी और कब तक नौकरी कर दी जाएगी। हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि सरकार की कोशिश रहेगी कि इसी सत्र में सारी जानकारी आ जाए। इस जवाब में बहुत से विभाग और बोर्ड जुड़े हुए हैं और उनके जानकारी हासिल करनी है।

## लेह ग्लेशियर में नगरोटा बगवां का जवान शहीद

**नगरोटा बगवां।** नगरोटा बगवां विधानसभा क्षेत्र की लिल्ली पंचायत का जवान शहीद हो गया। 24 वर्षीय हैप्पी चौधरी पुत्र बबलू कुमार पंजाब यूनिट में तैनात था। लेह के ग्लेशियर में देश की सेवा करते हुए जवान ने अपनी जान गंवा दी। बेटे की मौत की खबर मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। जानकारी के अनुसार, जवान ग्लेशियर में गिरकर घायल हो गया था। जवान को उपचार के लिए चंडीगढ़ सेना के अस्पताल में लाया जा रहा था, लेकिन मौसम खराब होने के कारण फ्लाइट नहीं उड़ पाई। दो दिन पहले पंजाब यूनिट के नायब सूबेदार सचिन कुमार ने परिजनों को बेटे के घायल होने की जानकारी दी थी।



जानकारी के अनुसार, पिता बबलू कुमार व माता शमा देवी को बेटे का उपचार चंडीगढ़ सेना के अस्पताल में करवाने की सूचना मिली तो वे चंडीगढ़ चले गए, लेकिन सोमवार को रास्ते में ही बेटे की मौत की खबर मिल गई और दोनों लौट आए। पंचायत की प्रधान सुमन कुमारी ने बताया कि मौसम साफ होने पर पार्थिव देह को लाया जाएगा। शहीद अपने पीछे माता-पिता व 20 साल की बहन को छोड़ गया है।

## बद्दी में केमिकल की गंध से 14 कामगार बेहोश, 10 पीजीआई रेफर

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

**बद्दी** के निक-वीन हेल्थकेयर फार्मा कंपनी में केमिकल जमीन पर गिरने से कई कामगार बेहोश हो गए। केमिकल की गंध इतनी तेज थी कि आसपास काम कर रहे कर्मचारी बेहोश होकर गिरने लगे।

बेहोश 12 महिलाओं और दो युवक कामगारों को तुरंत अस्पताल लाया गया। 10 कामगारों की हालत ज्यादा खराब होने के चलते पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया गया, जबकि चार का इलाज काठा अस्पताल में चल रहा है।

जानकारी के अनुसार, सोमवार दोपहर को कामगार कंपनी में काम कर रहे थे। इस दौरान केमिकल के भरे ड्रम को ले जाते समय अचानक ड्रम जमीन पर गिर गया, जिससे पैकिंग का काम कर रहे 14 कामगार बेहोश हो गए, उनका ऑक्सीजन लेवल काफी नीचे गिर गया। एएसपी बद्दी पुलिस अशोक वर्मा ने बताया कि 10 कामगार पीजीआई चंडीगढ़ व चार



ईएसआई काठा अस्पताल में भर्ती हैं। पुलिस कार्रवाई कर रही है। गौरतलब है कि बद्दी में 20 दिन के भीतर दूसरी बड़ी घटना है।

बीते दो फरवरी को भी बद्दी के झाड़माजरी में एनआर एरोमा उद्योग में भीषण अग्निकांड की घटना हुई थी, जिसमें अब नौ कामगारों की मौत व 30 के करीब कामगार घायल हुए थे। इस कंपनी में भी भारी मात्रा में अवैध रूप से केमिकल स्टोर किया गया था।

**शर्मनाक** फ्रांस का पासपोर्ट बना सबसे ताकतवर, पाकिस्तान का दुनिया का चौथा सबसे कमजोर

# पासपोर्ट रैंकिंग में भारत 85वें स्थान पर लुढ़का

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

**भारत** का पासपोर्ट कमजोर होता नजर आ रहा है। पासपोर्ट रैंकिंग जारी करने वाले ऑर्गेनाइजेशन हेनली एंड पार्टनर्स ने 2024 के लिए पासपोर्ट इंडेक्स जारी किया है। रैंकिंग में भारत पांच पायदा फिसलकर 85वें स्थान पर आ गया है। 2023 में भारत 80वें स्थान पर था। हालांकि, पिछले साल की तुलना में इस साल भारतीय पांच ज्यादा देशों में वीजा फ्री ट्रैवल कर सकते हैं।

2023 में भारत के लोग 57 देशों में बिना वीजा ट्रैवल कर सकते थे, जबकि इस साल यह आंकड़ा बढ़कर 62 हो गया है। इस लिस्ट में सबसे ऊपर फ्रांस है। फ्रांस के पासपोर्ट के जरिए 194 देशों में बिना वीजा के पहुंचा जा सकता है। भारत का पासपोर्ट कमजोर होता नजर आ रहा है।



### सिर्फ 34 देशों में वीजा फ्री ट्रैवल कर सकते पाकिस्तानी

पाकिस्तान के पास दुनिया का चौथा सबसे कमजोर पासपोर्ट है। पाकिस्तान की पासपोर्ट रैंकिंग 106 है। यहां के नागरिक 34 देशों में वीजा फ्री ट्रैवल कर सकते हैं। करीब दो साल से जारी जंग के बावजूद यूक्रेन का पासपोर्ट न सिर्फ भारत, बल्कि रूस के पासपोर्ट से भी ज्यादा पावरफुल है।

### यूएई ने लगाई सबसे ऊंची छलांग

पावरफुल पासपोर्ट के मामले में सबसे ऊंची छलांग यूएई ने लगाई है। इस देश ने 2014 के बाद से अपने वीजा-फ्री स्कोर में 106 देशों को जोड़ा है, जिसके साथ 2024 के फर्स्ट हाफ के लिए यूएई की पासपोर्ट रैंकिंग 12 रही है। वहीं अमेरिका का पासपोर्ट 6वें और ब्रिटेन का तीसरे स्थान पर है। चीन की पासपोर्ट रैंकिंग 64 है।

### सबसे ताकतवर पासपोर्ट

**फ्रांस,** जर्मनी, इटली, जापान, सिंगापुर और स्पेन पासपोर्ट रैंकिंग में नंबर एक पर हैं, जिसके जरिए 194 देशों में बिना वीजा जाया जा सकता है। फिनलैंड, नीदरलैंड्स, दक्षिण कोरिया, स्वीडन दूसरे नंबर पर हैं, जिससे 193 देश में बिना वीजा के एंट्री मिलेगी। 192 देशों में बिना वीजा एंट्री के साथ ऑस्ट्रिया, डेनमार्क, आयरलैंड, लक्समबर्ग और यूके हैं। सबसे खराब रैंकिंग वाले टॉप पांच पासपोर्ट में अफगानिस्तान, सीरिया, इराक, पाकिस्तान और यमन आते हैं।

| देश | रैंक | वीजा फ्री ट्रैवल |
|---|---|---|
| सिंगापुर, जापान, इटली जर्मनी, फ्रांस, स्पेन | 1 | 194 |
| फिनलैंड, साउथ, कोरिया, स्वीडन | 2 | 193 |
| ऑस्ट्रिया, डेनमार्क, आयरलैंड, नीदरलैंड | 3 | 192 |
| ब्रिटेन, बेल्जियम, नॉर्वे, लक्समबर्ग, पुर्तगाल | 4 | 191 |
| ग्रीस, माल्टा, स्विट्जरलैंड | 5 | 190 |
| ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, पोलैंड, चेक रिपब्लिक | 6 | 189 |
| कनाडा, अमेरिका | 7 | 188 |

# चंडीगढ़ मेयर चुनाव : सुप्रीम कोर्ट ने मंगवाए बैलेट पेपर

## सीजेआई ने आरओ मसीह को लगाई फटकार, आज फिर सुनवाई

**एजेंसी, चंडीगढ़**

**चंडीगढ़** नगर निगम के मेयर चुनाव में हॉर्स ट्रेडिंग पर सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने चिंता जताई है। उन्होंने हाई कोर्ट में जमा चुनाव वाले बैलेट पेपर मंगवाए। चुनाव अधिकारी अनिल मसीह को मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में हाजिर रहने को कहा है।



अनिल मसीह से पूछा कि वह बैलेट पेपर पर जो साइन कर रहे थे, वह किस नियमों के तहत कर रहे थे। कैमरे की तरफ क्यों देख रहे थे ? अनिल मसीह ने कहा कि सामने से आम आदमी पार्टी के पार्षदों का हंगामा हो रहा था। वह कैमरा-कैमरा कर रहे थे। इस वजह से उन्होंने कैमरे की तरफ देखा। सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जताते हुए कहा कि मसीह पर केस चलना चाहिए। कोर्ट ने सॉलिसिटर जनरल को भी कहा कि वे इस मामले को देखें। इस मामले में दोबारा चुनाव होंगे या नहीं, उसको लेकर आज फैसला होगा। सुप्रीम कोर्ट ने डीसी को यहां नया चुनाव अधिकारी बनाने को भी कहा। वहीं, चंडीगढ़ में भाजपा के मेयर बने मनोज सोनकर ने रविवार देर रात अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। चंडीगढ़ भाजपा के पूर्व अध्यक्ष अरुण सूद ने मेयर के इस्तीफे की पुष्टि की है।

## संदेशखाली मामले पर एसआईटी गठित करने की याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल के संदेशखाली गांव में रहने वाली महिलाओं के कथित यौन उत्पीड़न के संबंध में जांच और उसकी सुनवाई को पश्चिम बंगाल से बाहर स्थानांतरित करने और केंद्रीय जांच ब्यूरो या विशेष जांच दल (एसआईटी) से जांच करवाने की मांग वाली याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया।


इसके बाद याचिकाकर्ता वकील अलख आलोक श्रीवास्तव ने सुप्रीम कोर्ट से याचिका वापस ले ली। याचिकाकर्ता ने सुप्रीम कोर्ट से अपनी याचिका के साथ कोलकाता हाई कोर्ट का रुख करने की इजाजत मांगी।

# कर्णेश्वर महादेव के रूप में किया श्रृंगार

## 11वें दिन श्रद्धालुओं ने किए बाबा भूतनाथ के दर्शन, करनाल में स्थित है मंदिर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

सोमवार का दिन भगवान शिव को समर्पित होता है बहुत से श्रद्धालु सोमवार को शिव मंदिर जाकर शिवलिंग पर जलाभिषेक करते हैं और भोलेनाथ की पूजा-अर्चना करते हैं। वहीं छोटी काशी मंडी में भी महाशिवरात्रि से पहले बाबा भूतनाथ मंदिर में स्वयंभू शिवलिंग पर माखन रूपी श्रृंगार किया जाता है। तारा रात्रि के पश्चात सोमवार को माखन रूपी श्रृंगार के 11वें दिन कर्णेश्वर महादेव के रूप में उकेरा गया।


कर्णेश्वर महादेव के माखन रूपी श्रृंगार के साथ महंत देवानंद सरस्वती।

यह मंदिर हरियाणा राज्य के करनाल में स्थित है। महंत देवानंद सरस्वती ने बताया कि मान्यता है कि कौरवों द्वारा बनाए गए अनेक मंदिरों में सिर्फ पांच ही मंदिर को प्रमुख माना गया है जिनमें ओंमकारेश्वर में ममलेश्वर, उज्जैन में महांकालेश्वर, नेमावर में सिद्धेश्वर, बिजवाड़ में बिजेश्वर और करनावद में कर्णेश्वर मंदिर हैं। इन पांचों मंदिरों के संबंध में किंवदंति है कि पांडवों ने उक्त पांचों मंदिरों को एक ही रात में पूर्वमुखी से पश्चिम मुखी कर दिया था। पांडवों के अज्ञातवास के दौरान माता कुंती रेत के शिवलिंग बनाकर पूजा किया करती थी तब पांडवों ने पूछा कि आप किसी मंदिर में जाकर क्यों नहीं पूजा करतीं। माता कुंती ने कहा कि यहां जितने भी मंदिर हैं वे सारे कौरवों द्वारा बनाए गए हैं जहां हमें जाने की अनुमति नहीं है। इसलिए रेत के शिवलिंग बनाकर ही पूजा करनी होगी। कुंती माता का उत्तर सुनकर पांडवों को चिंता हुई और फिर उन्होंने योजनाबद्ध तरीके से पांच मंदिर के मुख को बदल दिया। तत्पश्चात पांडवों ने माता कुंती से कहा की अब आप यहां पूजा-अर्चना कर सकती हैं क्योंकि यह मंदिर हमने ही बनाया है। महंत देवानंद सरस्वती ने बताया कि कर्णेश्वर मंदिर की भव्यता देखते ही बनती है। इस मंदिर में स्थित दो गुफाएं हैं वे उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर के अलावा अन्य तीर्थ स्थानों तक अंदर ही अंदर निकलती है। गांव के कुछ लोगों द्वारा इन गुफाओं को बंद कर दिया गया है ताकि यह सुरक्षित रहे।

# इस बार होगी निशानेबाजी और साइकिल प्रतियोगिता

## अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव मंडी की आम सभा में बोले विधायक चंद्रशेखर

**अनिल शर्मा, मंडी**

अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव मंडी की आम सभा की बैठक विधायक धर्मपुर चंद्रशेखर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस मौके पर नगर निगम के महापौर वीरेंद्र भट्ट, जिला परिषद अध्यक्ष पाल वर्मा, सर्व देवता कमेटी के प्रधान शिवपाल शर्मा सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। आम सभा में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। सबसे पहले नगर निगम के महापौर वीरेंद्र भट्ट ने कहा कि नगर निगम मंडी का 16 लाख 68 हजार बकाया अभी बाकी पड़ा है।

इस पर विधायक ने 10 लाख रुपए की राशि जारी करने के निर्देश दिए। उसी दौरान पड़ताल करने पर पता चला कि यह पैंडिंग राशि दो साल पुरानी है, तो विधायक बोल पड़े कि आप पुराना बोझ उठा कर चले हैं। इस पर महापौर बोले कि शहर हमारा है बोझ तो उठाना ही पड़ेगा।

खेलों में इस बार पिछली बार शामिल किए गए तीन खेल बॉक्सिंग, किक बॉक्सिंग और बैडमिंटन के अलावा शूटिंग प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जाएगा। शूटिंग एसोसिएशन ने कहा कि पहले रघुनाथ के पधर में इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता था, लेकिन कुछ सालों से यह बंद पड़ी है। चंद्रशेखर ने कहा कि इस बार खेल स्पर्धाओं में निशानेबाजी और साइकिल प्रतियोगिता भी शामिल की जाएगी। वहीं छिंज भी इस बार पारंपरिक तौर पर शानदार तरीके से आयोजित होगी। इसके अतिरिक्त हाफ मैराथन, बॉक्सिंग, बास्केटबाल और वॉलीबाल समेत अन्य प्रतियोगिताएं होंगी।

कांग्रेस प्रवक्ता आकाश शर्मा ने सवाल उठाते हुए कहा कि पिछली आम सभा में जो तय हुआ था उसकी समीक्षा भी होनी चाहिए। उन्होंने कई मामले उठाते हुए सबके सहयोग के साथ प्रशासन से तालमेल बैठाने की बात भी कही। विधायक ने कहा कि मेले में सबके सहयोग से ही बेहतर किया जा सकता है, इसलिए सभी आगे आएं और प्रशासन का साथ दें। बैठक में पगड़ियों का मुद्दा खूब छाया रहा। विधायक ने कहा कि 100 से 200 पगड़ियां कौन ले जाता है, प्रशासन इस पर विशेष ध्यान दें। इतना बोलते ही सभा में बैठे लोग बोल पड़े कि पगड़ी खरीदने पर उसके लंबाई आदि का विशेष ध्यान रखा जाए। पिछले वर्ष 114 रुपए की एक पगड़ी खरीदी थी, यदि 100 कोई गोल कर जाता है तो 10 हजार रुपए से अधिक का चूना लगा दिया जाता है। ऐसे अगर दस लोग करेंगे तो जिनको पगड़ी मिलनी चाहिए उन्हें मिलती नहीं और गोल करने वाले रफूचक्कर हो जाते हैं। कांग्रेस नेता अनिल सेन ने कहा कि सौ मीटर की कोई भी पगड़ी नहीं होती है, इसलिए इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए कि क्या कितने में खरीदना है। (अनंत ज्ञान)


आम सभा के दौरान मंच पर मौजूद विधायक चंद्रशेखर व अधिकारी।

### विधायक ने दिए एक लाख 51 हजार रुपए

विधायक चंद्रशेखर ने कहा कि पिछली बार सभा में तय किया गया था कि शहर में महत्वपूर्ण स्थानों में लाइट लगाई जाएगी, लेकिन मेले के दौरान अधिकारियों ने कहा कि आपने तो कह दिया, लेकिन बजट नहीं है, तो इस बार बजट की व्यवस्था कर शहर के महत्वपूर्ण स्थानों को सजाया जाए, लाइट की व्यवस्था की जाए। बैठक में यह भी फैसला लिया गया कि देवलुओं के लिए भीमाकाली परिसर में धाम का आयोजन किया जाए। वहीं विधायक चंद्रशेखर ने अपनी ओर से एक लाख 51 हजार रुपए देने का ऐलान करते हुए कहा कि सभी को सहयोग करना चाहिए।

### देव स्थान पर होगी मैटिंग

विधायक ने कहा कि शिवरात्रि मेला देवी-देवताओं का मेला है। उनके आदर सत्कार के समुचित प्रबंध होंगे। इस बार भी मेले में 216 पंजीकृत देवी-देवताओं को न्यौता दिया गया है। पिछली बार इनमें से 193 देवी-देवता मेले में पधारे थे। पड्डल में देवी-देवताओं के बैठने के स्थान पर सुंदर मैटिंग की जाएगी। वहीं देवलुओं के लिए समुचित सुविधाओं का प्रबंध रहेगा।

### पिच को न खोदा जाए

आम सभा में तय किया गया कि अगले वर्ष से महाशिवरात्रि महोत्सव से पहले दिसंबर जनवरी में क्रिकेट प्रतियोगिता करवाई जाएगी। वहीं लोगों के आग्रह पर कहा गया कि बैशाखी से पहले पड्डल मैदान को खिलाड़ियों और आम लोगों के लिए खाली करवा दिया जाएगा। लोगों का कहना था कि क्रिकेट पिच को न खोदा जाए और पहले के तुरंत बाद मैदान को खाली करवा दिया जाए, ताकि दुकानदारों का व्यापार ठीक चलता रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### पलक मिस-सचिन मिस्टर फेयरवेल बने


एसपीएस इंटरनेशनल स्कूल में विदाई समारोह के दौरान मौजूद स्टूडेंट्स।

**सरकाघाट।** एसपीएस इंटरनेशनल स्कूल में विदाई समारोह का आयोजन सोमवार को किया गया। इस दौरान स्कूल के निदेशक सुरेंद्र कुमार राणा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। समारोह के दौरान जमा एक के बच्चों ने जमा दो के विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने रंगारंग सांकृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विदाई समारोह में जमा एक की छात्राओं ने कैटवॉक कर समा बांधा जिन्हें स्कूल प्रबंधन ने सम्मानित किया। विदाई समारोह में मिस फेयरवेल का खिताब पलक ठाकुर के नाम रहा जबकि मिस्टर फेयरवेल सचिन पटियाल बने। मिस पर्सनेलिटी का खिताब वंशिका राणा और मिस्टर पर्सनेलिटी का खिताब अभय ठाकुर के नाम रहा। कार्तिक शर्मा को मिस्टर कूल तथा जिया ठाकुर को मिस कूल के खिताब से नवाजा गया। मुख्य अतिथि और प्रधानाचार्य ने विजेता छात्रों को पुरस्कृत किया। स्कूल के निदेशक प्रेम चंद ठाकुर ने विदाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर, पर स्कूल के प्रधानाचार्य सहित स्कूल के अध्यापक भी मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे पैरा खिलाड़ी

**मंडी।** हिमाचल प्रदेश पैरा फुटबाल संघ से प्रदेश सीनियर पुरुष वर्ग ऐम्प्युटी टीम हरियाणा के चरखी दादरी में 23 से 25 फरवरी तक होने वाली राष्ट्रीय ऐम्प्युटी फुटबाल प्रतियोगिता में भाग लेने जा रही है। हिमाचल प्रदेश पैरा फुटबाल संघ, भारतीय पैरा ऐम्प्युटी फुटबाल महासंघ से मान्यता प्राप्त है और प्रदेश की टीम पहली बार राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने जाएगी। संघ सचिव निखिल चौधरी ने बताया कि पिछले वर्ष ही प्रदेश में पैरा फुटबाल संघ की स्थापना की गई है और जनवरी 2024 में ही प्रदेश संघ को भारतीय पैरा ऐम्प्युटी महासंघ से मान्यता प्राप्त हुई है, प्रदेश में इस खेल को लाने का श्रेय प्रदेश के प्रथम अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग क्रिकेट खिलाड़ी व अंतरराष्ट्रीय कोच संगीत चौहान को जाता है। प्रदेश की पैरा ऐम्प्युटी टीम में गुरविंद्र, रवि, लखवीर, सतिंद्र, परमजीत, हेमंत, पुर्वीत, संगीत, मनीष, दीप कुमार, राजकुमार और अजय का चयन किया गया है।

### अड़ियलपन के कारण लटके रहे काम



**जोगिंद्रनगर।** नगर परिषद जोगिंद्रनगर के विकास कार्यों का जो रास्ता प्रशस्त हुआ है उस का स्वागत है। इन विकास कार्यों का झूठा श्रेय लेने के लिए रविवार को अध्यक्ष प्रेरणा ज्योति ने जो प्रेस कॉन्फ्रेंस की वह बिल्कुल झूठ का पुलिंदा है। जबकि सचाई यह है की अध्यक्ष के अड़ियलपन के कारण ही इतने महीनों से ये कार्य लटके पड़े थे। यह बात ममता कपूर पूर्व अध्यक्ष नगर परिषद व पार्षद नगर परिषद वार्ड नंबर एक ने कही। उन्होंने कहा कि अध्यक्ष के हस्ताक्षर न करने के कारण ही ये टेंडर लटके पड़े थे। कई बार नगर परिषद के अधिकारियों ने इनसे निवेदन किया की टेंडर के स्वीकृति पत्र पर हस्ताक्षर कर दें परंतु उन्होंने अंत तक हस्ताक्षर नहीं किए। बाद में सभी पार्षदों ने हस्ताक्षर किए तब जा कर नगर परिषद के अधिकारियों ने ये टेंडर लगाएं। नगर परिषद अध्यक्ष की कथनी और करनी में बहुत फर्क है। आम जनता सच्चाई जानने के लिए आरटीआई के माध्यम से सूचना प्राप्त कर सकती है। इस प्रकार का अड़ियल पन भविष्य में सहन नहीं किया जाएगा। सभी पार्षद विकास के लिए एकजुट है।

### करसोग में असेस्मेंट कैंप कल से

**करसोग।** एसजेवीएन लिमिटेड द्वारा अपने निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत एसजेवीएन फाउंडेशन के माध्यम से सुन्नी बांध जल विद्युत परियोजना एवं लूहरी जल विद्युत परियोजना के आस पास के क्षेत्र के दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग एवं अन्य सहायक उपकरण प्रदान करने के लिए मैसर्स एलिम्को के माध्यम से असेस्मेंट कैंप का आयोजन किया जाएगा। दिव्यांगजनों का असेस्मेंट करने के बाद उन्हें व्हील चेयर, साइकिल, मोटराइज्ड साइकिल,हियरिंग एंड वॉकिंग स्टीक्स, व बैसाखी आदि उपलब्ध करवाए जाएंगे। करसोग की ग्राम पंचायत परलोग के पंचायत घर में 21 फरवरी, पंचायत घर नांज में 22 फरवरी व पंचायत घर बिंदला में 23 फरवरी को शिविर आयोजित होंगे। शिविर में शामिल होने के लिए दिव्यांगों को यूडीआईडी कार्ड अथवा दिव्यांगता प्रमाण पत्र, वार्षिक आय प्रमाण पत्र और आधार कार्ड साथ लाने होंगे।

### पीएम विश्वकर्मा योजना का महत्व बताया


प्रशिक्षुओं से बात चीत करते आईटीआई मंडी के प्रिंसिपल।

**मंडी।** आईटीआई मंडी में पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत प्रशिक्षण के पहले बैच की शुरूआत सोमवार को की गई। योजना का शुभारंभ तकनीकी शिक्षा विभाग के अतिरिक्त निदेशक अनुपम कुमार ने किया। इस प्रशिक्षण शिविर में जिला के 25 प्रतिभागियों ने रजिस्ट्रेशन की थी, जिनमें से 21 प्रतिभागी पहले दिन उपस्थित हुए। इस दौरान अनुपम कुमार ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ करने के बाद प्रशिक्षुओं के साथ भी संवाद किया। उन्होंने योजना के उद्देश्यों पर जोर दिया और कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने पीएम विश्वकर्मा योजना के महत्व पर प्रकाश डाला और इसे पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों के जीवन को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि इस योजना का उद्देश्य कौशल उन्नयन प्रदान करना, कारीगरों के कौशल को निखारना और उनकी क्षमताओं को बढ़ाने के लिए प्रासंगिक प्रशिक्षण अवसर प्रदान करना है।

# नाचन में सांसद प्रतिभा ने किए विकास कार्यों के शिलान्यास

**अनंत ज्ञान, धनोटू**

सांसद एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने नाचन विधानसभा क्षेत्र में 10 लाख रुपए की लागत से बनने वाले विद्युत विभाग के भवन विद्युत अनुभाग जयदेवी और दो लाख रुपए की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन हरिजन बस्ती भलाणाधार का शिलान्यास किया। उन्होंने माता भद्रकाली मंदिर भराड़ी चांबी में पूजा-अर्चना कर जनसमूह को संबोधित किया। विश्राम गृह कोठेन में लोगों की समस्याएं भी सुनी। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जयदेवी के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की तथा विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धियां हासिल करने वाले बच्चों को पुरस्कार भी बांटे। प्रतिभा सिंह ने महिला मंडल चांबी और कला मंच को फर्नीचर के लिए संभव धनराशि देने तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जयदेवी के विकासात्मक कार्यों के लिए रखी गई विभिन्न मांगों को पूरा करने की घोषणा की। इस अवसर पर अध्यक्ष जिला एससी सैल नरेश चौहान, सचिव प्रदेश कांग्रेस कमेटी चेतराम ठाकुर, सचिव प्रदेश कांग्रेस कमेटी किशोरी वालिया, निदेशक राज्य सहकारी बैंक लाल सिंह कौशल, जिला कार्यकारी अध्यक्ष हिरेंद्र सेन, उपेंद्र ठाकुर, प्रेम लाल गुड्डू, ब्रह्मदास चौहान, अध्यक्ष सेवादल नाचन ब्लॉक लाल मन, अध्यक्ष माता भद्रकाली मंदिर भराड़ी टेक चंद राघवा आदि उपस्थित रहे।

# कोचिंग सेंटरों में होगी यौन उत्पीड़न रोधी कमेटी

## छेड़छाड़ की घटना के बाद जिला प्रशासन व शिक्षा विभाग ने उठाए कड़े कदम

**भगत सिंह गुलेरिया, मंडी**

- राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों को नई जिम्मेदारी
- सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से भी रखी जाएगी नजर

जिला में निजी ट्यूशन व कोचिंग सेंटरों में छात्राओं से अश्लील छेड़छाड़ व यौन उत्पीड़न के मामलों से निपटने के लिए जिला प्रशासन व शिक्षा विभाग ने कमर कस ली हैं। जिलाभर में अब ऐसे केंद्रों में एक कमेटी द्वारा छात्राओं से संभावित अश्लील छेड़छाड़ व यौन उत्पीड़न की घटनाओं से सुरक्षा के लिए कमेटी का गठन किया जाएगा।

यही नहीं सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से भी छात्राओं पर सुरक्षा संबंधी नजर रखी जाएगी। इस संबंध में मामले की गंभीरता को देखते हुए एक सप्ताह के भीतर कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया है। बता दें कि कुछ समय पहले शहर के सैण मोहल्ले में एक निजी ट्यूशन व कोचिंग सेंटर के संचालक द्वारा छात्राओं से कथित रूप में छेड़छाड़ व उत्पीड़न का मामला सामने आया था। जिस पर संज्ञान लेते हुए अतिरिक्त उपायुक्त ने उच्च शिक्षा उपनिदेशक से रिपोर्ट तलब की थी। इसके चलते सोसायटी के विभिन्न पक्षों से जिला भर में चल रहे ट्यूशन व कोचिंग सेंटरों के संचालन के लिए नियम व शर्तों के सुझाव आए।

इसके चलते अब हर सेंटर में एक सैक्सुअल हराशमेंट कमेटी का गठन किया जाना आवश्यक कर दिया गया है। इस कमेटी में नजदीकी राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की महिला प्रधानाचार्य या शिक्षिका स्थानीय निकाय या ग्राम पंचायत या अन्य सामाजिक संगठनों से प्रतिनिधि शामिल होंगे। कमेटी की मासिक बैठक व रिकॉर्ड रखना अनिवार्य किया गया है। वेटिंग प्रवेश स्थल शिक्षण व प्रशिक्षण कक्ष सीसीटीवी कैमरों की नजर में रहेंगे। उच्च शिक्षा विभाग के उपनिदेशक अमरनाथ राणा ने बताया कि प्रधानाचार्यों एवं खंड परियोजना अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में ऐसे सेंटरों की छानबीन कर सूची बनाने व उन्हें यह दिशा निर्देश 25 फरवरी तक हर हालत लागू करने को कहा गया है। उन्होंने कहा कि यदि कोई संस्थान इन निर्देशों का उल्लंघन करता है तो मामला जिला प्रशासन को कानूनी कार्रवाईके लिए भेजा जाएगा। (अनंत ज्ञान)

# अजय मॉडल स्कूल सरौन में विदाई समारोह



**सरकाघाट।** अजय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सरौन में सोमवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें जमा एक के बच्चों ने जमा दो के बच्चों को विदाई दी। समारोह में बेटियां फाउंडेशन के प्रदेश सचिव और इंटक के वरिष्ठ उपप्रधान चंद्रमणि ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने बच्चों से आग्रह किया कि जिंदगी में हमेशा आगे बढ़ने के लिए वे तत्पर रहें। इस मौके पर जमा एक के बच्चों ने जमा दो के बच्चों को प्रति भोज भी करवाया और बच्चों ने डीजे की धुन पर नाच गाना भी किया। वहीं मुख्य अतिथि ने सभी बच्चों तथा स्टाफ को बेटियां फाउंडेशन की ओर से प्रशंसा पत्र भी वितरित किए। समारोह में रुचि को मिस फेयरवेल तथा रुदन को मिस्टर फेयरवेल चुना गया। अंशिका को मिस पर्सनेलिटी और आयुष को मिस्टर पर्सनेलिटी चुना गया, पलक को परफेक्ट स्टूडेंट ऑफ द ईयर चुना गया। स्कूल की प्रधानाचार्य लता पठानिया ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा किअभी तो आपने एक सीढ़ी चढ़ी है ,बहुत सी सिढियां चढ़ना बाकी हैं। इसलिए पूरी लगन के साथ भविष्य में काम करें। स्कूल के अध्यक्ष हाकम चंद पठानिया ने कहा कि वे संस्कार बांन बने तथा अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए सदैव अग्रसर रहें। इस मौके पर कॉर्पोरेट के सदस्य शशि भूषण सहित अध्यापक एवं प्राध्यापक मौजूद रहे।

# नप सरकाघाट को एक साल बाद मिले चार मनोनीत पार्षद


एसडीएम स्वाति डोगरा के साथ मनोनीत पार्षद सामूहिक चित्र में।

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

प्रदेश सरकार द्वारा मनोनित चार पार्षदों को एसडीएम स्वाति डोगरा ने सरकाघाट नगर परिषद कार्यालय के सभागार कक्ष में पद एवं गोपनियता की शपथ दिलाई। नव मनोनित पार्षदों में वार्ड तीन कलस से गन्नीदिन, वार्ड दो रामनगर से मेहर चंद, वार्ड पांच कुनालग से संजय गुप्ता और वार्ड सात वैहड़ डबरोग से संजीव कुमार ने शपथ ली। एसडीएम स्वाति डोगरा ने नव मनोनित पार्षदों को बधाई दी। बता दें कि करीब एक साल से मनोनीत पार्षदों के पद रिक्त चल रहे थे। इन पार्षदों की नियुक्ति से नगर परिषद के हर वार्ड में विकास कार्यों को गति मिलेगी।

# बायोमास ईंधन के खतरों का खुलासा

**मंडी।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मंडी के शोधकर्ताओं ने फ्रांस के इंस्टीट्यूट नेशनल डी रेचेर्चे एट डी सेक्यूरिटे और भारत के राष्ट्रीय भौतिक प्रयोगशाला के सहयोग से पूर्वोत्तर भारत के तीन राज्यों के ग्रामीण रसोईघरों में पारंपरिक ईंधन के उपयोग से खाना पकाने के तरीकों से होने वाले वायु प्रदूषण के हानिकारक प्रभावों पर एक व्यापक अध्ययन किया है। एक शोध दल जिसमें पीएचडी शोधकर्ता विजय शर्मा, स्कूल ऑफ सिविल एंड एनवायर्नमेंटल इंजीनियरिंग के सहायक प्रोफेसर डॉ. सायंतन सरकार और उनके सहयोगियों ने तीन शोध पत्रों की एक श्रृंखला में जलाऊ लकड़ी और मिश्रित बायोमास का उपयोग करके इनडोर खाना पकाने के दौरान उत्पन्न होने वाले हानिकारक उत्सर्जनों की मात्रा और परिणामों का विश्लेषण किया है।

# लोक निर्माण विभाग को टिप्पर समर्पित

## प्रदेश कांग्रेस सचिव जीवन ठाकुर ने की पूजा-अर्चना

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

प्रदेश कांग्रेस सचिव जीवन ठाकुर ने सोमवार को जोगिंद्रनगर लोक निर्माण विभाग मंडल जोगिंद्रनगर को सरकार द्वारा दिए गए टिप्पर की विधिवत रूप से पूजा-अर्चना कर हरी झंडी दिखाकर लोक निर्माण विभाग को समर्पित किया।

इस दौरान उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए जीवन ठाकुर ने कहा कि वह मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हैं कि उनकी कृपा दृष्टि जोगिंद्रनगर विधानसभा क्षेत्र पर बनी हुई है जिसके चलते जोगिंद्रनगर विधानसभा क्षेत्र विकास की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि जोगिंद्रनगर लोक निर्माण विभाग को एक टिप्पर प्रदेश सरकार द्वारा समर्पित किया गया है जिसके लिए वे मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हैं।



टिप्पर को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते प्रदेश कांग्रेस सचिव जीवन ठाकुर।

उन्होंने कहा कि आज लोक निर्माण विभाग जोगिंद्रनगर बेहतरीन कार्य कर रहा है। इसके लिए वे लोक निर्माण विभाग के सभी सहायक और अधिशाषी अभियंताओं को बधाई देते हैं। उन्होंने कहा कि यह हर्ष का विषय है कि आज प्रदेश में आर्थिक तंगी के बावजूद मुख्यमंत्री का आशीर्वाद जोगिंद्रनगर विधानसभा क्षेत्र पर बना हुआ है। उन्होंने कहा कि जोगिंद्रनगर विधानसभा क्षेत्र में विकास की दृष्टि से किसी भी प्रकार की कोई भी कमी आने नहीं दी जाएगी।

**कार्यक्रम** पुलिस थाने में शिव जयंती पर किया गया कार्यक्रम का आयोजन

# जोगिंद्रनगर में शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

पुलिस थाना जोगिंद्रनगर में शिव जयंती के उपलक्ष्य पर शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा परिसर में स्थापित नवनिर्मित मंदिर में सोमवार को हुई। इस दौरान डीएसपी पधर दिनेश कुमार और हिमाचल के सुप्रसिद्ध हस्तरेखा विशेषज्ञ डॉ. लेख राज शर्मा ने मंत्रोच्चारण के साथ शीश नवाया। सोमवार सुबह दस बजे खराब मौसम के बीच भगवान शिव, पार्वती की मूर्ति की स्थापना हवन यज्ञ के साथ की गई। इस दौरान जोगिंद्रनगर शहर के सैकड़ों लोगों ने अपनी हाजिरी दर्ज करवाकर उपमंडल की सुख समृद्धि का आशीर्वाद लिया। पुलिस थाना जोगिंद्रनगर के प्रभारी निर्मल सिंह के अथक प्रयास और दानी सज्जनों के सहयोग से मंदिर का निर्माण हुआ है। जहां पर पहले सोमवार को महिलाओं ने भजन-कीर्तन भी किया। थाना परिसर में आयोजित इस धार्मिक समारोह को सफल बनाने के लिए पुलिस थाना जोगिंद्रनगर के सभी जवानों के साथ पुलिस चौकी चौतड़ा, बस्सी और लडभड़ोल के पुलिस कर्मियों के इस प्रयास की सराहना डीएसपी पधर दिनेश कुमार ने भी की। स्थानीय थाने में शिव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा पर रखे गए भंडारे में करीब एक हजार शिव भक्तों ने प्रसाद भी ग्रहण किया। थाना प्रभारी निर्मल सिंह ने बताया कि शिवरात्रि पर भव्य कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। सोमवार को शिव मंदिर में मूर्ति स्थापना के बाद महाआरती भी उतारी गई। इस मौके पर पुलिस थाना जोगिंद्रनगर के मुंशी विजेंद्र कुमार, एएसआई अमर सिंह, अमरनाथ जोशी मौजूद रहे।


पुलिस थाना जोगिंद्रनगर में शिव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा पर पहुंचे डीएसपी पधर दिनेश कुमार, हस्तरेखा विशेषज्ञ डॉ. लेखराज शर्मा के साथ पुलिस थाना जोगिंद्रनगर के प्रभारी निर्मल सिंह व पुलिस कर्मी।

# कमलाह अवैध कटान को लेकर एफआईआर दर्ज

**सरकाघाट।** गत दिन कमलाह गढ़ में वन विभाग की भूमि पर अवैध पेड़ कटान हुआ है और अब मामले को लेकर प्रधानों सहित जिला परिषद सदस्य वंदना गुलेरिया पुलिस थाना धर्मपुर पहुंची और उन्होंने इसके खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई। उन्होंने पुलिस को दिए शिकायत पत्र में लिखा है कि पुलिस उस व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई करे जिन्होंने पेड़ कटान करवाया है। उन्होंने कहा कि वन विभाग ने ऐसे व्यक्ति के नाम डेमैज रिर्पोट काट दी जो व्यक्ति वहां था ही नहीं। उन्होंने बताया कि इस मामले को माननीय उच्च न्यायलय में भी ले जाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इतने पेड़ों को काट दिया गया लेकिन वन विभाग ने इस पर कार्रवाई क्यों नहीं की। उन्होंने कहा कि इसकी शिकायत उन्होंने पहले एसडीएम धर्मपुर को भी की है। उन्होंने एसडीएम धर्मपुर से भी मांग की है कि इसकी जांच करवाई जाए। उन्होंने बताया कि वन विभाग ने आनन फानन में रविवार शाम को एक डेमैज रिपोर्ट काटी है जिसमें 36000 की यह डैमेज रिपोर्ट है। उन्होंने कहा कि उन्हें पूरी उम्मीद है कि पुलिस इस मामले में गंभीरता से जांच करके दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करेगी। इस मौके पर उनके साथ सज्याओपिपलू पंचायत की प्रधान सरिता ठाकुर, पिपली भ्राड़ी की प्रधान अंजू शर्मा, ध्वाली पंचायत के प्रधान बलदेव व भूर पंचायत प्रधान विपन कुमार भी मौजूद रहे। उधर डीएसपी संजीव गौतम ने कहा कि जिला पार्षद वंदना गुलेरिया द्वारा शिकायत दी गई है मामले को लेकर वन विभाग से तमाम रिपोर्ट मांगी गई है उसके बाद ही एफआईआर की जाएगी।

## बर्थडे और सालगिरह के फोटो भेजें

**बर्थडे** हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 8580644502 पर भेजें।


## सालगिरह मुबारक



नगरोटा बगवां के धनी राम व परवेश देवी को शादी की 48वीं सालगिरह पर अनंत ज्ञान परिवार की ओर से बधाई।

# आम आदमी तो दूर, मंत्रियों की बातों को भी अनदेखा कर रहे सीएम : जयराम

## नेता प्रतिपक्ष ने सीएम पर साधे सियासी तीर, बोले- बेरोजगारी और कर्मचारी कल्याण की बजट में अनदेखी

**अनंत ज्ञान, शिमला**



नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रदेश सरकार के बजट को लेकर मुख्यमंत्री पर कई सियासी तीर छोड़ते हुए पुराना बजट पढ़ने के आरोप लगाए हैं। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि सराकर को जब पुराना बजट ही पढ़ना था तो इस बजट सत्र की आवश्यकता ही क्या थी।

बजट में उम्मीद थी कि सरकार अपनी गारंटियों पर भी विचार करेगी। पूर्व बजट में घोषित नौकरियों की बात करेगी, लेकिन इनका जिक्र तक नहीं आया। उन्होंने कहा कि 22 लाख 40 हजार से ज्यादा महिलाएं आज तक अपनी 1500 रुपए का हक मांग रही हैं। इस बजट में आम आदमी की उम्मीदों को तो छोड़ दीजिए सरकार में मंत्री रहे बड़े-बड़े नेताओं की मांगों और सुझावों को भी अनदेखा किया गया।

सड़कों के निर्माण और रख रखाव का भी ध्यान नहीं रखा गया। सरकार ने दस विजन की बात की है, लेकिन उसके लिए बजट और प्लान का जिक्र तक नहीं है। सरकार को इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि बजट सरकार की साख होती है जुबानी जमा खर्च नहीं। उन्होंने कहा कि इस समय प्रदेश में विकास के जो भी कार्य चल रहे हैं, वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के कारण ही हैं।

### हर जगह घटाया विकास पर होने वाला खर्च

**जयराम** ठाकुर ने कहा कि सरकार के बजट की बात करें तो विकास के मुख्य निर्माण कार्य, निवेश एवं सहायता अनुदान (कैपिटल एसेट) के मदों के अंतर्गत खर्च वित्तीय वर्ष 2022-23 के 5310 करोड़ से घटाकर 2023-24 में 4726 करोड़ कर दिया। इसी प्रकार निवेश में खर्च 423 से कम करके 228 करोड़ कर दिया। ग्रांट इन ऐड फॉर कैपिटल एसेट्स अंतर्गत होने वाले व्यय 1376 करोड़ से कम करके 779 करोड़ ही रह गया है। मैटीरियल सप्लाई में होने वाले खर्च को 466 करोड़ से कम करके 428 करोड़ और मशीनरी और इक्विपमेंट में मद में होने वाले 216 करोड़ के बजट को मात्र 90 करोड़ ही रह गए हैं। सुक्खू सरकार ने 2023-24 में 5506 करोड़ और वित्तीय वर्ष 2024-25 में 5507 करोड़ रुपए ही लोन रीपेमेंट के लिए रखे हैं। हमने 10640 करोड़ रुपए का बजट लोन रीपेमेंट लिए राख था।


### एक्साइज पॉलिसी के नाम पर भी बोला झूठ

**नेता** प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि सरकार ने नई शराब पॉलिसी लाई और 40 परसेंट के लाभ की बात की गई थी। अब तो आंकड़े भी आ गए हैं। सरकार के आंकड़ों से यह साफ हो गया है कि सरकार ने झूठ बोला और एक्साइज को लाभ के बजाय नुकसान पहुंचाया।

### ठेकेदारों के बिलों का नहीं किया भुगतान

**पूर्व** मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कहा कि इस सरकार के आने के बाद से ठेकेदारों के बिलों का भुगतान तक नहीं किया गया। लोन की किश्ते न चुकाने के कारण कई ठेकेदारों की मशीनें तक नीलाम हो गई। सरकार में बैठे लोग ठेकेदारों से कमीशन मांग रहे हैं। कांग्रेस नेता ठेकेदारों को कांग्रेस में आने और कमीशन देकर पेमेंट निकलवाने के लिए उल्लहना दे रहे हैं। उन्होंने सरकार से पूछा है कि क्या कमीशन दो और पेमेंट लो ही व्यवस्था परिवर्तन है।

## मुख्यमंत्री ने नेता प्रतिपक्ष के दावों का किया खंडन



**शिमला।** बजट चर्चा में भाग लेते प्रतिपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कहा कि सरकार एक तरफ तो पैसों की कमी के राग अलाप रही है, वहीं दूसरी ओर इस बजट को जनकल्याण हित बता रही है। जयराम ठाकुर ने इस दौरान बजट कार्यान्वयन और राजस्व सृजन नीतियों में कथित विफलताओं के लिए प्रशासन की आलोचना की। उन्होंने संसाधन जुटाने के दावों के बावजूद हेली टैक्सी सेवा बंद करने और पूंजीगत व्यय में कमी पर प्रकाश डाला। उन्होंने शराब और बीयर कोटा में विसंगतियों के बारे में चिंता जताई, ठेकेदारों द्वारा अनुपालन न करने और सरकार द्वारा बिलों का भुगतान न करने का आरोप लगाया। इसके अलावा बेरोजगारी, कर्मचारी कल्याण और कृषि जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों की अनदेखी के लिए बजट की आलोचना की। उन्होंने भर्ती परीक्षा परिणामों में देरी की ओर इशारा किया। मुख्यमंत्री ने दावों का खंडन किया और सबूत मांगे। मुख्यमंत्री ने ठोस साक्ष्य की आवश्यकता पर बल देते हुए औपचारिक शिकायत मिलने पर कार्रवाई का आश्वासन दिया।



विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया और सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू किसी बात को लेकर आपस में चर्चा करते हुए।

## आवास बनाने के लिए जमीन उपलब्ध करवाएगी सरकार

**भाजपा** सदस्य दिलीप ठाकुर ने आपाता प्रभावित और भूमिहीन लोगों को आवास प्रदान करने का मामला उठाया। इस सवाल के जबाव में राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा कि जहां पर एफसीए से बाहर की जमीन है, वहीं पर प्रभावित और भूमिहीन लोगों को आवास बनाने के लिए शहरी इलाकों में दो बिस्वा और ग्रामीण इलाकों में तीन बिस्वा भूमि उपलब्ध करवाई जाती है। उन्होंने कहा कि वन भूमि को हासिल करने के लिए एफसीए की इजाजत लेनी पड़ती है। इसके लिए सरकार कोशिश कर रही है, ताकि लोगों को राहत मिल सके। जगत सिंह नेगी ने विधायक को सलाह दी कि सरकाघाट में प्रभावितों के आवास बनाने के लिए एफआरए के तहत जमीन प्राप्त करने के लिए प्रयास करें । राजस्व मंत्री ने यह भी कहा कि ऐसे मामलों में सरकार डिजास्टर मैनेजमेंट एक्ट के तहत पुनर्वास के लिए क्या किया जा सकता है, उसका अध्ययन कर रही है । कांग्रेस सदस्य राजेंद्र राणा के सवाल पर शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि सुजानपुर विधानसभा हलके में सुजानपुर टीहरा कालेज में दो पीजी कोर्स की मुख्यमंत्री ने घोषणा की थी। उन्होंने कहा कि इस कालेज में पीजी कोर्स शुरू करने के लिए विभाग को सारी औपचारिकताएं पूरा करने को कहा है और विभाग इस कालेज में जुलाई माह से पीजी कोर्स शुरू हो जाएंगे।

## विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने ली सलामी

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने सोमवार को विधानसभा सत्र शुरू होने से पहले हिमाचल प्रदेश विधानसभा सचिवालय पहुंचने पर गेट नंबर एक पर सलामी ली। इसके बाद शिमला में विधानसभा अध्यक्ष ने दो बजे से सदन की कार्यवाही का संचालन किया। उन्होंने सदन में उपस्थित सभी विधानसभा सदस्यों को बजट पर चर्चा के लिए आमंत्रित किया। चर्चा में भाग ले रहे सभी सदस्यों को उन्होंने कार्रवाई के दौरान शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात रखने और सभी प्रश्नों का जवाब देने के लिए संबंधित मंत्रियों से आग्रह किया। सोमवार को विधानसभा की कार्यवाही सुचारू रूप से चलाने के लिए उन्होंने विपक्ष के नेताओं को व सभी सदस्यों का ध्यान अपनी और आकर्षित किया।

## लूहरी परियोजना के प्रभावितों की सुनवाई न होने से विधायक नाराज

**लूहरी** परियोजना के प्रभावितों की सुनवाई न होने से प्रभावित हलकों के विधायक नाराज दिखे। सदन में प्रश्नकाल के दौरान भाजपा सदस्य लाकेंद्र कुमार ने यह मामला उठाया और कहा कि डीसी भी उनकी समस्याओं का समाधान नहीं कर रहे हैं और प्रभावित पंचायतों को मिलने वाली राहत राशि में भी एक विशेष विचारधारा को ही प्राथमिकता दी जा रही है। इसके जवाब में उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि लूहरी पनबिजली परियोजना के चरण एक में निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत प्रभावित स्थानीय पंचायतों एवं क्षेत्रों में अभी तक 331 लाख रुपए की धनराशि विभिन्न लोक कल्याण तथा विकास कार्यों के लिए व्यय की जा चुकी है। विधायक दीपराज ने कहा कि लूहरी तीन में प्रभावित पंचायतों में गिरे रास्ते अभी तक नहीं बने हैं। वहीं, विधायक नंद लाल ने कहा कि प्रभावितों को कंपनी में नौकरी मिलनी चाहिए। इस पर उद्योग मंत्री ने कहा कि विधायकों की जो भी शिकायतें और नाराजगी हैं। उसे संबंधित डीसी के समक्ष रखें। सरकार सभी डीसी को निर्देश देगी कि वे विधायकों की शिकायतों का समयबद्ध निपटारा करे।

## दूध गंगा योजना पर खर्च होगा मिल्क सेस

**उद्योग** मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने केवल सिंह पठानिया द्वारा उठाए गए सवाल का जवाब देते हुए कहा कि मिल्क सेस से एकत्रित की गई



राखी दुध गंगा योजना पर खर्च की जाएगी। केवल सिंह पठानिया और भाजपा सदस्य रणधीर शर्मा के सवाल के जवाब में उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने बताया कि वर्तमान सरकार ने शराब की प्रति बोतल पर दस रुपए मिल्क सेस लगाया है। इसके माध्यम से 90 करोड़ 77 लाख 99 हजार 232 रुपए की धनराशि एकत्रित हुई है और इस वित्तीय वर्ष के अंत तक यह आंकड़ा 100 करोड़ हो जाएगा। मिल्क सेस से एकत्रित धन राशि को दुग्ध उत्पादकों की आय बढ़ाने पर खर्च किया जाएगा। इसके साथ ही दूग्ध क्षेत्र के आधारभूत ढांचे को मजबूत करने और किसानों की बेहतरी के लिए प्रयुक्त किया जाएगा। वर्तमान सरकार ने शराब के ठेकों की नीलामी का निर्णय लिया है और इससे सरकार का राजस्व 40 फीसदी बढ़ा है। शराब ठेकों की नीलामी से 1815 करोड़ रुपए सरकार को प्राप्त हुए हैं। वित्तीय वर्ष 2023-24 में सरकार द्वारा आबकारी अधिनियम के तहत 2350 करोड़ का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इनमें से 31 जनवरी 2014 तक 2187 करोड़ का राजस्व विभाग द्वारा एकत्रित किया गया है। आबकारी व कराधान कर से पहली अप्रैल 2023 से 21 जनवरी 2024 तक 8533 करोड़ 17 लाख रुपए प्राप्त हुए हैं।

## चिकित्सकों को उनकी इंटर्नशिप के दौरान दिया जाता है दस हजार रुपए का वजीफा

**सतपाल** सिंह सत्ती के सवाल के जवाब में आयुष मंत्री यादविंद्र गोमा ने बताया कि सरकारी आयुर्वेदिक महाविद्यालयों में नीट के माध्यम से चयनित प्रशिक्षु आयुर्वेदिक चिकित्सकों को उनकी इंटर्नशिप के दौरान दस हजार वजीफा प्रदान किया जाता है, लेकिन निजी विश्वविद्यालयों में यह वजीफा नहीं मिलता। निजी विश्वविद्यालय अपने स्तर पर वजीफा दे सकते हैं। इसके लिए केंद्र सरकार मापदंड तय करता है और यह मापदंड सरकारी कॉलेजों पर ही लागू होते हैं। उन्होंने आश्वस्त किया कि यह मामला केंद्र सरकार के संबंधित विभाग से उठाया जाएगा। विपिन परमार के अनुपूरक सवाल के जवाब में आयुष मंत्री ने कहा कि पपरोला आयुर्वेद कॉलेज को अखिल भारतीय आर्युवेदिक संस्थान बनाने के लिए पूर्व सरकार के कार्यकाल में प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा गया था, जिस पर कुछ आपतियां लगी हैं। वर्तमान सरकार ने इन आपतियों को पूरा कर केंद्र सरकार को प्रेषित किया है, केंद्र सरकार की ओर से कोई जवाब नहीं आया है। पूर्व सरकार ने दूरदराज के इलाकों में रिक्त पड़े पदों को भरने की अधिसूचना जारी की थी, लेकिन वर्तमान सरकार दूरदराज के अलावा अन्य सभी जिलों में भी रिक्त पदों को भरेगी।

# सरकार समाज के जरूरतमंद व वंचित वर्गों के कल्याण के लिए प्रतिबद्धः सुक्खू

## सीएम ने की एकल नारी संगठन के राज्य स्तरीय समारोह की अध्यक्षता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सोमवार को एकल नारी संगठन के राज्य स्तरीय समारोह की अध्यक्षता की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार समाज के जरूरतमंद व वंचित वर्गों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के अंतर्गत अगले वित्तीय वर्ष में 70 करोड़ रुपए अतिरिक्त व्यय करते हुए 40 हजार नए लाभार्थी जोड़े जाएंगे।

उन्होंने कहा कि इस योजना के लिए लगभग 1260 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं, जिससे वृद्ध, विधवा, एकल नारी, दिव्यांगजन और कुष्ठ रोगी सहित लगभग सात लाख 84 हजार लाभार्थी लाभान्वित होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने एक लाख रुपए से कम वार्षिक आय वाली विधवा महिलाओं के 27 वर्ष आयु तक के बच्चों को उच्च शिक्षा में सहायता प्रदान करने के दृष्टिगत मुख्यमंत्री सुख-शिक्षा योजना शुरू की है। इसके अतिरिक्त पात्र बच्चों को एक हजार रुपए प्रतिमाह उनके आवर्ती जमा खातों में 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने तक जमा किए जाएंगे। राज्य सरकार पात्र महिलाओं को वार्षिक स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम के अंतर्गत लाते हुए इस पर लगभग 41 करोड़ रुपए की अतिरिक्त राशि व्यय करेगी। इसके अतिरिक्त जिन पात्र दिव्यांग बच्चों के पास रहने की कोई सुविधा नहीं है, उन्हें किराए पर आवास के लिए वित्तीय मदद भी प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर विधायक हरीश जनारथा, उपायुक्त अनुपम कश्यप सहित एकल नारी संगठन के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

# हिमाचल में भाजपा नहीं कॉंफिडेंट, गुजरात में सेफ गेम खेलेगी पार्टी

## प्रदेश से इसीलिए नड्डा को नहीं लड़ाया चुनाव, दोस्तों के सहारे राज्यसभा जीत की राह देख रही पार्टी

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

हिमाचल में 40 कांग्रेस के विधायक | 25 भाजपा के विधायक | 3 निर्दलीय

प्रदेश की एकमात्र राज्यसभा सीट को लेकर भाजपा के विधायकों की कम संख्या को देखते हुए यह सीट कांग्रेस के खाते में जाना लगभग तय माना जा रहा है। भले ही भाजपा ने अपना दांव खेलते हुए यहां कांग्रेस से छिटके पूर्व मंत्री, चंबा सदर के तीन बार विधायक रह चुके तथा वर्तमान में कोर कमेटी के सदस्य हर्ष महाजन को राज्यसभा प्रत्याशी उतारा है, लेकिन इसका गुमान भाजपा को भी है कि संख्याबल में कांग्रेस के आगे टिक पाना भाजपा के लिए मुमकिन नहीं होगा।



यही कारण है कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा हिमाचल के भाजपा नेता जगत प्रकाश नड्डा को पार्टी ने बीजेपी शासित राज्य गुजरात से राज्यसभा प्रत्याशी के रूप में उतारा है। पार्टी ने हिमाचल प्रदेश में नजर आ रहे हार के खतरे को देखते हुए गुजरात की 182 सीटों में से 156 सीटों पर भाजपा के विधायकों के मजबूत समीकरणों के चलते यहां भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष को प्रत्याशी बनाया है, ताकि हिमाचल में राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा दिग्गज नेता के हारने के चलते पार्टी की किरकिरी न हो। हिमाचल के संदर्भ में खास बात यह है कि यहां 40 कांग्रेस विधायकों, तीन निर्दलीय तथा मात्र 25 भाजपा विधायकों के होने के कारण यहां कभी कांग्रेस के दिवंगत मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह के खासमखास तथा रणनीतिकार हर्ष महाजन को कांग्रेस के नाराज खेमे में सेंध की मंशा से भाजपा ने उतारा है, लेकिन भाजपा के विधायकों की कम संख्या को देखते हुए हर्ष महाजन को चुना जाना दूर की कोड़ी नजर आता है।

हालांकि बावजूद इसके भाजपा यहां जीत के दावे कर रही है। (अनंत ज्ञान)

### राष्ट्रीय अध्यक्ष कहीं से भी लड़ सकते हैं चुनाव : बिंदल



**इस** बारे में जब भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष डॉक्टर राजीव बिंदल से बात की गई तो उन्होंने कहा कि यह लोकतंत्र है तथा कोई भी कहीं से भी राज्यसभा का चुनाव लड़ सकता है। यह पूछे जाने पर कि हिमाचल प्रदेश, राष्ट्रीय अध्यक्ष का घर है तो बिंदल ने कहा कि चूंकि जगत प्रकाश नड्डा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं, तो ऐसे में वह कहीं से भी चुनाव लड़ सकते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### अर्की में तेंदुए ने मारीं 50 बकरियां



तेंदुए द्वारा मारी गई बकरियों को देखते ग्रामीण।

**अर्की।** सेवड़ा चंडी पंचायत के रूडाल गांव में तेंदुए ने गोशाला में हमला कर 50 बकरियों को मार डाला। रुडाल गांव के देवी राम ठाकुर की गोशाला में शनिवार रात को तेंदुए ने घुसकर 50 के करीब बकरियों को मार डाला। मौके पर दाड़लाघाट पशुपालन विभाग से डॉक्टर मानवी चौधरी, सेवड़ा चंडी के वेटरनरी फार्मासिस्ट नितीश भार्गव व वन्यप्राणी अभ्यारण से सरबजीत सिंह मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि गोशाला के साथ वाले कमरे में केवल आठ छोटे बच्चे ही जीवित बचे। बकरियों के मालिक ने वन्य अभ्यारण प्राणी एवं पशुपालन विभाग के डाक्टर को सूचित करके इन बकरियों का पोस्टमार्टम करवाया। स्थानीय निवासी रोशन ठाकुर ने बताया कि गांव रुडाल का एक छोटा सा हिस्सा वाइल्ड लाइफ रिजर्व सेंचुरी के मध्य में है। स्थानीय जनता काफी लंबे समय से इस हिस्से को रिजर्व सेंचुरी से बाहर करने की मांग सरकार से कर रही है, ताकि इस गांव को सड़क सुविधा से जोड़ा जा सके। स्थानीय निवासियों पूर्ण चंद्र, लेखराम, नेहरू, गोपाल ठाकुर, पुरुषोत्तम टेकचंद, हाजरू राम, चंदू राम ने सरकार व प्रशासन से मांग की है कि प्रभावित को नुकसान का उचित मुआवजा दिया जाए।

### सड़क हादसे में एक की मौत, तीन घायल

**ठियोग।** उपमंडल ठियोग के साथ लगती मतियाना गड़ाकुफर सड़क पर हुए हादसे में तीन लोग घायल हुए हैं, जबकि एक व्यक्ति की मौत हुई है।





जानकारी के अनुसार गाड़ी नंबर (एचपी 95 1756) मतियाना से गड़ाकुफर सड़क पर जाते हुए बाबा की कुटिया नाम जगह पर हादसे का शिकार हो गई। इस हादसे में सौरभ शर्मा (32) पुत्र मेघराम, संतोष शर्मा (52) पुत्र भाग्यानंद शर्मा, सुनील शर्मा (55) पुत्र ओम प्रकाश शर्मा गांव पौची डाकघर गलानी तह कुमारसैन शिमला बुरी तरह से घायल हुए हैं, जबकि हादसे में सुंदरलाल शर्मा (70) पुत्र स्वर्गीय केवल राम शर्मा की मौत हो गई है। हादसा शाम पौने छह बजे के करीब हुआ है, घायलों को इलाज के लिए सिविल अस्पताल ठियोग लाया गया। डीएसपी ठियोग सिद्धार्थ शर्मा ने मामले की पुष्टि की है।

## हिमाचल में बायो सीएनजी और बायो फर्टिलाइजर के नालागढ़, ऊना और हमीरपुर में लगेंगे तीन प्लांट

# थाइलैंड से आयात होगी हाइब्रिड 'सुपर नेपियर' ग्रास

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

सूबे में बायो सीएनजी और बायो फर्टिलाइजर के तीन अलग-अलग प्लांट स्थापित करने की कवायद शुरू हो गई है। यह प्लांट नालागढ़, ऊना और हमीरपुर में स्थापित होंगे, जिसमें थाइलैंड से आयात होने वाली हाइब्रिड सुपर नेपियर ग्रास इस्तेमाल होगी। हरित ऊर्जा राज्य बनाने के मकसद से मिनिस्ट्री ऑफ कॉरपोरेट अफेयर्स ने इसकी स्वीकृति दे दी है। हिमाचल में यह प्लांट अगले साल मार्च तक व्यवहारिक रूप में काम करना शुरू कर देंगे।

तकरीबन दस एकड़ भूमि में इंस्टॉल होने वाले इन प्लांट्स पर तकरीबन 52 करोड़ रुपए खर्च बताया जा रहा है। हालांकि यह अनुमानित है और जब तक यह स्थापित होंगे यह राशि और ज्यादा बढ़ सकती है। इस प्लांट के स्थापित होने से इलाके के उन किसानों-बागवानों को भी फायदा होगा,



जिन्होंने किन्ही कारणों से अपनी भूमि को जोतना बंद कर दिया है। इस भूमि पर इस नेपियर ग्रास के पौधे झुंड में लगाए जाएंगे। यह गन्ने की खेती के आकार के पौधे होंगे, जिससे सीएनजी और फर्टिलाइजर पैदा होगी। पेट्रोल-डीजल के आयात से भी इन प्लांट के लगने से फायदा होगा। प्लांट अहम भूमिका निभाएंगे, क्योंकि बढ़ते प्रदूषण पर भी यह तकरीबन 50 प्रतिशत तक पकड़ बनाएंगे। देशभर में इस तरह के 28000 प्लांट्स लगाए जाने की अनुमति मिली है। इनमें हिमाचल के हिस्से में केवल तीन ही आए हैं। इन प्लांट्स में किसानों को कच्चा माल सप्लाई करने के लिए बड़े स्तर पर जोड़ने का भी काम शुरू हो गया है किसानों को सुपर नेपियर नमक इस ग्रास के पौधे फ्री में दिए जाएंगे। जब यह प्रोडक्शन देना शुरू करेंगे, तो इसकी सारी पैदावार को प्लांट को चलाने वाले मार्केट रेट पर खरीदेंगे। किसान केवल उत्पादन करेंगे कटाई और ढुलाई कंपनी खुद करेंगी। घास की कीमत मौजूदा मार्केट रेट के हिसाब से सौ रुपए प्रति क्विंटल बताई जा रही है। कंपनी सीएनजी तैयार करने के बाद बचे कच्चे माल से बायो फर्टिलाइजर तैयार करेगी, जो यूरिया जैसी खादों को बंद करने में कारगर होगी। (अनंत ज्ञान)

### किसानों का होगा पंजीकरण

**भोटा** में लगने वाले इस प्लांट के लिए बाबा बालक नाथ फार्मर्स प्रोड्यूसर्ज कंपनी बनाकर किसानों को जोड़ा जा रहा है। किसान इन कलमों को अपनी भूमि में दबाएंगे और फिर इससे पैदा होने वाली ग्रास को कंपनी को देंगे। गन्ने, ज्वर एवं बाजरा के मिश्रण से तैयार की गई नई हाइब्रिड ग्रास तैयार हुई है। बरसात में लगाने के बाद तीन माह के भीतर इसे काटकर प्रयोग में लाया जाएगा। वही किसान इसमें शिरकत करेंगे जिन्होंने कंपनी के साथ पंजीकरण करवाया होगा। बाद में कंपनी पंप एवं डिपो भी खोलेगी, जिसमें पंजीकरण वाले किसानों को यह उत्पाद खरीदने पर दस फीसदी की छूट देगी। कंपनी के निदेशक सतीश कुमार ने बताया कि किसानों को जोड़ने का काम शुरू कर दिया गया है।

## बजट में डिपो संचालकों की अनदेखी से डिपो संचालक निराश : अशोक कवि

**मंडी।** प्रदेश सरकार के बजट में डिपो संचालकों की दयनीय आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए कोई भी कदम न



उठाने से प्रदेश के सभी डिपो संचालकों में रोष है। प्रदेश डिपो संचालक समिति के प्रदेश अध्यक्ष अशोक कवि ने कहा कि विधानसभा चुनावों से पूर्व प्रदेश डिपो संचालक समिति ने प्रदेश कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेताओं को अपनी स्थिति से अवगत करवाकर प्रदेश के निजी डिपो धारकों व सहकारी सभाओं के विक्रेताओं को प्रति माह 20 हजार मासिक वेतन व वन टाइम लाइसेंस की व्यवस्था करने की मांग रखकर कांग्रेस पार्टी के चुनावी घोषणा पत्र में डालने का आग्रह किया था। आलाकमान से विचार करने बाद कांग्रेस पार्टी ने चुनावी घोषणा पत्र में इसे शामिल किया था। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बने करीब डेढ़ वर्ष बीत गया और प्रदेश सरकार ने अपना दूसरा बजट भी पेश कर दिया, लेकिन प्रदेश के डिपो धारकों का जिक्र तक न करना प्रदेश के डिपो संचालकों के साथ अन्याय है।

## नालागढ़ में मंदिर का ताला तोड़ा दानपात्र में रखा पैसा किया चोरी

**बीबीएन।** नालागढ़ में भगवान के घर भी अब सुरक्षित नहीं हैं। नालागढ़ के वार्ड-दो में स्थित रखराम सिंह कॉलोनी में एक मंदिर में चोरी का मामला सामने आया। पुलिस ने मंदिर के सेवक की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। जानकारी अनुसार रविवार देर रात 12 बजे चोर रखराम सिंह कॉलोनी में स्थित शिव मंदिर में लगे ताले को तोड़कर प्रवेश हुए और मंदिर के अंदर घुसकर दानपात्र को तोड़ने की कोशिश की गई। यह पूरी घटना मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। चोर दानपात्र को तोड़ कैश लेकर मौके से फरार हो गया। मंदिर के सेवक मनीश कुमार ने बताया कि रात के समय में वह मंदिर में सफाई व माथा टेकने के बाद अपने घर चला गया था। उन्होंने बताया कि पुलिस स्टेशन नालागढ़ में शिकायत दी है।



सीसीटीवी में कैद चोर।

**व्यवस्था** | रोजाना 600 से अधिक बसों में भरा जाएगा ईंधन, शिमला शहर में दो पंपों पर इंचार्ज तैनात

# एचआरटीसी बसों में निजी पेट्रोल पंपों से भरवाया जाएगा डीजल

**जय ठाकुर, शिमला**

हिमाचल पथ परिवहन निगम की 600 से अधिक बसों में रोजाना निजी पेट्रोल पंपों में तेल भरवाया जाएगा। राजधानी शिमला शहर के दो प्राइवेट पेट्रोल पंपों पर निगम की बसों डीजल भरवाया जा रहा है।


निगम के टूटीकंडी बाइपास पर बने पेट्रोल पंप के अस्थायी रूप से बंद हो जाने के चलते निजी पेट्रोल पंपों पर अब डीजल भरवाया जा रहा है। इसके लिए निगम प्रबंधन द्वारा निजी पंपों पर इंचार्ज तैनात कर दिए हैं। बसों में डीजल भरवाने को लेकर इंचार्ज द्वारा ही पूरी तरह से देखरेख की जाएगी। एचआरटीसी की लोअर हिमाचल से आने वाली जिन बसों में टूटीकंडी बाइपास पर डीजल भरवाया जाता है, वे बसें अब हीरानगर स्थित पेट्रोल पंप पर ही डीजल भरवाएंगी। डीजल भरवाने को लेकर इंचार्ज द्वारा पूरा ब्यौरे का हिसाब रखा जाएगा, जिसकी रिपोर्ट रोजाना निगम प्रबंधन को सौंपनी होगी। हालांकि निगम प्रबंधन द्वारा यह व्यवस्था अस्थायी तौर पर की गई है। निगम के बाइपास स्थित पंप का लाइसेंस गत दिनों समाप्त हो गया था। इसके लिए दोबारा से निगम प्रबंधन ने पैसों, यानि पेट्रोलियम एंड एक्सप्लोसिव सेफटी ऑर्गेनाइजेशन से लाइसेंस रिन्यू करवाने के लिए आवेदन किया गया है, जैसे ही यह लाइसेंस रिन्यू हो जाता है, टूटीकंडी बाइपास पर बसें फिर से डीजल भरवा सकेंगी। (अनंत ज्ञान)

### चार दिन से नहीं हो रही सप्लाई

**टूटीकंडी** स्थित निगम के पेट्रोल पंप पर बीते चार दिन से डीजल की सप्लाई नहीं हो रही है, जिसके चलते निगम प्रबंधन द्वारा निजी पेट्रोल पंपों पर डीजल भरवाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। निगम प्रबंधन द्वारा अब औपचारिक्ताओं को पूरा किया जा रहा है।

### टूटीकंडी में इन डिपो की बसों में भरवाया जाता है डीजल

**टूटीकंडी** बाइपास स्थित निगम के डिपो में रोजाना 600 से अधिक बसों में डीजल भरवाया जाता है।



निगम के तारादेवी डिपो की बसों सहित युनिट नंबर दो, यूनिट नंबर तीन सहित रोहड़ू, रामपुर, रिकांगपियो, पालमपुर, बैजनाथ, धर्मशाला, हमीरपुर, चंबा, से आने वाली बसों में डीजल भरवाया जाता है। टूटीकंडी में डीजल भरवाने से लेकर हालांकि अभी और समय भी लग सकता है। निगम प्रबंधन का कहना है कि कुछ औपचारिक्ताएं पूरी की जा रही है जिससे जल्द ही बाइपास पर डीजल मिलना शुरू हो जाएगा।

### अप्रूवल मिलते ही मिलेगा डीजल

**निगम** के तारादेवी डिपो के टैफ्रिक मैनेजर पंकज ने बताया कि इस पेट्रोल पंप की कुछ औपचारिक्ताएं बाकि हैं, जिन्हें पूरा किया जा रहा है। इसके बाद जैसे ही अप्रूवल मिलेगा पंप पर दोबार डीजल उपलब्ध हो जाएगा।

### विकासनगर स्थित निजी पंप पर भरा जाएगा लोकल बसों में डीजल

**विकासनगर** स्थित निजी पंप पर एचआरटीसी की बसों में डीजल भरवाया जा रहा है। इसके लिए रोजाना निगम की बसें यहां पर भेजी जा रहा है। निगम प्रबंधन द्वारा इस पंप पर एक इंचार्ज भी तैनात कर दिया है। रोजाना यहां पर चार से पांच दर्जन शिमला लोकल डिपो की बसों में डीजल भरवाया जाएगा। इसके अलावा अपर शिमला की ओर जाने वाली बसों में ढली स्थित पंप पर डीजल भरवाया जा रहा है।

# अतिक्रमणकारियों पर चला प्रशासन का डंडा, डमरोग रोड से हटाए अवैध कब्जे

## सोलन शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने की कवायद सोमवार को भी रही जारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

सोलन शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने की कवायद सोमवार को भी जारी रही। आज भी प्रशासनिक अधिकारियों की टीम ने डमरोग रोड से अवैध कब्जों को हटाया। एसडीएम पूनम बंसल के नेतृत्व में प्रशासनिक अधिकारियों की टीम ने आज चार खंभे से आगे डमरोग रोड पर अतिक्रमण हटाने को लेकर कार्रवाई शुरू की।

जिन भी लोगों ने अवैध रूप से सरकारी भूमि पर अपना कब्जा जमाया है, उन्हें दो दिन के नोटिस भी दिए गए। अगर वे 2 दिन में खुद ही अपने कब्जों को नहीं हटाएंगे, तो प्रशासन खुद ही उसे तोड़ देगा।

जानकारी देते हुए एसडीएम सोलन पूनम बंसल ने बताया कि शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने की मुहिम अभी जारी रहेगी। अभी प्रशासन की टीम डमरोग तक जाकर अतिक्रमण हटाएगी और उसके बाद शहर में जहां पहले अतिक्रमण हटाया गया था, वहां भी प्रशासनिक अधिकारियों की टीम जाकर देखेगी कि वहां फिर से तो अतिक्रमण नहीं कर लिया गया है। इस समय जहां यह मुहिम चली है, उन सभी व्यापारियों को 15 दिन पहले नोटिस दे दिया गया था। व्यापारी जो खुद अपना अतिक्रमण नहीं हटा रहे हैं, उन पर कार्रवाई की जा रही है। इसके साथ ही प्रशासन यह भी देख रहा है कि कहीं जिन जगहों से अतिक्रमण हटाया गया था, वहां फिर से वैसे ही हालत तो नहीं बन रहे। उनका कहना है कि प्रशासन समय-समय पर इस तरह की ड्राइव चलाता रहता है, ताकि शहर में जहां सड़के तंग हो चुकी हैं, उन्हें फिर से खोला जा सके।



सड़क के किनारे बनी नाली को तोड़ता कर्मचारी, अतिक्रमण पर लगाया पीला निशान। पंद्रह दिन के नोटिस के बाद हुई कार्रवाई।

## सिरमौर में जेबीटी के 20 पदों के लिए चार मार्च को होगी काउंसलिंग : उपनिदेशक

**नाहन।** जिला सिरमौर में जेबीटी के विभिन्न श्रेणियों के 20 पदों को अनुबंध आधार पर भरा जाएगा। इसके लिए कांउसलिंग चार मार्च को प्रातः 10 बजे उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा के कार्यालय में की जाएगी। यह जानकारी सोमवार को उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा ने दी। उन्होंने बताया कि इन पदों में 12 पद सामान्य श्रेणी के पूर्व सैनिकों के आश्रितों, तीन पद अन्य पिछड़ा वर्ग पूर्व सैनिकों के आश्रितों, तीन पद अनुसूचित जाति के पूर्व सैनिकों के आश्रितों व दो पद अनुसूचित जनजाति के पूर्व सैनिकों के आश्रितों के भरे जाएंगे।

इसके लिए आयु सीमा 1 जनवरी, 2024 को 18 से 45 वर्ग के मध्य होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति व अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों को नियमानुसार ऊपरी आयु सीमा में छूट दी जाएगी। इन पदों के लिए जेबीटी या इसके समकक्ष तथा जेबीटी टीईटी परीक्षा पास होना अनिवार्य है।

सभी जिलों के योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार अपने मूल दस्तावेजों जिसमें 10वीं, 12वीं या समकक्ष, जेबीटी टीईटी, संबंधित श्रेणी का प्रमाण पत्र, रोजगार कार्यालय पंजीकरण पत्र, प्रथम श्रेणी मैजिस्ट्रेट अथवा राजपत्रित अधिकारी द्वारा जारी चरित्र प्रमाण पत्र, हिमाचली प्रमाण पत्र व पासपोर्ट साईज फोटो सहित चार मार्च को प्रातः 10 बजे उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा के कार्यालय में काउंसलिंग हेतु भाग ले सकते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### कांग्रेस नेताओं को समझ नहीं आया बजट : बलदेव



**पांवटा साहिब।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता बलदेव तोमर ने कहा कि यह सुखमय नहीं, दुखमय बजट है। कांग्रेस सरकार का दूसरा बजट जन आकांक्षाओं के अनुरूप खरा नहीं उतरा, यह बात कांग्रेस नेता भी मान रहे हैं। सरकार में पीडब्ल्यूडी मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने ही इसको लेकर सवाल उठाए हैं। हिमाचल के इतिहास में पहली बार ऐसा देखा गया है कि जब सरकार का ही एक मंत्री अपने मुख्यमंत्री द्वारा पेश बजट से नाखुश है और अपनी भड़ास सोशल मीडिया पर निकालकर इसमें संशोधन की मांग की है। उन्होंने कहा कि चुनावी वर्ष में कांग्रेस का यह बजट लोगों को नहीं लुभा पाएगा, क्योंकि जनता जानती है कि देश में अगली सरकार मोदी की ही आएगी और वही सरकार जनता के लिए सही बजट लाएगी।


### बजट में हर वर्ग का रखा है ख्याल : कांग्रेस

**पांवटा साहिब।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा विधानसभा में पेश किया बजट आम जनता की भलाई के लिए है और इसमें समाज के हर वर्ग मजदूर, किसान, महिला कर्मचारी, युवा एवं बुजुर्गों के लिए सबको राहत दी गई है। पांवटा साहिब कांग्रेस से पूर्व विधायक किरनेश जंग, मंडल प्रधान अश्वनी शर्मा, इंटक अध्यक्ष सुभाष शर्मा, जोन अध्यक्ष हृदय राम, प्रदीप चौहान, शराफत अली, राजपाल, ममता चौहान, मोहम्मद अली, दर्शन सिंह आदि ने यह दावा किया है। उन्होंने कहा है कि प्रदेश की विपरीत वित्तीय स्थिति होने के बावजूद सीएम सुक्खू द्वारा कल्याणकारी बजट पेश किया गया है। इसमें कर्मचारियों को वेतन एवं भत्ते दिए गए हैं। मजदूरों की दिहाड़ी बढ़ाई गई है। पशु पालकों के लिए दूध के दाम में वृद्धि की गई है। किसानों के लिए फसलों की कीमतों में वृद्धि की गई है। सुक्खू का बजट समाज के हर वर्ग को एक समान विकास के लिए व्यवस्था परिवर्तन के द्वारा सबका समान विकास का खाका खींचता है।

### पत्रकार जगत को निराश कर गया बजट : डॉ. राणा

**राजगढ़।** प्रदेश के पत्रकार जगत को भी सरकार के दूसरे बजट में आशा थी कि कुछ न कुछ उनके उत्थान व सामाजिक सुरक्षा के लिए अवश्य होगा। पत्रकारों को आस थी कि हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तराखंड की तर्ज पर हिमाचल के पत्रकार जगत के लिए पेंशन की घोषणा इस बार के बजट में होगी, लेकिन उन्हें निराशा ही हाथ लगी। नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं हिमाचल प्रदेश यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. रणेश राणा व प्रदेश संगठन मंत्री गोपाल दत्त शर्मा ने कहा कि आशा थी कि आम आदमी के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू पत्रकार जगत के लिए भी कुछ घोषणा अवश्य करेंगे। उन्होंने कहा कि इस बार भी निराशा ही हाथ लगी जबकि कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र में वादा किया था कि सत्ता में आते ही पत्रकारों के लिए पेंशन का प्रावधान होगा। इसके अलावा गैर मान्यता प्राप्त पत्रकारों के लिए स्वास्थ्य बीमा व दुर्घटना बीमा सहित उनकी सामाजिक सुरक्षा को लेकर बजट में कोई प्रावधान नहीं था, जिससे प्रदेश के पत्रकार जगत में निराशा का माहौल है।

### कांग्रेस मंडल अध्यक्ष ने सराहा सीएम का बजट



**अर्की।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा प्रस्तुत बजट की ब्लॉक कांग्रेस अर्की ने सराहना की है। ब्लॉक कांग्रेस अर्की कमेटी के अध्यक्ष सतीश कश्यप व मीडिया प्रभारी रोशन ठाकुर ने वित्त वर्ष 2024-25 के पेश 5844 करोड़ रुपए के बजट की सराहना करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने हर वर्ग को कुछ न कुछ दिया है। मुख्यमंत्री ने सात नई योजनाओं और तीन नवीन नीतियों की घोषणा की है। मीडिया प्रभारी रोशन ठाकुर ने खुशी प्रकट करते हुए कहा कि हर पंचायत से प्राकृतिक खेती से जुड़ें 10 किसानों का चयन अन्नदाताओं को प्रोत्साहित सम्मान दिया जाना किसानों की आय बढ़ाने के प्रति सुख की सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। सतीश कश्यप ने कहा कि पशुपालकों को पहली बार लोकल दूध पर न्यूनतम समर्थन मूल्य देना ऐतिहासिक कदम है। इसके लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू तथा मुख्य संसदीय सचिव संजय अवस्थी का समस्त ब्लॉक कांग्रेस अर्की की तरफ से आभार व्यक्त किया।

### रेणुका कॉलेज में ऊर्जा के महत्व पर प्रकाश डाला


शिविर में नाटी डालतीं एनएसएस की स्वयंसेविकाएं।

**श्री रेणुका जी।** राजकीय महाविद्यालय श्री रेणुका जी के ऊर्जा क्लब के द्वारा एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। ऊर्जा क्लब के नोडल अधिकारी प्रो. दिनेश कुमार ने विद्यार्थियों को ऊर्जा को बचाने के लिए उपायों और इसके महत्व पर प्रकाश डाला। जिसमें ऊर्जा के विभिन्न उपकरणों और सावधानियों के बारे मे चर्चा की। इस सेमिनार में महाविद्यालय के विद्यार्थियों रेशमा, निकिता, आशिमा और अखिल ने अपने विचार प्रकट किए। इसके पश्चात महाविद्यालय के प्राचार्य डा. पवन कुमार ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे ऊर्जा संरक्षण के प्रति लोगों को इसके संरक्षण, बचाव और महत्व के बारे में आम लोगों को जागरूक करें, ताकि ऊर्जा को आने वाली पीढ़ी के लिए बचाया जा सके।

### काजल, रीना व कृतिका बनी बेस्ट स्वयंसेवी


सेमिनार में अपने विचार व्यक्त करते विशेषज्ञ।

**अर्की।** राजकीय महाविद्यालय जयनगर की एनएसएस यूनिट के साप्ताहिक शिविर का आज समापन हो गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एनएसएस यूनिट के प्रोग्राम अधिकारी मनोज ठाकुर ने की। कार्यक्रम के मुख्यातिथि राजकीय महाविद्यालय जयनगर के प्राचार्य डॉ. श्याम सिंह रहे। उन्होंने छात्रों को समाज सेवा के लिए प्रेरित किया तथा एनएसएस कैंप में बच्चों द्वारा की जाने वाली गतिविधियों की सराहना की। उन्होंने शिविर सफल आयोजन के लिए एनएसएस प्रभारी तथा स्वयंसेवियों को बधाई दी। इस कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गान गाकर किया गया। साप्ताहिक शिविर के बेस्ट स्वयंसेवी बीए तृतीय वर्ष की छात्राएं काजल, रीना तथा कृतिका रहीं।

### विशाल और प्रिया बने मिस्टर, मिस फेयरवेल


मिस्टर फेयरवेल विशाल व मिस फेयरवेल प्रिया अपने तमगे के साथ।

**अर्की।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दानों घाट में जूनियर विद्यार्थियों द्वारा स्कूल छोड़कर जाने वाले छात्र- छात्राओं के लिए फेयरवेल पार्टी समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यतिथि प्रधानाचार्य पवन कुमार वर्मा रहे। समारोह में छात्र- छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया व विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। इस अवसर पर विशाल मिस्टर फेयरवेल, प्रिया मिस फेयरवेल चुनी गई। इस अवसर पर प्रधानाचार्य पवन कुमार वर्मा द्वारा छात्रों का मार्गदर्शन करते हुए उन्हें उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर गणमान्य व्यक्ति व स्कूल स्टाफ उपस्थित रहा।

## लोस चुनाव के लिए सामान-वाहन के लिए टेंडर निकाले

**सोलन।** लोकसभा-2024 के चुनाव के दृष्टिगत अर्की विधानसभा क्षेत्र के चुनाव के संचालन के लिए टेंट, खानपान व वाहन (टेक्सी) सेवा, राजनीतिक दलों की रैलियों तथा चुनाव की अन्य प्रक्रिया की वीडियोग्रॉफी, फोटोग्राफी, सीसीटीवी, वेब कैमरे के लिए वस्तुएं खरीद अथवा किराये के आधार पर सहायक पंजीकरण अधिकारी एवं उपमंडलाधिकारी अर्की के कार्यालय द्वारा सीलबंद निविदाएं आमंत्रित की गई हैं। ये निविदाएं 28 फरवरी को प्रातः 11.30 बजे तक सहायक पंजीकरण अधिकारी एवं उपमंडलाधिकारी अर्की के कार्यालय में दी जा सकती हैं जो कि उसी दिन सायं 3 बजे खोली जाएंगी।

इच्छुक बोलीदाता को अपना आवेदन सील बंद लिफाफे में सहायक पंजीकरण अधिकारी एवं उपमंडलाधिकारी अर्की के पक्ष में 15 हजार रुपए की धरोहर राशि के बैंक ड्रॉफ्ट सहित जमा करना होगा। निविदा प्रपत्र को उपण्डलाधिकारी कार्यालय अर्की से प्राप्त किया जा सकता है।

## निडजेम प्रतियोगिता में हिमाचल के खिलाड़ियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन


प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाली हिमाचल की टीम।

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**

19वीं राष्ट्रीय निडजेम जइम एथलेटिक्स प्रतियोगिता गुजरात यूनिवर्सिटी में हुई। इसमें सिरमौर की टीम का बेहतरीन प्रदर्शन रहा। टीम मैनेजर हिना ने बताया कि हिमाचल प्रदेश की तरफ से सिरमौर के 13 खिलाड़ियों ने इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लिया था।

इसमें सभी बच्चों ने इस प्रतियोगिता में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया। सिरमौर की राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए टीम के लिए पांच लड़कियां व सात लड़कों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया था और सभी खिलाड़ियों ने इस इवेंट में अच्छा प्रदर्शन किया।

**खिलाड़ियों को अच्छा प्रदर्शन करने के लिए मिली बधाइयां**

यह प्रतियोगिता राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित की गई, जिसमें 615 जिले के 5500 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। एसोसिएशन के महासचिव विजय यादव ने खिलाड़ियों को अच्छे प्रदर्शन के लिए बधाई दी। टीम के कोच धर्मेंद्र चौधरी व मैनेजर हिना को भी बधाई दी।

## नालागढ़ के वार्ड सात में आवारा कुत्तों का आतंक

### परेशान लोग नगर परिषद कार्यालय पहुंचे, बच्चों-बुजुर्गों को हो रही परेशानी

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

नालागढ़ के वार्ड-सात में कुत्तों का आतंक बढ़ता जा रहा है। एरिया में रोजाना कई डॉग बाइट के मामले आ रहे हैं, लेकिन नगर परिषद की ओर से इन आवारा व कटखने कुत्तों को पकड़ने की कार्रवाई का भी कोई सकारात्मक असर दिखई नहीं पड़ रहा।

कुत्तों के आतंक से लोग अब घरों से बाहर भी नहीं निकल पा रहे हैं, सबसे ज्यादा खतरा बुजुर्ग और बच्चों को सता रहा है। इस संबंध में एरिया के लोग कई बार नगर निगम व प्रशासन को अवगत करवा चुके हैं, के बावजूद भी समस्या का हल नहीं हो पा रहा है।

सोमवार को वार्ड-सात के लोग एक बार फिर एकत्रित होकर नगर परिषद कार्यालय पहुंचे, जहां कार्यकारी अधिकारी व पार्षदों को समस्या से अवगत करवाया। परिषद का कहना है कि आवारा कुत्तों की समस्या को लेकर विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत कुत्तों को पकड़कर सुरक्षित जगह पर छोड़ा जाएगा। नगर परिषद नालागढ़ वार्ड-सात के स्थानीय लोगों का कहना है कि बुजुर्गों और बच्चों को इन कुत्तों के कारण आने-जाने में खासी परेशानियों का सामना करना पड़ता है और बच्चों को खुद ही स्कूल तक छोड़ना पड़ता है और लाना भी खुद पड़ता है।

उन्होंने कहा कि इन कुत्तों की वजह से कई बार शहरवासी चोटिल भी हो चुके हैं। नगर परिषद नालागढ़ के कार्यकारी अधिकारी आरएस वर्मा का कहना है कि आवारा कुत्तों को पकड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है और कई कुत्तों को अब तक पड़कर सुरक्षित जगह छोड़ा भी जा चुका है।

उन्होंने कहा कि जब उनकी टीम मौके पर कुत्तों को पकड़ने के लिए गई थी, तो वहां पर रहने वाले एक परिवार की महिला ने उनके कर्मियों के साथ बदसलूकी भी की थी।


आवारा कुत्तों की समस्या लेकर नगर परिषद कार्यालय पहुंचे वार्डवासी

## किसान आंदोलन के चलते रोजाना हो रहा उद्योगपतियों का लाखों का नुकसान

### उद्योगों में तैयार माल स्टोर करने के लिए नहीं बची जगह

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

पंजाब-हरियाणा बॉर्डर पर दिल्ली कूच को लेकर चल रहे किसान आंदोलन के चलते माल वाहक वाहनों की आवाजाही पूरी तरह से बंद चल रही है। इसका सीधा असर प्रदेश के औद्योगिक क्षेत्र नालागढ़-बद्दी और बरोटीवाला पर पड़ रहा है। बीबीएन से सातवें दिन कोई भी ट्रक दिल्ली के लिए नहीं रवाना हुआ।

ट्रक यूनियन नालागढ़ से रोजाना 250 ट्रक दिल्ली जाते थे, लेकिन किसान आंदोलन के चलते ट्रक अचानक बंद हो गए। इसके चलते ट्रक संचालकों को रोजाना से छह लाख रुपए का नुकसान हो रहा है। अभी तक ट्रक यूनियन को माल ढुलाई के रूप में मिलने वाले 50 लाख रुपए का कारोबार नहीं हो पाया, जिससे उद्योगों को नुकसान उठाना पड़ रहा है। वहीं, दूसरी ओर उद्योगों में तैयार माल स्टोर करने की भी जगह नहीं बची है, ऐसे में उद्योगों की ओर से बीच-बीच में उत्पादन कार्य रोका जा रहा है। बीबीएनआईए के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल ने बताया कि राजधानी दिल्ली, बीबीएन का सबसे बड़ा मार्केट है। सबसे बड़ी खपत दिल्ली मार्केट है। उद्योगों पर लेबर, बैंक की देनदारी और बिजली की न्यूनतम दरों को खर्चा पड़ रहा है। सबसे अधिक लोहा उद्योग, एप्लांयसेस और धागा उद्योग प्रभावित हो रहे हैं।

वहीं, ट्रक यूनियन नालागढ़ के महासचिव दिनेश कौशल ने कहा कि छठे दिन भी कोई ट्रक दिल्ली को नहीं कटा है। यूनियन में हर रोज दिल्ली जाने के लिए माल की पुकार तो होती है, लेकिन कोई भी ट्रक चालक आंदोलन के चलते दिल्ली जाने को तैयार नहीं है।

## सोलन के वार्ड-10 में सड़क पर लग रहा कूड़े का अंबार



नगर निगम के वार्ड नं. 10 में जगह-जगह फैला पड़ा कूड़ा।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

नगर को साफ, स्वच्छ और सुंदर बनाने के निगम के प्रयासों को यहीं के लोग पलीता लगा रहे हैं। जहां नगर निगम के कर्मचारी घर-घर जाकर कूड़ा एकत्र कर रहे हैं, तो शहर के कुछ वार्डों की स्थिति ऐसी भी है, जहां गंदगी के अंबार लग रहे हैं। ऐसी ही स्थिति नगर निगम सोलन के वार्ड नंबर 10 में भी बनी हुई है। यह स्थान शहर का एक नया डंपिंग यार्ड बन चुका है।

तस्वीरें साफ बयां कर रही हैं कि यहां से कूड़े को नहीं उठाया जा रहा है। जहां गंदगी के ढेर पड़े रहते हैं, उसी के साथ ही सरकारी शिक्षण संस्थान भी हैं, जहां बच्चे अपना उज्ज्वल भविष्य के लिए पढ़ने आते हैं, परंतु यहां से बीमारियां घर लेकर जाते हैं।

स्थानीय निवासी हीरा लाल ने बताया कि वे रोजाना यहीं से दूध देने घर-घर जाते हैं, हर रोज यहां गंदगी का यही आलम रहता है।

ऑटो चालक संजय बताते हैं कि सफाई कर्मचारी तो अपना कार्य ईमानदारी से कर रहे हैं, परंतु शहर वासी ही नहीं मान रहे। इससे अच्छा हाल तो नगर परिषद के समय में था, नगर निगम बनने के बाद तो शहर में जगह-जगह गंदगी देखने को मिल ही जाती है।

## उपचुनावः नालागढ़ की बधोखरी पंचायत में 25 को रहेगा ड्राई-डे

**सोलन।** जिला दंडाधिकारी सोलन मनमोहन शर्मा ने 25 फरवरी को होने वाले उपचुनाव वाली पंचायत में उस दिन ड्राई-डे घोषित किया है। इन आदेशों के अनुसार सोलन जनपद के विकास खंड नालागढ़ की बधोखरी पंचायत में 25 फरवरी को पंचायतीराज संस्थाओं के लिए होने वाले उपचुनाव के दृष्टिगत किसी भी प्रकार के मादक पदार्थ अथवा मदिरा की बिक्री पर मतदान की समाप्ति के लिए निर्धारित समय से 48 घंटे पूर्व से पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। इन आदेशों के अनुसार मतदान क्षेत्र में किसी भी होटल, भोजनालय, सराय, दुकान या अन्य निजी अथवा सार्वजनिक स्थान पर मादक पादर्थ एवं मदिरा की बिक्री नहीं की जा सकेगी। इन आदेशों के अनुसार मतदान क्षेत्र में उपरोक्त निर्धारित समयावधि तथा मतगणना के दिवस पर नतीजे आने तक ड्राई डे घोषित किया गया है। आदेश के मुताबिक सोलन के उपचुनाव वाले संबंधित क्षेत्र में किसी भी प्रकार के हथियार साथ लेकर चलने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। शस्त्र लाइसेंस धारकों पर भी यह प्रतिबंध लागू होगा। यह आदेश तुरंत प्रभाव से लागू हो गए हैं तथा मतगणना समाप्त होने तक लागू रहेंगे। उपरोक्त प्रतिबंध की अवहेलना करने पर दोषी के विरुद्ध शस्त्र अधिनियम और अन्य संबंधित प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जाएगी। सेना, अर्धसैनिक बलों, राज्य पुलिस एवं गृहरक्षा तथा केन्द्रीय पुलिस बलों पर यह आदेश लागू नहीं होंगे।

## ईश्वर भजन ही इंसान की सच्ची संपत्ति : आचार्य पांडेय

**राजगढ़।** परमात्मा को याद रखना और सदा उसको ही भजना किसी भी इंसान की सच्ची संपत्ति है। जब तक हमारे भीतर तृष्णा है, तब तक आत्म प्रकाश नहीं हो सकता। तृष्णा के रहते हम परमात्मा को जान ही नही पाते हैं। इस तृष्णा को हम परोपकार द्वारा समाप्त कर सकते हैं। यह बात राजगढ़ विकास खंड के दाहन पंचायत के स्वाणा में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा के दौरान व्यासपीठ से कथा वाचक आचार्य लेख राम पांडेय ने अपने प्रवचन के दौरान कही। यह जानकारी देते हुए इस सात दिवसीय भागवत के आयोजक जोगेंद्र सिंह व सतपाल चौहान ने बताया कि इस भागवत कथा का शुभारंभ 11 फरवरी को पुराण स्वागत व कलश यात्रा व पुराण स्थापना के साथ हुआ। इस सात दिवसीय भागवत में प्रवचन आचार्य लेखराम पांडेय ने कहा कि हमें दिव्य परोपकार करते हुए सत्यता व पवित्रता का जीवन जीते हुए नित्य भक्ति के मार्ग पर आगे बढ़ना चाहिए। भाई, बंधु केवल इस संसार तक जीव का साथ दे पाते हैं, उससे आगे तो जीव आत्मा अकेले विचरण करती है। वहां केवल भागवत नाम की सम्पदा जीव का साथ देती है। इस दौरान कृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस धार्मिक आयोजन का समापन सोमवार को भवन यज्ञ एवं भंडारे के साथ हुआ। हवन यज्ञ में सैकड़ों भक्तों ने आहुति डाली।

## सिरमौर क्रिकेट कप टूर्नामेंट 24 से चौगान में



पत्रकारवार्ता को संबोधित करते डायनामिक युवा मंडल व सिरमौर यूथ एंड स्पोर्ट्स क्लब के पदाधिकारी।

**नाहन।** डायनामिक युवा मंडल व सिरमौर यूथ एंड स्पोर्ट्स क्लब ने नाहन में सिरमौर क्रिकेट कप टूर्नामेंट 2024 को लेकर पत्रकार वार्ता का आयोजन किया। डायनामिक युवा मंडल के अध्यक्ष ओपी ठाकुर ने कहा कि सिरमौर क्रिकेट कप का चौथा संस्करण 24 से 29 फरवरी तक नाहन के ऐतिहासिक चौगान में आयोजित होगा। क्रिकेट टूर्नामेंट में प्रथम पुरस्कार 2 लाख रुपए, द्वितीय पुरस्कार 71 हजार सहित लगभग 3.50 से अधिक पुरस्कार खिलाड़ियों को दिए जाएंगे। सिरमौर क्रिकेट कप टूर्नामेंट आज तक के सिरमौर के इतिहास का सबसे बड़ा टूर्नामेंट है। जिसमें पूरे प्रदेश, जिला सहित एवं अन्य राज्यों उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ इत्यादि दूसरे राज्यों की टीमें भी भाग लेंगी। जिन टीमों को रजिस्ट्रेशन पहले होगा, वही टीमें इस टूर्नामेंट में खेलेंगी। योगी ठाकुर ने बताया कि टूर्नामेंट में भाग लेने वाली दूरदराज की टीमों के लिए ठहरने की मुफ्त व्यवस्था कमेटी द्वारा की जाएगी, लेकिन इसके लिए टीमों का 1 फरवरी से 20 फरवरी के बीच रजिस्ट्रेशन अनिवार्य होगा।

**आयोजन** शूलिनी विवि में प्रो. खोसला का 84वां जन्मदिन प्रेरणा दिवस के रूप में मनाया

# प्रतिकूलताओं को अवसरों में बदलना चाहिए

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

शूलिनी विश्वविद्यालय में संस्थापक और चांसलर प्रो. पीके खोसला का 84वां जन्मदिन प्रेरणा दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रमों की एक श्रृंखला के साथ उत्कृष्टता, नवाचार और सामाजिक कल्याण के प्रति विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता को उजागर किया गया।

दिन की शुरुआत भारत में हरित क्रांति के जनक भारत रत्न डॉ. एमएस स्वामीनाथन की प्रतिमा के अनावरण के साथ हुई और इस दौरान सेंटर ऑफ हैप्पीनेस की आधारशिला भी रखी गई। विश्वविद्यालय परिसर मंदिर में आयोजित हवन में संकाय, कर्मचारी सदस्यों और छात्रों ने भाग लिया। इसके बाद केक काटने की रस्म हुई। प्रो. खोसला ने कहा कि जीवन गुलाबों की सेज नहीं है। प्रतिकूलताओं को अवसरों में बदलना चाहिए। उन्होंने संकाय और छात्रों को परिप्रेक्ष्य में बदलाव और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए दृढ़ इच्छा शक्ति बनाने के लिए प्रोत्साहित किया।


प्रेरणा दिवस पर केक काटते शूलिनी विवि के चांसलर पीके खोसला व अन्य शिक्षाविद

प्रो. खोसला ने भारत के उज्ज्वल भविष्य के लिए अपना दृष्टिकोण व्यक्त किया। इस विकास का एक महत्वपूर्ण हिस्सा देश की गहरी जड़ें जमा चुकी आध्यात्मिक मान्यताओं और कर्म के सिद्धांत के अद्वितीय पालन को बताया। उन्होंने राष्ट्र के विकास में आध्यात्मिकता के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि इन मूल्यों के प्रति भारत की प्रतिबद्धता इसे वैश्विक मंच पर अलग करती है।

फाउंडेशन फॉर लाइफ साइंसेज एंड बिजनेस मेनेजमेंट की अध्यक्ष सरोज खोसला ने प्रो. खोसला को बहुत दृढ़ इच्छा शक्ति वाला व्यक्ति बताया और कहा कि उन्होंने अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत की है।

इस कार्यक्रम में कुलपति प्रो. अतुल खोसला, ट्रस्टी सतीश आनंद और अशोक आनंद, पंजाब विवि के पूर्व कुलपति डॉ. आरसी सोबती, अध्यक्ष इनोवेशन आशीष खोसला, मुख्य शिक्षण अधिकारी आशू खोसला, उपाध्यक्ष प्रवेश और प्लेसमेंट अवनी खोसला, डॉ. जेएम जुल्का और डॉ. सुनील पुरी सहित विश्वविद्यालय के शीर्ष प्रबंधन ने भाग लिया।

प्रेरणा दिवस के उत्सव में विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियां भी हुईं और सहायक प्रो. लोकिंद्र कुमार शर्मा को प्रतिष्ठित नेचर जर्नल में शोध पत्र प्रकाशित करने के लिए पांच लाख का पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

इसके अलावा वर्ष 2023 में सर्वाधिक रिसर्च पेपर पब्लिश करने के लिए अस्सिस्टेंट प्रो. दीपक कुमार को 50 हजार रुपए का इनाम दिया गया और प्रो. प्रदीप और पंकज रायजादा को भी रिसर्च में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। मंच संचालन सहायक प्रो. इंदु नेगी ने किया।

## न्यूज ब्रीफ

### खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्यशाला आज

**बैजनाथ।** मंगलवार को खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा एक कार्यशाला का आयोजन बैजनाथ के चामुंडा हाल किया जा रहा है। बैजनाथ व्यापार मंडल के अध्यक्ष मनोज कपूर ने बताया की यह कार्यशाला सुबह 11 से दो बजे तक आयोजित की जाएगी। उन्होंने सभी व्यापारी भाइयों से आग्रह किया है कि जो भी दुकानदार खाद्य पदार्थों से संबंधित कार्य करते हैं वह इस कार्यशाला में अवश्य पधारें। इस कैटेगरी में हलवाई, चाय, सब्जी, बेकरी, मेडिकल स्टोर, होटल, रेस्टोरेंट, फास्ट फूड, मीट चिकन, किरयाना स्टोर, कन्फेक्शनरी इत्यादि सभी शामिल हैं। इसलिए सभी व्यापारी भाई जो भी खाद्य पदार्थों से संबंधित कार्य करते हैं इस कार्यशाला में अवश्य शामिल होने की कृपा करें।

### डॉ. राजीव डोगरा को मिला जय विजय रचनाकार सम्मान



**कांगड़ा।** मुंबई से प्रकाशित मासिक पत्रिका जय विजय ने 2023 में विभिन्न विधाओं के श्रेष्ठ रचनाकारों को सम्मानित करने का निर्णय लिया और इस हेतु प्रत्येक विधा में तीन-तीन रचनाकारों को नामित किया गया। कविता के क्षेत्र में उदय किशोर शाह, पी. रवींद्रनाथ, डॉ. राजीव डोगरा नामित हुए। इनका नामांकन वर्ष 2023 में जय विजय में लगाई गई रचनाओं की संख्या और गुणवत्ता के आधार पर किया गया। प्रत्येक विधा में सर्वाधिक मत पाने वाले रचनाकारों को सम्मानित किया जाना था। इसी क्रम में कांगड़ा हिमाचल के युवा कवि लेखक डॉ. राजीव डोगरा को सबसे अधिक मत प्राप्त हुए तथा उनको जय विजय पत्रिका की ओर से जय विजय रचनाकार सम्मान 2023 देकर सम्मानित किया गया।

### नरेश ठाकुर को शाइनिंग अवॉर्ड से नवाजा



**डाडासीबा।** सोमवार को देहरा उपमंडलीय अधिकारी शिल्पी बेकटा ने रक्कड़ से संबंध रखते एडवोकेट नरेश ठाकुर को शाइनिंग अवार्ड राइजिंग स्टार से नवाजा गया। बता दें कि शनिवार दोपहर को एक रक्कड़ के चौली में एक पिकअप ट्राला व स्कूटी में जोरदार भिड़त हो गई थी। इसमें स्कूटी चालक ओर उसके साथ बैठी अन्य युवती भी गंभीर रूप से घायल हो गई। इस दौरान एडवोकेट नरेश ठाकुर उक्त घटनास्थल में मौके पर पहुंच गए और बिना किसी हित को देखते हुए दोनों घायलों को अपनी निजी गाड़ी में बैठाया ओर इलाज हेतु नादौन अस्पताल में पहुंचाने पर उन्हे पुरस्कार मिला है।

### युवा मोर्चा के कार्यक्रम पर की चर्चा

**देहरा।** युवा मोर्चा जिला देहरा की बैठक जिलाध्यक्ष रमन शर्मा की अध्यक्षता में भाजपा जिला कार्यालय देहरा में हुई। इसमें युवा मोर्चा के कार्यक्रम युवा चौपाल के बारे में विस्तृत रूप से चर्चा हुई। बता दे की युवा मोर्चा ग्राम केंद्रों पर युवा चौपाल कार्यक्रम करने जा रहा है। इस बैठक में जिला के संयोजक और सह संयोजक तय किए गए जो कि युवा चौपाल कार्यक्रम को ग्राम केंद्रों पर करवाएंगे। इसी कड़ी में मंडल से संयोजक और सह संयोजक तय किए गए।

### नेहरू युवक मंडल रोड़ा ने जीता क्रिकेट टूर्नामेंट

**डरोह।** विकास खंड सुलह स्थित भेडूमहादेव की ग्राम पंचायत सांबा में मोल वैली युवक मंडल कौना हलदरा की ओर से हलदरा स्कूल के मैदान में ओपन क्रिकेट टूर्नामेंट करवाया गया। समापन समारोह में मुख्यातिथि की भूमिका सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य विजय गुलरिया ने अदा की। इस टूर्नामेंट में 32 टीमों ने भाग लिया। पहला सेमीफाइनल में मोल वैली युवक मंडल कौना हलदरा की टीम को विजेता घोषित किया गया। जबकि दूसरा सेमीफाइनल मैच नेहरू युवक मंडल रोड़ा एवं लंबागांव क्लब के बीच खेला गया, जिसमें नेहरू युवक मंडल रोड़ा की टीम विजयी हुई। फाइनल मैच मोल वैली युवक मंडल कौना हलदरा एवं नेहरू युवक मंडल रोड़ा के बीच में खेला गया, जिसमें नेहरू युवक मंडल रोड़ा की टीम ने जीत हासिल की। विजेता टीम को 5100 और उप विजेता टीम को 3100 रुपए नकद इनाम से सम्मानित भी किया गया।

### विक्रम बजोत्रा को किया सम्मानित



**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग से विक्रम बजोत्रा को उत्कृष्ट शोध पत्र के लिए 56वीं एनुअल नेशनल कान्फ्रेंस ऑफ आईएटीई और प्रो. राम तकावले रिसर्च सेंटर एवं स्कूल ऑफ एजुकेशन यशवंतराव चौहान महाराष्ट्र ओपन यूनिवर्सिटी, नाशिक, महाराष्ट्र के सयुक्त तत्वावधान में आयोजित 'इंडियन नॉलेज सिस्टम, टीचर, टीचिंग एंड लर्निंग' शीर्षक पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में सम्मानित किया गया है। शोधार्थी विक्रम बजोत्रा के शोध पत्र का विषय आईसीटी था, जो कि 21 वीं सदी में इंडियन नॉलेज सिस्टम में एक गेम चेंजर है। यह शोध पत्र विक्रम बजोत्रा ने प्रोफेसर मनोज कुमार सक्सेना के दिशा निर्देशन में तैयार किया था।

### नरदेव कंवर ने सुनी लोगों की समस्याएं

**हरिपुर।** देहरा विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत बंगोली में कांग्रेस की बैठक पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष हरिओम शर्मा की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान पंचायत प्रधान बंगोली गुरदयाल सिंह भी मौजूद रहे। इस बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश कांग्रेस मत्स्य विभाग के अध्यक्ष व लोकसभा क्षेत्र शिमला के को-ऑर्डिनेटर नरदेव कंवर ने शिरकत कर क्षेत्र के लोगों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने लोगों को सरकार की नई नीतियों के बारे में भी जागरूक किया।

### योजनाओं से महिलाएं आर्थिक रूप से हुई स्वावलंबी

**परागपुर।** केंद्र सरकार ने कई योजनाएं महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन के लिए शुरू की हैं। इससे आर्थिक गतिविधियों में महिलाओं की सहभागिता पहले की अपेक्षा बड़ी है। यह बात भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष सरिता धीमान ने कही। जसवां प्रागपुर के वणी में आयोजित एक महिला सम्मेलन शक्ति बंदन को संबोधित करते हुए सरिता धीमान ने कहा कि मोदी सरकार ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में अनेक योजनाएं शुरू की हैं। इससे महिला आर्थिक रूप से सबल हुई हैं।

भारी बारिश का पूर्वानुमान, नागरिकों को सतर्क रहने की हिदायत

### कल तक बारिश और बर्फबारी की संभावना

**धर्मशाला।** भारतीय मौसम विज्ञान केंद्र द्वारा जारी मौसम पूर्वानुमान के तहत 21 फरवरी तक कांगड़ा जिला के कुछ स्थानों पर भारी बारिश तथा बर्फबारी की चेतावनी जारी की गई है। यह जानकारी देते हुए उपायुक्त हेम राज बैरवा ने कहा कि बारिश के दौरान हिमस्खलन, भूस्खलन संभावित क्षेत्रों तथा उपरी पहाड़ी भागों में जाने से परहेज करें इसके साथ ही खराब मौसम में ट्रैकिंग करना भी खतरनाक हो सकता है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार 21 से बाद भी 24 फरवरी तक मौसम हल्की बारिश भरा रहने की संभावना है।उपायुक्त ने कहा कि नदी तथा नालों के आसपास भी लोगों को जाने के लिए मनाही की गई है ताकि किसी भी तरह से अप्रिय घटना नहीं हो सके। उन्होंने कहा कि सभी पंचायत प्रतिनिधियों को भी सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं।

उपायुक्त हेमराज बैरवा ने दी जानकारी; चुनाव के लिए मतदान केंद्र किए निर्धारित, 25 फरवरी को होगा वोटिंग

# तीन प्रधान, दो उपप्रधान व एक बीडीसी के लिए होंगे चुनाव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

जिला निर्वाचन अधिकारी, उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि कांगड़ा जिला में पंचायतीराज संस्थाओं में रिक्त पदों के लिए 25 फरवरी को चुनाव होगा नामांकन वापस लेने के पश्चात कांगड़ा जिला में एक बीडीसी मेंबर, तीन पंचायत प्रधान तथा दो उपप्रधानों तथा तीन वार्ड सदस्यों के रिक्त पदो के लिए निर्वाचन आयोजित होगा। इस के लिए मतदान केंद्रों की अधिसूचना भी जारी कर दी गई है।

नगरोटा बगवां समिति के तहत वार्ड नंबर-21 सलाह जंद्राह के लिए वार्ड नंबर-एक से पांच तक राजकीय माध्यमिक पाठशाला जंद्राह तथा खर्ट खास के वार्ड नंबर-एक से छह के लिए राजकीय उच्च पाठशाला खर्ट खास में मतदान केंद्र निर्धारित किए गए हैं। इसके साथ ही परागपुर ब्लॉक की डाडासीबा में पंचायत प्रधान के चुनाव के लिए मतदान केंद्र राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला डाडासीबा में निर्धारित किया गया है।

पंचरुखी ब्लॉक के तहत गदियाड़ा में पंचायत प्रधान के चुनाव के लिए वार्ड नंबर-एक से तीन तक राजकीय प्राथमिक पाठशाला सलियाणा तथा वार्ड नंबर-चार से नौ तक वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सलियाणा निर्धारित किया गया है तथा भरवाना में पंचायत प्रधान के चुनाव के लिए वार्ड नंबर-एक तथा तीन के लिए राजकीय प्राथमिक पाठशाला भरवाना तथा वार्ड नंबर-दो, चार तथा पांच के लिए राजकीय उच्च पाठशाला भरवाना मतदान केंद्र निर्धारित किए गए हैं। इसके साथ ही पंचरुखी ब्लॉक के तहत भिरड़ी पंचायत में उपप्रधान के लिए वार्ड नंबर-एक के लिए प्राइमरी स्कूल बडकुट, वार्ड नंबर-दो और पांच के लिए माध्यमिक पाठशाला भिरड़ी, वार्ड नंबर-तीन तथा चार के लिए प्राइमरी स्कूल भिरड़ी में मतदान केंद्र रहेगा तथा सुलह ब्लॉक के तहत रझूं गदियाड़ा पंचायत में उपप्रधान पद के लिए वार्ड नंबर एक से चार के लिए सीनियर सेकेंडरी स्कूल रंझू, वार्ड नंबर-पांच प्राइमरी स्कूल जमुला मतदान केंद्र निर्धारित किए गए हैं। सुलह ब्लॉक की पंचायत सन्हूं के वार्ड नंबर-तीन में पंचायत सदस्य के चुनाव के लिए सीनियर सेकेंडरी स्कूल सन्हूं तथा गरला पंचायत के वार्ड नंबर-तीन के वार्ड सदस्य के चुनाव के लिए पंचायत सामुदायिक भवन गरला में मतदान केंद्र निर्धारित किए गए हैं।

इसके साथ ही लंबागांव ब्लॉक की टंबर पंचायत के वार्ड नंबर-पांच के लिए वार्ड सदस्य के चुनाव के लिए राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टंबर मतदान केंद्र निर्धारित किया गया है।

### आठ से सायं चार बजे तक होगा मतदान

**जिला** निर्वाचन अधिकारी हेमराज बैरवा ने बताया कि 25 फरवरी को सुबह आठ बजे से सायं चार बजे तक मतदान करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि पंचायत प्रधान, उपप्रधान तथा वार्ड सदस्यों के मतों की गणना पोलिंग के बाद संबंधित पंचायत मुख्यालय पर करवाई जाएगी जबकि बीडीसी के मतों की गणना 26 फरवरी को ब्लॉक मुख्यालय पर करवाई जाएगी।

### मतदान केंद्रों की अधिसूचना की जारी




**धर्मशाला।** जिला निर्वाचन अधिकारी, उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि कांगड़ा जिला में पंचायतीराज संस्थाओं में रिक्त पदों के लिए 25 फरवरी को चुनाव होगा नामांकन वापस लेने के पश्चात कांगड़ा जिला में एक बीडीसी मेंबर, तीन पंचायत प्रधान तथा दो उपप्रधानों तथा तीन वार्ड सदस्यों के रिक्त पदो के लिए निर्वाचन आयोजित होगा। इस के लिए मतदान केंद्रों की अधिसूचना भी जारी कर दी गई है।

### आचार संहिता लगने से पहले भर्तियां करे सरकार

**धर्मशाला।** चुनावों से पहले टीजीटी, जेबीटी की भर्तियां प्रदेश सरकार करे नहीं तो चुनाव में कांग्रेस पार्टी का नो लाख जेबीटी, टीजीटी यूथ और उनसे जुड़े परिवार द्वारा बहिष्कार किया जाएगा। यह बात प्रेस को जारी एक बयान में जगदीश परयाल, अध्यक्ष जेबीटी, डीएलएड प्रशिक्षत बेरोजगार संघ ने कही। उन्होंने कहा कि टीजीटी, जेबीटी की भर्तियां न होने के कारण प्रदेश के लाखों बेरोजगारों में आक्रोश बढ़ता ही जा रहा है। इस समय प्रदेश के स्कूलों में टीजीटी, जेबीटी के हजारों पद रिक्त चल रहे हैं। इससे बच्चों की पढ़ाई तो बाधित हो ही रही है, साथ ही नौकरी के इंतजार में बैठे युवाओं के सब्र का बांध भी टूटता जा रहा है। युवा मानसिक तनाव से गुजर रहे हैं। स्कूलों में टीजीटी, जेबीटी के हजारों पद रिक्त पड़े हुए हैं, पिछले काफी समय से टीजीटी, जेबीटी की भर्तियां न होने के कारण अब बेरोजगारों का भी सरकार के प्रति गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया है। संघ के सदस्यों मुकेश, गुलजार, नीतिका, शेफाली व रोहित आदि का कहना है कि अगर सरकार जल्द टीजीटी, जेबीटी भर्तियों की बैचवाइस जोइनिंग और कमीशन एग्जाम की नोटिफिकेशन नहीं निकालती है तथा अस्थाई की जगह स्थायी भर्ती नहीं की जाती है तो बेरोजगार युवा परिवार सहित आने वाले चुनावों में सरकार का बहिष्कार करेंगे। साथ ही विकल्प के रूप में सरकार की खिलाफ वोट करेंगे। सरकार प्रदेश के बेरोजगार युवाओं को हलके में न ले और अस्थायी भर्ती बंद करके स्थायी रोजगार दे। जगदीश परयाल ने कहा कि सरकार आस्थाई भर्ती करवाने के बारे में सोचे, अन्यथा हजारों के हिसाब से बेरोजगार युवा राजधानी की सड़कों पर दिखेंगे और अनशन से भी पीछे नहीं हटेंगे। उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद है मुख्यमंत्री अपने वादे को पूरा करेंगे परंतु अगर ऐसा नहीं होता है तो उन्हें मजबूरन सड़कों पर उतरना पड़ेगा।



नगरोटा बगवां। राजीव गांधी इंजीनियरिंग कॉलेज नगरोटा बगवां मसल को प्रदेश सरकार द्वारा कंप्यूटर साइंस विषय की मंजूरी मिलने की खुशी में हिम जन जागरण के प्रतिनिधियों ने कॉलेज के प्रधानाचार्य बंसल को बधाई दी। इस अवसर पर लड्डू बांटे गए और मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू एवं नगरोटा बगवां के विधायक आरएस बाली का आभार व्यक्त किया गया।

# दाड़ी के वृद्धाश्रम में सकुशल है वृद्धा कृष्णा देवी

## एसडीएम ने पूछा कुशलक्षेम, सलामती का फोटो भी मंगवाया

**स्वामी राम शर्मा, नगरोटा बगवां**

अनंत ज्ञान फॉलोअप

बहू के हाथों धोखाधड़ी की शिकार और प्रताड़ना के बाद बड़ोह के गारली गांव की जिस पीड़ित विधवा सास कृष्ण देवी को नगरोटा बगवां के एसडीएम मुनीष शर्मा ने दाड़ी स्थित वृद्धाश्रम में पहुंचाया था वह सकुशल है।

वृद्धा वहां खुशी-खुशी अपना जीवन व्यतीत कर रही है। एसडीएम ने पीड़ित महिला का कुशलक्षेम जानने के लिए वृद्धाश्रम के प्रशासन से बात की और वहां से उसकी सलामती की फोटो भी मंगवाई। गौरतलब है कि कृष्णा देवी की बहू ने जमीन की पावर ऑफ अटॉर्नी लेने के बाद हस्ताक्षर करवाकर सास की जमीन को बेच दिया था। जब सास को जमीन बेचने की भनक मिली तो वह दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर हो गई थी। यही नहीं, उसे कहीं रहने के लिए ठिकाना भी नहीं मिल रहा था। ऐसे में उसने कंडी गांव के रेन शेल्टर को हो अपना आश्रय बना लिया और दो दिन तक वहीं कड़क ठंड में रहने को मजबूर हुई थी। ये तो भला हो एसडीएम मुनीश शर्मा का जिन्होंने खुद मामले का संज्ञान लेकर वृद्धा को रेस्क्यू करने का जिम्मा उठा लिया वरना उक्त पीड़ित महिला इतनी ठंड में दम तोड़ देती। रविवार को ही पुलिस थाना प्रभारी रमेश ठाकुर की अगुआई में वृद्धा को दाड़ी स्थित वृद्धाश्रम में सुरक्षित भिजवाया गया था। (अनंत ज्ञान)



वृद्धाश्रम दाड़ी में सोमवार को खुश नजर आई पीड़ित महिला कृष्णा देवी ।

### नेक और दरियादिल हैं एसडीएम मुनीष शर्मा

**नगरोटा बगवां** के एसडीएम मुनीष शर्मा अपनी नेक और दरियादिली के लिए पहले से विख्यात हैं। जहां कहीं भी कोई अप्रिय घटना हुई हो वह खुद मौका-ए-वारदात पर पहुंचकर पीड़ित परिवारों की सहायता करने में जुट जाते हैं। इस ताजा घटनाक्रम के बाद इलाके के लोग अब उन्हें मसीहा की संज्ञा देने लगे हैं। बताते चलें कि नगरोटा बगवां उपमंडल में बीते साल जब भारी बरसात ने तबाही मचाई थी तो कई लोगों के घर गिर गए थे। पीड़ित लोगों को सिर छुपाने के लिए कोई जगह तक नहीं बची थी। सड़कें बाधित हो गई थी। उस वक्त एसडीएम ने पीड़ित लोगों को रहने के लिए वैकल्पिक प्रबंध करवाए थे और राहत सामग्री बंटवाई थी। वहीं, उन्होंने लोक निर्माण विभाग के उच्च अधिकारियों ने चंद दिनों में ही टूटे संपर्क मार्गों को जेसीबी की मदद से बहाल कर दिया था।

# नीलामी और जुर्माने से जुटाए लाखों रुपए

## जिला खनन अधिकारी राजीव कालिया ने दी जानकारी, 1154 मामलों में की कार्रवाई

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

खनन को लेकर जिला में खड्डों से रेत-बजरी की नीलामी तथा सैकड़ों मामलों में कारवाई को अंजाम देकर लाखों रूपए का राजस्व जुर्माने के रूप में जुटाया गया है। आंकड़ों पर गौर करें तो खनन विभाग के अलावा पुलिस ही दूसरा ऐसा महकमा है जो अवैध खनन पर कारवाई को अंजाम दे रहा है। हालांकि कारवाई को लेकर कई अन्य विभाग भी सरकार की ओर से अधिकृत किए गए हैं।

आंकड़ों के अनुसार जिला भर में 2023-24 वित्तीय वर्ष में जनवरी तक खनन विभाग ने 7 खड्डों से निकाले गए 6631 मीट्रिक टन रेत-बजरी से 8,97,000 रुपए का राजस्व जुटाया गया है। इसके अलावा जिला भर में अवैध खनन के 1154 मामलों में कारवाई की गई है। इनमें खनन विभाग ने 388 तो वहीं पुलिस विभाग ने अवैध खनन के 766 मामलों में कार्रवाई की है। गत वित्तीय वर्ष में अब तक 1154 मामलों में कारवाई करते हुए 4537960 रुपए का जुर्माना वसूला गया है। इनमें से खनन विभाग की ओर से की गई कारवाई में 33 मामलों में अदालत का फैसला आना बाकी है। (अनंत ज्ञान)

### खनन-पुलिस विभाग ही कर रहा कार्रवाई

**आंकड़ों** पर गौर करें तो जिला में जितने भी अवैध खनन के मामलों में अब तक कार्रवाई की गई है वो खनन विभाग के अलावा पुलिस विभाग ने ही की है। हालांकि कई अन्य विभागों को भी कार्रवाई करने के लिए अधिकृत किया गया है। वहीं, जमीनी हकीकत यह है कि खनन विभाग के अलावा पुलिस विभाग को छोड़ कर कोई भी विभाग कार्रवाई करता नजर नहीं आ रहा है।

### आगे भी जारी रहेगी कार्रवाई



**अवैध** खनन पर कार्रवाई को लेकर जानकारी देते हुए जिला खनन अधिकारी राजीव कालिया ने बताया कि अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इस कृत्य को अंजाम देने वालों के खिलाफ भविष्य में भी कार्रवाई जारी रहेगी।

### युवाओं ने लिया राष्ट्रीय युवा संसद में भाग

**धर्मशाला।** नेहरू युवा केंद्र जिला कांगड़ा द्वारा आज सोमवार को जिला स्तरीय राष्ट्रीय युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कांगड़ा और चंबा जिला के युवाओं ने भाग लिया। नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा अधिकारी विवेक कुमार ने बताया कि इस कार्यक्रम में युवाओं ने आत्मनिर्भर और विकसित भारत, भारत के विकास में युवाओं का योगदान और विश्व गुरु के रूप में भारत जैसे विषयों पर अपने विचार रखे। उन्होंने बताया कि जिला कांगड़ा से ऋतिका चंबयाल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा सव्यसाची द्वितीय स्थान पर रहे। वहीं, जिला चंबा से प्रथम स्थान पर दिशा और तीसा ब्लॉक के हेमराज ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन सफल रहा और प्रतिभागियों द्वारा रखे गए विचार बहुत ही महत्वपूर्ण थे।

# अबानिशा को मिस और काव्य को मिस्टर फेयरवेल चुना



**अनंत ज्ञान, गगल**

ठाकुर काशीराम मेमोरियल पब्लिक स्कूल मस्तपुर में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इसमें 11वीं के छात्र-छात्राओं ने 12वीं के छात्र छात्रों को विधाई पार्टी दी। प्रधानाचार्य उपेंद्र गुलेरिया ने बताया कि इस दौरान बच्चों ने विभिन्न संस्कृति कार्यक्रम भी पेश किए। इसमें अबानिशा को मिस फेयरवेल चुना गया और काव्य को मिस्टर फेयरवेल चुना गया।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य उपेंद्र गुलेरिया, नीता राणा, राम सिंह सहित अन्य अध्यापक मौजूद रहे। इस दौरान अवंतिका ने मनोरंजन टाइटल देकर समारोह को यादगार बनाया। कार्यक्रम में मिस पर्सनालिटी और मिस्टर पर्सनालिटी के चयन के लिए जजों ने प्रतिभावियों से सवाल पूछे। इसमें अर्चिता पठानिया 12वीं कॉमर्स की छात्रा ने हार्ड वर्क और स्मार्ट वर्क में अंतर स्पष्ट किया और केशव राणा ने कविता सुनाकर सबका दिल जीत कर मिस्टर पर्सनालिटी का खिताब हासिल किया।

### बाल स्कूल परागपुर में रंगारंग कार्यक्रम

**जसवां परागपुर।** राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला परागपुर में सोमवार को विदाई समारोह के उपलक्ष्य पर एक यादगार ढंग से फेयरवेल पार्टी का शानदार आयोजन किया गय। इस दौरान जहां जूनियर छात्रों ने अपने सीनियर छात्रों की इस विदाई पार्टी में मेहमानबाजी के लिए खान पान व सांस्कृतिक व रंगारंग कार्यक्रम पेश किए। वहीं, मुख्य आकर्षक मिस फेयरवेल और मिस फेयरवेल रहे। 12वीं की छात्रा मन्नत मिस फेयरवेल और विशाल मिस्टर फेयरवेल चुने गए। वहीं, विदाई पार्टी के अंत में प्रधानाचार्या सीमा कौसल ने सभी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षित व्यक्ति ही सभ्य नागरिक बनकर राष्ट्र की सेवा करता है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन को अपने लक्ष्य की प्राप्ति में लगाए तो उसे कामयावी अवश्य मिलती है।

### खराब मौसम के चलते इंडिगो का विमान आसमान में ही चक्कर लगाकर वापस दिल्ली लौटा




**गगल।** खराब मौसम के चलते आज सुबह इंडिगो का विमान दिल्ली से गगल तो जरूर आया परंतु खराब मौसम के चलते आसमान में ही चक्कर लगाकर दिल्ली को वापस चला गया। जानकारी देते हुए एयरपोर्ट के निदेशक धीरेंद्र सिंह ने बताया कि आज खराब मौसम के चलते इंडिगो का विमान आसमान में ही चक्कर लगाकर वापस चला गया और दूसरा इंडिगो का विमान की सेवा भी रद्द हो गई। निदेशक ने बताया कि आज सुबह एक ही एयर लाइंस का विमान दिल्ली से गगल पहुंचा बाकी सेवाएं लगभग बंद रही। इस समय गगल एयरपोर्ट पर छह फ्लाइट लैंड करती हैं। इनमें से दो स्पाइस जेट की और तो फ्लाइट एयर लाइंस की और दो इंडिगो विमान की जिन में से केवल आज एक ही एयर लाइंस के विमान ने अपनी सेवाएं दीं और इंडिगो का विमान खराब मौसम के चलते गग्गल एयरपोर्ट पर लैंड नहीं कर सका। इस पर यात्रियों को काफी मुश्किल का सामना करना पड़ा।

# मांगों को लेकर बोर्ड सचिव से मिला अध्यापक संघ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

दसवीं और बारहवीं के प्रश्न पत्र बोर्ड द्वारा नौवीं व 11वीं के प्रश्न पत्रों के साथ छोड़े जाएं। दसवीं और 12वीं के प्रेक्टिकल एग्जाम एक्सटर्नल किए जाएं। फ्लाइंग स्क्वायड में नॉन टीचिंग स्टाफ के बजाय टीचिंग स्टाफ की ड्यूटी लगाई जाए।

आठ किलोमीटर से अधिक दूरी से एग्जाम व पेपर चेकिंग डयूटी देने आने वाले शिक्षकों को टीए-डीए दिया जाए। प्रश्न बैंक के लिए शिक्षा बोर्ड विषय विशेषज्ञों की नियुक्ति सुनिश्चित करे। छात्र हित और शिक्षकों से जुड़ी विभिन्न मांगों को लेकर सोमवार को हिमाचल राजकीय अध्यापक संघ (एचजीटीयू) के प्रदेशाध्यक्ष वीरेंद्र चैहान व अन्य पदाधिकारियों ने प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड सचिव डॉ. मेजर विशाल शर्मा के साथ बोर्ड मुख्यालय धर्मशाला में बैठक की। बैठक उपरांत एचजीटीयू प्रदेशाध्यक्ष वीरेंद्र चौहान ने प्रेसवार्ता में बताया कि बोर्ड की ओर से लगभग सभी मांगों को सैद्धांतिक मंजूरी प्रदान कर दी गई है। उन्होंने बताया कि टीचर बोर्ड के लिए जो काम करते हैं, उससे दो फीसदी बोर्ड काट लेता है।

इसकी करोड़ों रुपए की राशि बोर्ड के पास पड़ी है। इस पर टीचर्स के लिए टीचर होलीडे होम की सुविधा उपलब्ध करवाने पर बोर्ड सचिव ने बताया कि ज्वालाजी में एक माह के भीतर आठ कमरों का होली डे होम टीचर्स को सौंप दिया जाएगा। धर्मशाला में भी जल्द यह सुविधा मिलेगी।

**अनदेखी** बैजनाथ के पंजाला गांव में छह माह से ताक रहा मरम्मत की राह

# लोनिवि का जुगाड़ : ड्रमों के सहारे टिकाया रेन शेल्टर

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**

अनंत ज्ञान स्पैशल

इसे कहते हैं जुगाड़बाजी। लोक निर्माण विभाग बैजनाथ मंडल के तहत पंजाला गांव में लोक निर्माण विभाग ने इंजीनियरिंग का ऐसा नायाब कारनामा कर दिखाया है जिसे देखकर हर कोई हतप्रभ है। यहां के रेन शेल्टर को तारकोल के ड्रमों के सहारे टिकाया गया है। करीब छह माह पहले यह गिरने की हालत में पहुंच गया था तब विभाग ने इसे सुरक्षित घोषित नहीं किया, बल्कि तारकोल के ड्रमों के सहारे ऐसे खड़ा कर दिया जो आज तक निर्माण सामग्री की राह ताक रहा है। हालांकि यह कोई स्थायी व्यवस्था नहीं है, लेकिन बीते छह महीने से यह रेन शेल्टर इसी तरह से खड़ा है। कहने को तो प्रदेश सरकार और विभागीय अधिकारी भी करोड़ों की घोषणाएं नित दिन कर रहे हैं, परंतु न जाने क्यों खंडहर बन चुके इस रेन शेल्टर की मरम्मत करने के लिए आखिर विभाग की जेब खाली क्यों है, यह सबकी समझ से परे है।

यह रेन शेल्टर जिस जगह बना है वहां पर साथ में हनुमान जी का मंदिर भी है। लोग दर्शन करने आते रहते हैं अधिकतर लोग यहीं से ही बाहर जाने के लिए बस लिया करते हैं । अगर ऐसे में कभी कोई एक भी ड्रम खिसक जाए तो बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय लोगों ने सरकार से मांग की है अतिशीघ्र इस रेन शेल्टर को बनाया जाए ताकि होने वाले बड़े हादसे को बचाया जा सके वरना इसकी हालत आज गिरा कल गिरा वाली हो जाएगी। (अनंत ज्ञान)



इसे कांग्रेस सरकार का व्यवस्था परिवर्तन कहें या कुछ और कि बैजनाथ के पंजाला गांव में इस तरह जुगाड़ से खड़े रेन शेल्टर को आज तक निर्माण सामग्री नसीब नहीं हो पाई।

# मोटिवेशन फिटनेस क्लब के सदस्यों ने की साफ-सफाई

**अतुल जसवाल, जयसिंहपुर**



लोअर लंबागांव मोटिवेशन फिटनेस क्लब द्वारा समाज के हितों के लिए दिन प्रतिदिन नए कार्य करता जा रहा है। जयसिंहपुर विधानसभा में, मोटिवेशन फिटनेस क्लब के सदस्यों द्वारा लोअर लंबागांव स्थित प्रसिद्ध बाबा कोडगिर मंदिर में लगे पानी के कूलर की साफ-सफाई करके पानी पिने योग्य बनाया और मंदिर में नई पानी की टंकी को लगवाया। इसके साथ घायल गाय इलाज करवाया और घायल कुत्ते का इलाज भी करवाया।

इसके साथ लोअर लंबागांव से एक गरीब व्यक्ति गंभीर बीमारी के साथ ग्रस्त है। इसका इलाज चंडीगढ़ पीजीआई में चला हुआ है। इनके परिजनों को इलाज करवाने हेतु आर्थिक सहायता पहुंचाई। मोटिवेशन फिटनेस क्लब के अध्यक्ष विकास राणा का कहना है क्लब के द्वारा निशुल्क स्कूल की छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर भी सिखाता है। इससे हमारे समाज की लड़कियों में सेल्फ कॉन्फिडेंस और बढ़ जाता है। फिजिकल फिट भी रहती हैं, इसके साथ स्कूल के बच्चों को नशे जैसी बुराइयों की आदत से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे मे जागरूक करता रहता है। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### बेन स्टोक्स बोले- अंपायर्स कॉल को हटा देना चाहिए



**राजकोट।** भारत के खिलाफ तीसरे टेस्ट में हार के बाद इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने डिसीजन रिव्यू सिस्टम (डीआरएस) से अंपायर्स कॉल हटाने की मांग की है। स्टोक्स तीसरे टेस्ट की दूसरी पारी में जैक क्रॉले को एलबीडब्ल्यू आउट दिए जाने के फैसले से निराश थे। इसी वजह से उन्होंने डीआरएस नियम में बदलाव की मांग की है। राजकोट में खेले गए इस मुकाबले को भारतीय टीम ने रिकॉर्ड 434 रनों से जीता और 5 मैचों की सीरीज में 2-1 की बढ़त बना ली है। चौथा मुकाबला रांची में 23 फरवरी से खेला जाएगा।

### मुंबई इंडियंस के लिए खेलने का मौका मिलेगा तो खेलूंगा : शेफर्ड



**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज के हरफनमौला खिलाड़ी रोमारियो शेफर्ड के लिए वेटिंग गेम खेलना कोई नई बात नहीं है। हालांकि उन्हें बांग्लादेश प्रीमियर लीग में प्रभाव डालने के लिए बहुत लंबा इंतजार नहीं करना पड़ा, उन्होंने चटोग्राम चैलेंजर्स के लिए अपने पहले मैच में रंगपुर राइडर्स के खिलाफ तीन विकेट हासिल किए और नाबाद 66 रन बनाए, लेकिन जब वह इंडियन प्रीमियर लीग के आगामी संस्करण में मुंबई इंडियंस (एमआई) में शामिल होंगे तो शायद उन्हें कम ही मौके मिलेंगे। पिछले सीजन में लखनऊ सुपर जाइंट्स द्वारा चुने जाने से पहले शेफर्ड ने सनराइजर्स हैदराबाद के लिए तीन मैच खेले थे, लेकिन उन्हें केवल एक ही मैच मिला था। इस बार, एमआई सेटअप में पहले से मौजूद मारक क्षमता को देखते हुए, आईपीएल में अंतिम एकादश में शामिल होने की उनकी संभावना बहुत कम है। गुयाना के रहने वाले 29 वर्षीय क्रिकेटर को अपने समय का इंतजार करना होगा और वह इसके बारे में काफी जागरूक हैं क्योंकि वह आईपीएल में सबसे बड़ी फ्रेंचाइजी में से एक में शामिल होने की तैयारी कर रहे हैं।

### शाहपुर में आज बिजली रहेगी बंद

**कांगड़ा।** विद्युत उपमंडल शाहपुर के अंतर्गत फोरलेन राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण कार्य के चलते 20 फरवरी को गांव छतडी, सिंहवा, ददरौली, घटनालु, खोली, भरनौली, चमडेरा वसाथ लगते क्षेत्रों में सुबह 10:30 बजे से सायं कार्य समाप्ति तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल शाहपुर ई. विक्रम शर्मा ने दी है और लोगों से सहयोग की अपील की है।

### बड़े वाहनों के लिए खुलेगा चक्की पुल

**नूरपुर।** एसडीएम गुरसिमर सिंह ने बताया कि पंजाब-हिमाचल की सीमा को जोड़ने वाले महत्वाकांक्षी चक्की पुल पर मार्च महीने से बड़े वाहनों की आवाजाही सुचारू रूप से शुरू हो जाएगी। उन्होंने बताया कि भारी बरसात के कारण पुल के क्षतिग्रस्त पिल्लरों की सुरक्षा के लिए नेशनल हाई-वे ऑथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा रिटेनिंग वॉल लगाई जा रही है, जिसका निर्माण कार्य युद्धस्तर पर जारी है तथा 20 मार्च तक यह समस्त कार्य पूरा कर लिया जाएगा।

### सीएम का एक वर्ष का कार्यकाल सुनहरा

**नूरपुर।** नूरपुर विधानसभा क्षेत्र में प्रदेश कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष अनुराग शर्मा ने प्रेसवार्ता कर केंद्र सरकार की कार्यशैली को जनविरोधी बताया। अनुराग शर्मा ने प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा जनकल्याण योजनाओं के प्रति अवगत करवाते हुए कुशल नेतृत्व बताया। सीएम सुक्खू के एक वर्ष कार्यकाल को सुनेहरा काल बताया। अनुराग शर्मा ने सीएम सुक्खू की कार्यकुशलता पर खुशी जाहिर करते हुए राष्ट्र के प्रथम पायदान पर उत्कृष्ट कार्य पर नामी गिरामी संस्थाओं ने पुरुस्कृत किया जो कि हिमाचल वासियों के लिए नाज की बात है।

### छात्रों ने जानी बैंकिंग प्रणाली

**नूरपुर।** राजकीय आर्य महाविद्यालय नूरपुर में सोमवार को करियर काउंसलिंग एंव प्लेसमेंट सैल द्वारा 'बैंकिंग सेक्टर में अवसर' विषय पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। वक्ता केवल सिंह ने बैंकिंग क्षेत्र में मौजूद विभिन्न अवसरों के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि छात्रों को बैंकिंग प्रणाली समझाई।

# भारतीय शेरों ने कैसे निकाली बैजबॉल की हवा

**एजेंसी, राजकोट**

राजकोट में भारत की रन के लिहाज से सबसे बड़ी टेस्ट जीत (434 रन) ने इस बात की गवाही भी दे दी है। इस जीत से टीम इंडिया ने इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की सीरीज में 2-1 की बढ़त हासिल कर ली है। चौथा मुकाबला रांची में 23 से 27 फरवरी के बीच खेला जाएगा। भारतीय प्लेयर्स ने पिछले 20 महीनों में इंग्लैंड को चमकाने वाले 'बैजबॉल' की हवा कैसे निकाली। इंग्लैंड ने पहला मुकाबला 28 रनों से जीता और सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली। हैदराबाद में खेले गए इस मुकाबले में इंग्लिश स्पिनर्स ने 18 विकेट निकाले। डेब्यू कर रहे टॉम हार्टले ने कुल 9 विकेट चटकाए। उन्होंने पहली पारी में 2 और दूसरी पारी में 7 बल्लेबाजों को आउट किया जो रूट को 5, जैक लीच और रेहान अहमद को 2-2 विकेट मिले। बल्लेबाजी के अनुकूल बनाई गईं फ्लैट पिचों पर इंग्लैंड के अनुभवहीन स्पिनर्स बेअसर हो गए। नतीजा यह रहा कि भारत ने दूसरा टेस्ट 106 और तीसरा टेस्ट 434 रनों से जीता।

**फ्लैट पिच बनवाईं और इंग्लिश स्पिनर्स बेअसर**

### यशस्वी-सरफराज ने खेले स्वीप शॉट



सीरीज में भारतीय टीम ने रजत पाटीदार, सरफराज खान और ध्रुव जुरेल जैसे युवा बल्लेबाजों को डेब्यू कराया। इससे मिडिल ऑर्डर में मजबूती आई। टॉप ऑर्डर में यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल पहले से मौजूद थे। इन युवाओं ने स्वीप और रिवर्स स्वीप शॉट खेले, जिससे इंग्लैंड की गेंदबाजी कमजोर हुई। सीरीज की 6 पारियों में यशस्वी जायसवाल 109 के औसत से 545 रन बना चुके हैं। गिल ने भी एक शतक और एक अर्धशतक के दम पर 252 रन बनाए, जबकि सरफराज खान ने डेब्यू मैच में दो अर्धशतकों के सहारे 130 रन का योगदान दिया।

# जसप्रीत बुमराह को चौथे टेस्ट से मिल सकता है आराम

**एजेंसी, नई दिल्ली**



तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को भारत और इंग्लैंड के बीच चल रही टेस्ट सीरीज के चौथे मुकाबले से आराम दिया जा सकता है। यह दावा क्रिकेट वेबसाइट क्रिकबज ने किया है। वेबसाइट ने एक रिपोर्ट में लिखा कि बुमराह धर्मशाला में पांचवां और अंतिम टेस्ट खेलेंगे या नहीं, इसका फैसला बाद में होगा और यह 23 फरवरी से शुरू होने वाले चौथे टेस्ट के नतीजे पर निर्भर करेगा।

30 साल के बुमराह इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में टॉप विकेटटेकर हैं। वे तीन मैचों में सबसे ज्यादा 17 विकेट ले चुके हैं। रिपोर्ट में बताया गया कि टीम इंडिया मंगलवार 20 फरवरी को राजकोट से रांची के लिए उड़ान भरेगी और बुमराह के टीम के साथ यात्रा करने की संभावना नहीं है। वे सोमवार को राजकोट से अहमदाबाद जा सकते हैं। किसी और खिलाड़ी के अगला टेस्ट नहीं खेलने की कोई सूचना नहीं है। हालांकि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) का कोई अधिकृत बयान नहीं आया है।

### बुमराह को आराम क्यों दिया गया?

**वर्कलोड** मैनेजमेंट के तहत बुमराह को आराम देकर आखिरी टेस्ट में तरोताजा रखना है। बुमराह इस सीरीज के तीन मुकाबलों में 17 विकेट लिए हैं। वे तीन मैचों में 80.5 ओवर गेंदबाजी कर चुके हैं। ऐसे में सिलेक्टर्स को लगता है कि उन्हें आराम की जरूरत है।

# सस्ते में निपटी हिमाचल की पारी, बड़ौदा के भी जल्दी गिरे विकेट

**अनंत ज्ञान, ऊना**

**सीके नायडू क्रिकेट ट्रॉफी**

सीके नायडू क्रिकेट ट्रॉफी के तहत हिमाचल का मुकाबला बड़ौदा के साथ अटल बिहारी वाजपेयी स्टेडियम नादौन अंमतर में चल रहा है। दूसरे रोज सोमवार को कम रौशनी के कारण अधिक ओवर नहीं खेले गए। इससे पहले रविवार को शरू हुए इस मुकाबले में हिमाचल की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए मात्र 133 रन बनाए। हर दफा की तरह इस बार भी बल्लेबाजों का प्रदर्शन निराशाजनक ही रहा। मृदुल सरोच ने 42 रन बनाए, अमनप्रीत ने 24 रन, दिवेश शर्मा ने 12 और पूर्व राज ने 11 रन बनाए। शेष कोई बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा पार न कर सका।

बड़ौदा के आशुतोष दास ने 6 खिलाड़ियों को आउट किया। अंश पटेल ने तीन खिलाड़ियों को आउट किया लक्षित ने एक खिलाड़ी को आउट किया। हिमाचल के गेंदबाजों ने अच्छी गेंदबाजी करते हुए बड़ौदा के पांच खिलाड़ियों को जल्दी आउट कर दिया, दिन का खेल खत्म होने तक बड़ौदा की टीम ने 38 रन पर 5 विकेट गंवा दी थीं।

नित्या पांडे ने 10 रन बनाए, भविष्य पटेल ने 15 रन बनाए, अंश पटेल 10 रन बनाकर खेल रहे हैं, और तीन खिलाड़ी 0 रन बनाकर आउट हो गए। हिमाचल के दिवेश शर्मा ने अच्छी गेंदबाजी करते हुए 5 खिलाड़ियों को आउट किया। रोहित ठाकुर ने एक खिलाड़ी को आउट किया।

आज खराब रोशनी के कारण कम ओवर का ही खेल हो सका। बड़ौदा की टीम ने 54 रनों पर छह विकेट गंवा दी है। खराब रोशनी के कारण दो-तीन बार मैच रोकना पड़ा।

### जानिक सिनर ने जीता एबीएन एमरो ओपन एटीपी टूर्नामेंट का खिताब



**द हेग।** इटली के जानिक सिनर ने रविवार को रॉटरडैम में एबीएन एमरो ओपन एटीपी टूर्नामेंट के 51वें संस्करण का खिताब जीत लिया है। सिनर ने रोमांचक खिताबी मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के एलेक्स डी मिनौर को 7-5, 6-4 से हराया। जनवरी में ऑस्ट्रेलियन ओपन जीतने के बाद, 22 वर्षीय सिनर बहुत आत्मविश्वास के साथ रॉटरडैम आए और टूर्नामेंट जीतने के प्रबल दावेदार थे। शनिवार के सेमीफाइनल में उन्होंने स्थानीय पसंदीदा टालोन ग्रिक्सपुर को 6-2, 6-4 से हराया था। एटीपी विश्व रैंकिंग में 11वें स्थान पर मौजूद डी मिनौर के खिलाफ फाइनल लंबी रैलियों से भरा एक आकर्षक मैच था। सिनर के लिए चार सेट प्वॉइंट चूकने के बाद डी मिनौर ने ब्रेक के साथ स्कोर 5-5 कर दिया, लेकिन एक गेम के बाद, ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी फिर से पीछे हो गए और सेट गंवा दिया। दूसरे सेट में, सिनर ने डी मिनौर को कोई मौका नहीं दिया और आसानी से दूसरा गेम 6-4 से जीतकर खिताब अपने नाम कर लिया।

# शैफाली के साथ बल्लेबाजी की शुरुआत करना मजेदार : लैनिंग

**एजेंसी, बेंगलुरु**



महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2024 के लिए जेएसडब्ल्यू और जीएमआर की सह-स्वामित्व वाली फ्रेंचाइजी दिल्ली कैपिटल्स की तैयारियां जोरों पर हैं, क्योंकि उनका लक्ष्य पिछले सीजन के अपने उपविजेता प्रदर्शन में सुधार करना है।

बेंगलुरु में टीम के साथ अपने पहले प्रशिक्षण सत्र के बाद दिल्ली की कप्तान मेग लैनिंग फ्रेंचाइजी द्वारा जारी एक आधिकारिक बयान में कहा कि यहां आकर थोड़ा दौड़ना अच्छा लग रहा है। हर कोई वास्तव में अच्छी स्थिति में दिख रहा है। सभी में काफी सुधार हुआ है। मैं यह देखने के लिए बेहद उत्साहित हूं कि इस साल मैदान पर हमारा प्रदर्शन कैसा रहता है। महान महिला क्रिकेटरों में से एक लैनिंग ने डब्ल्यूपीएल के उद्घाटन संस्करण में दिल्ली कैपिटल्स को फाइनल में पहुंचाया, हालांकि टीम खिताब जीतने से चूक गई। उद्घाटन सत्र के अपने अनुभव के बारे में पूछे जाने पर, ऑस्ट्रेलिया की पूर्व कप्तान ने कहा कि मुझे पिछले साल का समय बहुत पसंद आया। शैफाली के साथ बल्लेबाजी की शुरुआत करना बहुत मजेदार था और यह कुछ ऐसा है जिसका मैं इस साल फिर से इंतजार कर रही हूं।

# दियोल-अमनी व धंडू में पानी की किल्लत

**अनिल छांगू, जवाली**

जवाली विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत कोठीबंडा के गांव दियोल, अमनी, धड्डू में पेयजल के लिए हाहाकार मचा हुआ है। गर्मियों से पहले ही पेयजल व्यवस्था चरमरा गई है। लोग पानी की बूंद-बूंद को तरस रहे है।

दूरदराज के कुओं, और हैंडपंपों, बावड़ियों, से सिर पर घड़े उठाकर पानी ला रहे हैं या फिर टैंकरों से पानी मंगवाना पड़ रहा है।

स्थिति इतनी भयंकर हो गई है कि लोगों को हफ्ते बाद भी नलों से एक बाल्टी भी पानी की नसीब नहीं हो रही है। वहीं, स्थानीय लोगों ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, जल शक्ति मंत्री मुकेश अग्निहोत्री से मांग की है कि ग्रामीणों को पेयजल देने के सख्त निर्देश दिए जाएं अन्यथा विभागीय कार्यालय के बाहर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)



बिना पानी की खाली बालटियां।

### काफी दिन से चल रही पानी की समस्या

**वहीं,** इस संबंध में ग्राम पंचायत कोठीबंडा की प्रधान मनप्रीत कौर ने कहा कि मेरी पंचायत के इन गांवों में पानी की समस्या काफी दिनों से चल रही है। उन्होंने कहा कि मैनें विभाग को कई बार इस समस्या के बारे अवगत करवाया है, लेकिन अभी तक कोई हल नहीं हुआ है।

# सबसे बड़ी नगर पंचायत बैजनाथ पपरोला का फ्लोर टेस्ट आज

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

प्रदेश की सबसे बड़ी नगर पंचायत बैजनाथ पपरोला के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के भविष्य का फैसला मंगलवार को होने जा रहा है ।

इसी महीने की पहली तारीख को वर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष कांता देवी तथा उपाध्यक्ष वेदना कुमारी के विरुद्ध संघर्ष का बिगुल बजाते हुए नगर पंचायत के 11 पार्षदों में से छह ने अविश्वास प्रस्ताव डीसी कांगड़ा के समक्ष पेश किया था । जिस पर उप मंडल अधिकारी नागरिक बैजनाथ देवी सिंह ठाकुर ने 20 फरवरी को फ्लोर टेस्ट का समय दिया हुआ है । जिस तरह से फ्लोर टेस्ट को लेकर इस पूरे घटनाक्रम के सूत्रधार अमित कपूर और उनकी टीम अस्वस्त है उससे तो ऐसा ही लग रहा है कि मौजूदा नगर पंचायत अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष की रवानगी लगभग तय ही है । इसका मुख्य कारण यह भी है कि अमित कपूर एंड पार्टी की अविश्वास प्रस्ताव को लेकर आपसी एकता की कई दौर की बैठकें आपस में हो चुकी है तथा एकता में बल है इस तरह के कसीदे भी पढ़े जा चुके हैं। फ्लोर टेस्ट के इस पूरे घटनाक्रम को अंतिम अमलीजामा पहनाने के लिए इन लोगों ने यह भी तय कर रखा है कि कल यह सभी नाराज छह पार्षद इकट्ठे ही अविश्वास प्रस्ताव पर अंतिम मोहर लगाने के लिए निर्धारित जगह पर पहुंचेंगे । उधर मौजूदा नगर पंचायत अध्यक्ष कांता देवी ने साफ कर दिया है कि चाहे कोई कितने भी दावे करें परंतु आज भी प्रयास बहुमत उनके पास है ।

### बजट सराहा

**पपरोला।** जिला कांग्रेस कमेटी जिला कांगड़ा के उपाध्यक्ष एवं सेंटरल वार रूम लोकसभा संसदीय चुनाव क्षेत्र मंडी के समन्वयक त्रिलोक सूर्यवंशी ने कहा कि सुक्खू सरकार का बजट अत्यंत प्राकृतिक आपदाओं से उत्पन्न हुए वितीय संकट के बाबजूद भी सर्वागीण विकास करने बाला बजट है। त्रिलोक सूर्यवंशी ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने प्रदेश के सभी वर्गों को ध्यान में रखते हुए वर्ष 2024-25 का शानदार बजट प्रस्तुत किया है। त्रिलोक सूर्यवंशी ने कहा कि सुक्खू सरकार के प्रस्तुत बजट में आशा कार्यकर्ताओं के मानदेय में 300 रुपए प्रति माह बढोत्तरी की गई है अब इन कार्यकर्ताओं को प्रतिमाह 5500 रुपएमिलेंगे। मिड-डे मील कार्यकर्ताओं के मानदेय में भी 500 रुपए की बढोत्तरी की गई है।

### किसान हितैषी व हर वर्ग के लिए हितकारी है बजट

**कांगड़ा।** शाहपुर के विधायक केवल सिंह पठानिया ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा प्रस्तुत किए अपने दूसरे बजट को दूरदर्शी एवं किसान हितैषी बताया है। उन्होंने शाहपुर में किसानों को संबोधित करते हुए विधायक पठानिया ने कहा कि सुक्खू सरकार का यह बजट एक ऐतिहासिक बजट है। इसमें प्रदेश के हर वर्ग को लाभान्वित किया गया है, चाहे वह प्रदेश का किसान हो या बेरोजगार युवा हो तथा किसानों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्राकृतिक खेती के अंतर्गत रोजगार के अवसर तथा आय में वृद्धि की जाएगी। बेरोजगार युवाओं को प्राकृतिक खेती के लिए प्राकृतिक रूप से उगाए गए गेहूं को 40 तथा मक्की को 30 प्रति किलोग्राम समर्थन मूल्य के भाव पर सरकार खरीदा जाएगा। वहीं, इसी दिशा में किसानों को मजबूती प्रदान करने के लिए 36000 किसानों को प्राकृतिक खेती के साथ जोडा जाएगा। हिमाचल प्रदेश कृषि मिशन के अंतर्गत 2500 कृषि क्लस्टर समूहों को विकसित करके विभिन्न क्षेत्रों में हाई वेल्यू फसलों को बढ़ावा दिया जाएगा। प्रदेश में तीन नई सब्जी मंडियों का निर्माण किया जाएगा। पठानिया ने कहा कि विकट परिस्थितियों के बावजूद बजट में प्रत्येक वर्ग का ध्यान रखते हुए समाज में पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक राहत पहुंचाने का प्रयास झलकता है।

# कृषक बकरी पालन योजना से बढ़ाएं अपनी आय

**कपिल पंडित, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश कृषक बकरी पालन योजना का लाभ उठा कर किसान बकरी पालन को आय का एक अतिरिक्त साधन बना सकते हैं। योजना के तहत सरकार द्वारा बकरा-बकरी खदीर पर 60 प्रतिशत की सब्सिडी प्रदान की जाती है। कृषि-जलवायु परिस्थितियों की एक विस्तृत श्रृंखला के लिए बकरियों की अनुकूलन क्षमता ने इसे गरीब किसानों के लिए उपयुक्त बना दिया है। इस योजना का लाभ सभी श्रेणियों के किसान उठा सकते हैं। योजना का लाभ लेने वाले लाभार्थी की वार्षिक आय दो लाख रुपए से अधिक नहीं होनी चाहिए। योजना का उद्देश्य समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए आय सृजन के अवसरों को बढ़ाने के साथ-साथ मांस के उत्पादन में वृद्धि करना है।

योजना में निर्धारित इकाइयों के तहत दस मादा व एक नर की खरीद पर सरकार की ओर से करीब 23,200 रुपए का अनुदान प्रदान किया जाएगा। चार मादा व एक नर की खरीद पर करीब 16,800 रुपए और दो मादा एवं एक नर की खरीद पर 10,800 रुपए का अनुदान दिया जाता है।

वहीं, उपनिदेशक पशुपालन विभाग कांगड़ा डॉ. संजीव धीमान ने बताया कि कृषक बकरी पालन योजना का लाभ लेने के लिए लाभार्थी पशुपालन विभाग की अधिकारिक वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि पशुपालन व्यवसाय के क्षेत्र में बकरी पालन एक लाभदायक व्यवसाय है और कम लागत में अधिक मुनाफा कमाया जा सकता है। (अनंत ज्ञान)

**व अदालत तहसीलदार प्रथम श्रेणी एवं कार्यकारी दंडाधिकारी, तहसील नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा**

मिसल नं. तह/2023 (RMS)
ता. दा. 07/09/2022
ता. पेशी 28-02-2024

**अनुमान मुकदमा**

श्री जीत सिंह पुत्र श्री रसीला, निवासी वार्ड-2 नगरोटा बगवां, तहसील नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा।
प्रार्थी पक्ष बनाम आम जनता
प्रत्याक्षी पक्ष

**विषय :** प्रार्थना पत्र भू-राजस्व अधिनियम 1954 की जेर धारा 37 के अंतर्गत राजस्व रिकॉर्ड में नाम दुरुस्ती करने बारे।

**अखबारी इश्तहार**

प्रार्थना पत्र प्रार्थी श्री जीत सिंह पुत्र श्री रसीला निवासी वार्ड नंबर-2, नगरोटा बगवां, तहसील नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा, हि.प्र. ने अदालत में उपस्थित होकर आवेदन किया है कि महाल व मौजा नगरोटा बगवां, पटवार वृत्त नगरोटा बगवां के राजस्व रिकॉर्ड में मेरा नाम जीतो राम पुत्र रसीला दर्ज है जो कि गलत है दुरुस्ती की जाए। मेरा सही नाम जीत सिंह पुत्र रसीला है। दर्ज करने का आग्रह किया है। अतः इस अदालती अखबारी इश्तहार द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि यदि किसी को भी इस नाम दुरुस्ती करने बारे कोई एतराज हो तो वह असालतन या वकालतन एतराज दिनांक 28-02-2024 को अदालत में पेश कर सकते हैं। हाजिर न होने की सूरत में एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जाएगी और नियमानुसार नाम दुरुस्ती के आदेश पारित कर दिए आएंगे।

आज दिनांक 29-01-2024 को मेरे हस्ताक्षर मुहर सहित जारी हुए।
क्रमांक 80/रीडर-1
दिनांक 29/1/2004
तहसीलदार प्रथम श्रेणी एवं
कार्यकारी दंडाधिकारी, त. नगरोटा बगवां

## अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी, श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

**मेष :** किसी पारिवारिक सदस्य के कारण तनाव मिल सकता है। भावुकता पर नियंत्रण रखना होगा। शिक्षा के क्षेत्र में मिलेगी सफलता।

**वृषभ :** बुद्धि कौशल से किया गया कार्य सफल होगा। पारिवारिक दायित्व की पूर्ति होगी। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा।

**मिथुन :** निजी संबंध प्रगाढ़ होंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद होगी।

**कर्क :** किया गया पुरुषार्थ सार्थक होगा। कर्म क्षेत्र में सफलता मिलेगी। जबकि भावनात्मक मामलों में तनाव मिल सकता है।

**सिंह :** आर्थिक योजना साकार होगी। संतान के दायित्व की पूर्ति होगी। व्यावसायिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। गृह उपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी।

**कन्या :** भावुकता पर नियंत्रण रखें। उत्तेजना की स्थिति तनावपूर्ण है। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की आवश्यकता है।

**तुला :** पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। गृह उपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**वृश्चिक:** रश्तों में मधुरता आएगी। जीवनसाथी का सहयोग और सानिध्य मिलेगा। उपहार या सम्मान का लाभ मिलेगा।

**धनु :** सामाजिक कार्यो में रुचि लेंगे। सांस्कृतिक एवं व्यावसायिक योजना फलीभूत होगी। व्यर्थ के वाद-विवाद में न पड़ें।

**मकर :** बहुप्रतीक्षित कार्य के संपन्न होने से आपके प्रभाव तथा वर्चस्व में वृद्धि होगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**कुंभ :** पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। संबंधों में मधुरता आएगी। यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद होगी।

**मीन :** पारिवारिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। गृह कार्य में व्यस्त हो सकते हैं। भागदौड़ रहेगी, लेकिन ससुराल पक्ष का सहयोग मिलेगा।

### आज का पंचांग

(20 फरवरी, 2024)

**विक्रमी संवत :** 2080, **शक संवत :**1945 (शोभकृत), **मास :** माघ, **तिथि : एकादशी** (09:58): **नक्षत्र :** आर्द (12:13), **पक्ष :** शुक्ल (11:45), करण: वणिज (09:58) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित, राहुकाल 12:12 - 12:57।

### विशेष दिन

- 20 फरवरी जया एकादशी आज।
- 21 फरवरी प्रदोष व्रत

**प्रतियोगिता** — प्रदेशभर से 150 से अधिक मास्टर खिलाड़ी दिखा रहे हैं दमखम

# मास्टर बैडमिंटन चैंपियनशिप धर्मशाला में शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश मास्टर बैडमिंटन चैंपियनशिप आज से धर्मशाला में आरंभ हुई। चैंपियनशिप का शुभारंभ हिमाचल प्रदेश हिमालयन गद्दी यूनियन के अध्यक्ष मोहिंद्र सिंह ने किया। उन्होंने इस मौके पर कहा कि खेले इंसान को रोजमर्रा के जीवन की मुश्किलों से लड़ना सिखाती हैं। साथ ही समय के साथ आगे बढ़ना और संयम रखना भी सिखाता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए प्रभावी कदम उठा रही है। हाल ही में खिलाड़ियों के पदक जीतने पर पुरस्कार राशि मे बढ़ोतरी और खेलों के आधारभूत ढांचे के किए बजट का पर्याप्त प्रावधान किया गया है। इस मौके पर एसपी विजिलेंस कांगड़ा बलवीर ठाकुर और डाइट कांगड़ा की प्रिंसिपल नीना पुंज बतौर विशिष्ट अतिथि मौजूद रही।

कांगड़ा जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के महासचिव विलास हंस और हिमाचल बैडमिंटन एसोसिएशन के महासचिव रमेश ठाकुर ने कहा कि इस प्रतियोगिता में प्रदेशभर से 150 से अधिक महिला व पुरुष खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। ये मास्टर बैडमिंटन प्रतियोगिता पांच, 40, 45, 50, 55, 60, 65, और 70 वर्ष आयु वर्गों में आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता 21 फरवरी तक चलेगी और इस प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी हरियाणा के पंचकूला में 16 मार्च से आयोजित होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिमाचल के प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रतियोगिता में आज विभिन्न आयु वर्गों में एकल, डबल और मिक्स डबल मुकाबले खेले गए।

महिलाओं के पांच वर्ष आयु वर्ग के फाइनल मुकाबले में कुल्लू की डिंपल और डॉक्टर पिंकी रॉय की जोड़ी कांगड़ा की हर्षिता और निशा को हरा कर चैंपियन बनी। जबकि एकल मुकाबले में कुल्लू की पिंकी रॉय ने कांगड़ा की रीना राठौर को हराकर फाइनल में जगह बनाई। इसी आयु वर्ग के मिक्स डबल फाइनल मुकाबले में योगेश और डिंपल की जोड़ी कांगड़ा के प्रशांत और हर्षिता की जोड़ी को हराकर विजेता बने। 40 वर्ष आयु वर्ग के मिक्स डबल मुकाबले में कांगड़ा के गौरव और कोलीन की जोड़ी शिमला के बलवंत झौटा और रचना की जोड़ी को हराकर विजेता बने। पुरुषों के पांच वर्ष आयु वर्ग मुकाबलों में ऊना में पुनीत ने सोलन के मनमोहन पाठक को, डॉक्टर मोहित ने धर्मेंद्र को, मंडी के कोमल ने कांगड़ा के अजय कपूर को, शिमला के प्रकाश ने मंडी के हैरी को, कांगड़ा के पंकज जसवाल ने ऊना के अजय को, चंबा के इतुल ने ऊना के डॉक्टर नीरज को और सोलन के प्रिंस ने बिलासपुर के अनिल कुमार को हराया।

# ओपिनियन

जिस चीज को आप चाहते हैं, उसमें असफल होना, जिस चीज को आप नहीं चाहते उसमें सफल होने से बेहतर है। -जॉर्ज बर्न्स



## हिमाचल प्रदेश में फिर चरमराएंगी स्वास्थ्य सेवाएं

**हिमाचल प्रदेश** में एक फिर स्वास्थ्य सेवाएं चरमरा जाएंगी, क्योंकि डॉक्टरों ने पेन डाउन स्ट्राइक पर जाने का फैसला कर लिया है। डॉक्टर अब हर रोज सुबह 9.30 से लेकर 12 बजे तक किसी भी मरीज का चेकअप नहीं करेंगे। वे केवल आपातकालीन सेवाओं में ड्यूटी देंगे। प्रदेशभर में डॉक्टरों की इस पेन डाउन स्ट्राइक का व्यापक असर पड़ने वाला है।

हिमाचल मेडिकल ऑफिसर्स एसोसिएशन अपनी मांगें मनवाने पर अडिग है तो वहीं, प्रदेश सरकार डॉक्टरों से बात नहीं कर रही है। डॉक्टरों ने दो टूक कहा है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं हो जातीं, तब तक पेन डाउन स्ट्राइक चलती रहेगी। ऐसे में गतिरोध दिन-ब-दिन बढ़ता ही जा रहा है, जिसका खामियाजा आमजन को भुगतना पड़ रहा है। अगर प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं का यही हाल रहेगा तो निश्चित रूप से लोग इलाज के लिए निजी डॉक्टरों के हाथों लुटने को मजबूर होंगे।

हालांकि, डॉक्टर यह दावा भी कर रहे हैं कि वे अपातकालीन सेवाओं को प्रभावित नहीं होने देंगे, लेकिन पूर्व के अनुभव भी काफी कड़वे रहे हैं। डॉक्टर अपने वचन पर कितने कायम रहते हैं, यह देखना दिलचस्प रहेगा। यह तो तय है कि हिमाचल के सरकारी अस्पतालों में मरीजों की मुश्किलें बढ़ने ही वाली हैं। सुबह से ही डॉक्टर हड़ताल पर रहेंगे तो अस्पताल में मरीजों का इलाज भला कैसे चलेगा। शिमला के सबसे बड़े आईजीएमसी अस्पताल में तो हालत और भी बिगड़ गए हैं। यहां सभी ओपीडी के बाहर लंबी लाइनें लगी रहती हैं। मरीजों का चेकअप नहीं हो रहा है। यहां प्रदेश के दूरदराज के क्षेत्रों से अस्पताल पहुंचे मरीजों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। लोग अब सरकार को कोसना शुरू हो गए हैं। वह कह रहे हैं कि इस बारे में या तो पहले कोई व्यवस्था करनी चाहिए थी या डॉक्टरों की मांगें पूरी करनी चाहिए थीं। मेडिकल ऑफिसर्स एसोसिएशन की मांगों को पूरा करने के लिए काफी पहले समितियां बनाने की बात कही गई थी, लेकिन डेढ़ वर्ष बाद भी कमेटियां नहीं बन पाईं। इसे विडंबना ही कहा जा सकता है।

आखिर डॉक्टर बार-बार हड़ताल का रुख क्यों अख्तियार कर लेते हैं, यह सोचने वाली बात है। विभागीय प्रमोशन कमेटी खंड चिकित्सा अधिकारियों को प्रमोट करने में भी असमर्थ रही है। पहले डॉक्टर एक महीने तक काले बिल्ले लगाकर हर रोज प्रदर्शन करते थे, तो उससे मरीजों और तीमारदारों को कोई फर्क नहीं पड़ता था, क्योंकि इलाज होने का भरोसा रहता था, लेकिन अब डॉक्टरों के ताजा फैसले से मरीज परेशान हो गए हैं।

प्रदेश सरकार को इस मामले में ध्यान देने की आवश्यकता है। सरकार को सुनिश्चित कराना चाहिए कि स्वास्थ्य से जुड़े मसलों को वह गंभीरता से सुलझाएगी। सरकार को जल्द से जल्द यह मामला सुलझा लेना चाहिए, वरना विपक्ष के हाथ बैठे बिठाए एक और मुद्दा लग जाएगा। विपक्ष इस मसले को आगामी लोकसभा चुनाव में खूब भुना सकता है, इसलिए सरकार को अभी से ही इस बाबत कोई निर्णय लेकर डॉक्टरों को शांत कर आंदोलन पर विराम लगा देना चाहिए, वरना हालात बिगड़े तो संभले नहीं संभलेंगे।

# डेना मेरियम की किताब 'द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ सीता' जरूर पढ़ें



लेखक : आरके सिन्हा
(वरिष्ठ संपादक, पूर्व सांसद)

**भारत**, राम और हिंदी को लेकर विदेशी विद्वानों में सदियों से जिज्ञासा का भाव बना रहा है, जिसे पता नहीं क्यों हमारे अपने बुद्धिजीवी और इतिहासकार छिपाने का भरपूर प्रयास करते रहे हैं। इन जिज्ञासुओं में अनेक यूरोपीय, अमेरिकी, चीनी, अरबी और जापानी विद्वान भी शामिल रहे हैं। उन नामों में से अब एक नाम अमेरिकी लेखिका डेना मेरियम का भी जुड़ गया है। वह बीते चार दशक से हिंदू धर्म का गहन अध्ययन कर रही हैं। अब उन्होंने माता सीता पर गहन शोध के बाद एक किताब 'द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ सीता' लिखी है। बीते माह अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के आलोक में डेना मेरियम की माता सीता पर आई किताब महत्वपूर्ण मानी जानी चाहिए। उनके अपने देश अमेरिका में भी प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर अभूतपूर्व उत्साह देखने में आया था। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर के फेमस टाइम स्क्वायर पर भी दिखाया गया था। अमेरिका के हर शहर में राम मंदिर उद्घाटन कार्यक्रम का टेलीकास्ट किया गया था।

डेना मेरियम की 'द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ सीता' ने तुरंत विद्वानों का ध्यान आकर्षित किया है। माता सीता पर किए गए मूल शोध को नजरअंदाज करना असंभव है। माता सीता आधुनिक समाज की नारी के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। यदि नारी मां सीता के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात कर ले तो उसका जीवन भी आनंदमय होकर संकट मुक्त हो जाएगा। माता सीता का जीवन आधुनिक परिवेश में भी अनुकरणीय है। पतिव्रत धर्म का पालन करते हुए उन्होंने राजमहल का ऐश्वर्य का त्याग कर वन में संघर्षशील जीवन बिताया। इतना ही नहीं पति के आदेशानुसार अपने द्वितीय निर्वासन के दौरान वन में साधारण स्त्री की तरह रहते हुए व एक आदर्श मां का कर्तव्य निभाते हुए उच्च आदर्श स्थापित किया। आज के समाज में उन आदर्शों का तो लोप होता जा रहा है।

डेना मेरियम की पुस्तक को देखकर स्वर्गीय कथाकार-उपन्यासकार मृदुला सिन्हा जी का स्मरण हो उठता है, जिन्होंने दशकों पूर्व इसी विषय पर एक अद्भुत उपन्यास 'सीता पुनि बोली' लिखा था। डेना मेरियम भी प्रख्यात हिंदी सेवी और रामचरित मानस के प्रकांड विद्वान फादर कामिल बुल्के की तरह ही हिंदी की उद्भट विद्वान हैं। यह निर्विवाद है कि माता सीता के बिना राम अधूरे हैं। माता सीता पृथ्वी से जन्मी एक देवी हैं। वह हिंदू धर्म में समृद्धि, धन और सुंदरता की देवी लक्ष्मी का अवतार भी मानी जाती हैं। सीता को आदर्श पत्नी और महिला के रूप में चित्रित किया गया है, जबकि उनके पति राम, भगवान विष्णु के अवतार, रामायण के नायक और आदर्श पति और मर्यादा पुरुषोत्तम हैं।

माता सीता, जिनकी भारत पूजा करता है, पर किताब लिखने के लिए डेना मेरियम ने भारत में ऋषिकेश, अयोध्या और वैष्णो देवी जैसे कई हिंदू तीर्थ स्थानों की यात्रा की है। उनके लिए भारत दूसरे घर की भांति है। वह मैक्स मूलर और फादर कामिल बुल्के की परंपरा की विदेशी हैं, जिन्होंने भारत और हिंदू धर्म के अहम प्रतीकों का गहराई से अध्ययन किया। डेना मेरियम परमहंस योगानंद की शिष्या और क्रिया योग ध्यान की अभ्यासी रही हैं। वह वैदिक परंपरा के महान ग्रंथों की भी लंबे समय से छात्रा रही हैं। यह सुखद है कि एक विदेशी लेखिका माता सीता पर एक प्रमाणिक पुस्तक लिखे। 'द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ सीता' को प्रसिद्ध प्रकाशक 'मोतीलाल बनारसीदास पब्लिशिंग हाउस' ने प्रकाशित किया है।

डेना मेरियम अपनी पुस्तक में सीता के जीवन की पारंपरिक कथा को प्रतिस्थापित करती है। माता सीता वास्तव में देवी नारायणी का अवतार हैं। सीता उस समय एक नई सभ्यता की नींव रखने में श्रीराम के साथ शामिल होने के लिए पृथ्वी पर आती हैं, जब मनुष्य प्राकृतिक दुनिया से अलग होने लगा था। वह लोगों के दिल और दिमाग में, जंगलों और नदियों, पौधों और जानवरों के जीवन के लिए एक महान प्रेम पैदा करना चाहती हैं। किसे नहीं पता कि फादर कामिल बुल्के के लिए भारत अपनी मातृभूमि से भी कहीं ज्यादा प्यारा था। बेल्जियम में जन्मे फादर कामिल बुल्के ने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से 'रामकथा उत्पत्ति और विकास' पर डाक्टरेट किया और रांची के सेंट जेबियार्स कॉलेज में जिंदगी भर हिंदी पढ़ाया ।

यह असंभव है कि हिंदी पट्टी के किसी शख्स ने उनका नाम न सुना हो या अंग्रेजी के किसी जटिल शब्द का हिंदी में सही और उपयुक्त शब्द जानने के लिए फादर कामिल बुल्के द्वारा निर्मित शब्दकोष के पन्ने नहीं पलटे हों। फादर बुल्के आजीवन हिंदी की सेवा में जुटे रहे। वह हिंदी-अंग्रेजी शब्दकोश के निर्माण के लिए सामग्री जुटाने में सतत प्रयत्नशील रहे। आज उनका अंग्रेजी-हिंदी शब्दकोष सबसे प्रमाणिक माना जाता है। मुझे सौभाग्य है कि अनेक वर्ष रांची में होने वाले तुलसी जयंती समारोहों में उन्हें सुना और अनेक बार उनसे मिला। एक सौभाग्य की बात यह रही कि मेरी पत्नी उन्हीं की शिष्य रहीं और उन्हीं के मार्गदर्शन में रांची विश्वविद्यालय से हिंदी में एमए किया। डेना मेरियम के पास दर्शन का गहरा ज्ञान तो है ही, उन्होंने भारतीय दर्शन का भी गहराई से अध्ययन किया। इस पुस्तक में डेना मेरियम ने सीता के विवाह, मिथिला से प्रस्थान, अयोध्या में समायोजन, प्राचीन अयोध्या में पुनर्जन्म, मंदोदरी को सीता की शिक्षा, अयोध्या में वापसी, वन में वापसी, वन में जीवन, शिक्षा पर अध्याय समर्पित किए हैं।

इस बीच, यह सबको पता है कि मैक्स मूलर कभी भारत नहीं आए, पर उन्होंने संस्कृत का गहन अध्ययन किया। इसके बाद तो संस्कृत के प्राचीन ग्रंथों के अनुवादों का सिलसिला शुरू हो गया। उन्होंने 'मेघदूत' का जर्मन भाषा में पद्यानुवाद किया। डेना मेरियम कहती हैं कि उन्होंने जब माता सीता के जीवन और संघर्षों के बारे में पढ़ा तो उन्हें लगा कि इस विषय पर लगातार शोध करने की आवश्यकता है, इसलिए उन्होंने माता सीता पर शोध किया और एक पुस्तक लिखी। माता सीता भारत के नारियों के लिए तो सदैव आदर्श रहेंगी। उन्होंने कभी भी धैर्य नहीं खोया। वह त्याग, पति के मान व पतिव्रत का पालन जीवनपर्यंत करती रही। माता सीता का चरित्र संपूर्ण विश्व को ज्ञान देने वाला चरित्र है, जो नारी के त्याग, समर्पण, साहस शौर्य का प्रत्यक्ष प्रमाण है। यह हर्ष का विषय है कि माता सीता के जीवन चरित्र पर एक अमेरिकी लेखिका ने लिखा। अब माना जा सकता है कि माता सीता के बारे में अमेरिका और यूरोप के समाजों को भी ठीक से पता चलेगा।

## नजरिया: ममता राज में नहीं रखवाली, कदम-कदम पर अत्याचार के 'संदेशखाली'



लेखक : डॉ. मयंक चतुर्वेदी
हिंदुस्थान समाचार

**देश** 'संदेशखाली' से सकते में है। दुख है कि संविधान की सबसे ज्यादा दुहाई देने वाली ममता बनर्जी के राज में यह हालत हैं कि एक नहीं आज कई 'संदेशखाली' पैदा हो गए हैं, जहां महिलाओं की इज्जत तार-तार हो रही है। हिंसा का तांडव कहीं भी हो सकता है और तुष्टीकरण की राजनीति के चलते बहुसंख्यक हिंदू समाज कभी भी मौत के घाट उतार दिया जाता है। लव जिहाद, लैंड जिहाद और विदेशी घुसपैठ तो जैसे यहां रोजमर्रा की बात हो चुकी है। फिर भी देखो, कितनी बेशर्मी है! हद है, ममता दीदी उलटा सभी कमियों के लिए भाजपा और संघ परिवार को जिम्मेदार ठहरा रही हैं और बिना किसी ठोस साक्ष्य के वह सब बोल रही हैं, जो उनके नैरेटिव में फिट बैठता है।

आज यहां 'संदेशखाली' नहीं जल रहा है, बल्कि इस राज्य के 23 जिलों में से 16 जिले कहीं न कहीं कम-अधिक हिंसा के शिकार हैं। वह तो अच्छा हुआ, पांच जनवरी को प्रवर्तन निदेशालय की टीम राशन घोटाले में जांच करने टीएमसी नेता शाहजहां शेख के 'संदेशखाली' वाले आवास पर छापेमारी करने पहुंच गई, तभी यह हो सका कि जो सच वर्षों से डर के कारण बाहर नहीं आ पा रहा था, उसे दुनिया के सामने आने का मौका मिला। लंबे समय से यहां की महिलाओं को दबाकर रखने की जो सोच थी, उससे मुक्ति मिली है ।

'संदेशखाली' में महिलाओं की स्थिति कितनी दयनीय है, वह उनके बयानों में झलकता है, जिसमें वे खुलकर कह रही हैं 'किसी महिला का पति तो है, लेकिन उस पति का अपनी पत्नी पर अधिकार नहीं है। कुछ पुरुषों को अपनी पत्नियों को हमेशा के लिए छोड़ना पड़ गया है, क्योंकि टीएमसी के गुंडे उन्हें अपने साथ रख रहे हैं। शाहजहां शेख के गुर्गे रात में आकर जबरन उठाकर ले जाते थे और सुबह छोड़ दिया करते थे। ऐसे मे अब जरूरी हो गया है कि केंद्र सरकार पं. बंगाल को लेकर सख्त कदम उठाए। देशहित में राष्ट्रपति शासन ही नहीं, अवैध घुसपैठियों को चिह्नित कर बाहर का रास्ता दिखाया जाना आज की आवश्यकता है। तभी जनसंख्या संतुलन होगा और तभी यहां रह रहे हिंदू अपने को सुरक्षित महसूस करेंगे।

## अंदाज-ए-बयां: शब्द प्रारब्ध और न्याय

**शब्द** पास मेरे
कोई शोर नहीं
शायद प्रारब्ध मेरा यह
रोशनी दिए की
पहाड़ की चोटी पर
सच्चाई है यह
दिखाई जरूर दूंगा
प्रारब्ध मेरा यह
खून के स्याह धब्बे
दिखा न सका
मैं हर किसी का
मेरा कोई न हुआ
जाहिल गंवार मैं
दुनिया भर का
बरसाओ नफरतों के शोले
हैरान नहीं हूं मैं
छूट चुका मौत का डर,
चुनौती हारा नहीं मैं
चिता एक बुझती नहीं
दूजी जल जाती है
न्याय बन गई परछाई
आम आदमी की
पहुंच नहीं
शब्द पास मेरे
कोई शोर नहीं
शायद प्रारब्ध मेरा
यह
शायद प्रारब्ध मेरा यह।



उदयवीर भारद्वाज
कांगड़ा (हिप्र)

## कठोर तप के साधक बनकर आस्था की अनूठी पहचान कायम कर गए स्व. पं. बुधिया राम शर्मा



हेमराज राणा
स्वतंत्र लेखक, सिरमौर

**जैसे** कहा भी जाता है कि भारत धार्मिक आस्थाओं का देश है, जहां पर हम अपने-अपने धर्मों के अनुसार ईश्वर में गहरी आस्था और विश्वास रखते हैं। भारत के अलग-अलग राज्यों और क्षेत्रों मे ऋषि मुनियों ने कठोर तप साधना की परंतु अगर हम गहरी आस्था और श्रद्धा की बात करें तो पूर्व दशकों में अनेक ऐसे उदाहरण सुनने एवं देखने को मिलते हैं, जिन्होंने ईश्वर के प्रति गहरी आस्था और कठोर तप के बदौलत दशकों पूर्व और वर्तमान के लिए इतिहास स्थापित किया है।

हिमाचल प्रदेश को देव भूमि कहा जाता है, जहां पर विभिन्न क्षेत्रों में लोगों की देवी-देवताओं और ईश्वर में गहरी आस्था और श्रद्धा रहती है। इसी आस्था और श्रद्धा का एक ऐसा ही खास उदाहरण पेश करना चाहेंगे जिला सिरमौर के शिलाई विधानसभा के अंतर्गत गांव मिल्ला के स्व. पंडित बुधिया राम शर्मा जी जिनके इतिहास को क्षेत्र के बुद्धिजीवियों और बुजुर्गों से मिली पुख्ता जानकारी अनुसार आप सभी तक पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं, ताकि वर्तमान के युवाओं और बच्चों को भी ऐसे महान ईश्वर साधक (तप साधकों) की कठोर साधना की जानकारी जन-जन तक पहुंचाई जाए, ताकि हम अपने धर्म, आस्था और श्रद्धा को सदैव अपने जीवन में उतारने का प्रयास करें और समाज को ऐसी विभूतियों से जागरूक किया जाए, क्योंकि आधुनिकता के इस दौर में आज ईश्वर के प्रति आस्था और विश्वास कहीं न कहीं कम देखने को मिलता है, जो एक चिंता का विषय है। इसी संदर्भ मे (मिल्ला) गांव के पंडित बुधिया राम शर्मा के जीवन पर प्रकाश डालने का प्रयास कर रहे हैं। कहा जाता है कि पं. बुधिया राम शर्मा अनपढ़ होकर भी हर सुबह चार बजे स्थानीय (शिव मंदिर) मिल्ला में भगवत गीता का हर रोज एक अध्याय पढ़ते थे। इस क्षेत्र की सर्वोच्च ऊंची चोटी पर जाकर और साल का सबसे गर्म महीना जिसे कहा जाता है, जेठ (जून) का महीना। जिस जून महीने में सबसे ज्यादा गर्मी रहती है, उस महीने में भी निर्जला एकादशी जिस व्रत में जल की एक बूंद तक नहीं लेनी होती है, उस कठोर व्रत के साथ उस तपती धूप में सुबह सूर्य उदय से पहले एक टांग पर खड़े होकर और साथ ही दोनों हाथ खड़े करके वंदनीय स्थिति में जैसे-जैसे सूर्य चारों दिशाओं में जाता है, उसी दिशा में इनका यह कठोर तप भी चलता रहता था और तब तक बिना थके, बिना रुके और बिना, अन्न, जल के सूर्य अस्त तक निरंतर चलता रहता था, तत्पश्चात परिवार और गांव के बुद्धिजीवियों द्वारा इनके इस कठोर तप के उपरांत इनको विश्राम के लिए आग्रह किया जाता था और इनके शरीर में कठोर पीड़ा ईश्वर के प्रति असीम आस्था को देखकर हर किसी का दिल पसीज जाता था और कहा भी जाता कि आप इतने कठोर साधना को न करें परंतु स्व. पंडित बुधिया राम शर्मा ने अपने जीवन मे प्रण लिया कि जब तक अंतिम सांस रहेगी और ईश्वर कृपा रही, तब तक यह क्रम जारी रहेगा और ईश्वर आस्था की इस परीक्षा में स्व. पं. बुधिया राम शर्मा काफी हद तक सफल भी हुए। इसी गांव क्षेत्र में ऐसे अनेक ईश्वर साधक रहे हैं, जो क्षेत्र समाज में कठोर साधना के लिए जाने जाते रहे हैं। इसमें मुख्यता स्व. परस राम जी, स्व. बारु राम जी, बस्ती राम शर्मा जी इत्यादि अनेक ऐसे ईश्वर भक्त माने जाते हैं।

## बेरोजगारी से हताश होकर अकर्मण्यता की तरफ उन्मुख होते युवा



लेखक : ठाकुर तारा
समाजशास्त्री, सुंदरनगर

**छोटे** से पहाड़ी प्रदेश में जिसकी कुल आबादी 70 लाख है। इस प्रदेश में इस आबादी में से 8.77 लाख के करीब शिक्षित बेरोजगारों की लंबी फौज है। युवा किसी भी समाज, प्रदेश, राष्ट्र की रीढ़ एवं अमूल्य धरोहर होते हैं। किसी पढ़े-लिखे युवा को बेरोजगारी की मार झेलनी पड़े, तो शीघ्र ही उसका हताश व निराश होकर नकारात्मक भावों की तरफ अग्रसर होना अपेक्षित है।

परिवार में से एक व्यक्ति की सरकारी नौकरी लगने से उस परिवार की जीवन यापन की वह धुरी बन जाती है। आधुनिकता के कारण जिस तरह से शिक्षा संस्थानों की सुविधा हर जिला, उपमंडल स्तर पर मुहैया हुई है, उसी के अनुरूप उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, बीएड डिग्री धारकों के बेरोजगारी के आंकड़ों में भी इजाफा हुआ है। युवा को तृतीय श्रेणी की नौकरी की परीक्षा को पास करने के लिए भी वर्षों मेहनत करनी पड़ती है। इसके बावजूद उसमें सफलता मिले या न मिले, फिर यह भाग्य को दोष देने लग जाते हैं। सरकार किसी भी विभाग के लिए एक पद निकालती है। उसके लिए लाखों की तादाद में बेरोजगार प्रतिस्पर्धी टूट पड़ते हैं। यह बात तो एक अनार सौ बीमार वाली कहावत को चरितार्थ करती है।

युवा वर्ग के लिए इन नौकरियों के लिए आयु सीमा 18 से 45 वर्ष निर्धारित की होती है। इस बीच पढ़ाई करते व तैयारी करते करते आयु सीमा काफी बढ़ जाती है। सरकार इस अवधि में रिक्तियां निकालती है तो ठीक है, अन्यथा पढ़ाई व तैयारी का कोई फायदा नहीं, ऐसी सोच इन बेरोजगार युवा के मन में घर कर जाती है। अगर घर परिवार वाले बढ़ती उम्र का ख्याल रखते हुए इन युवाओं को शादी के बंधन में बांधना चाहते हैं तो इन युवाओं के पास दो विकल्प होते हैं। खुद बेरोजगार होते हुए शादी की उम्र को और बढ़ा कर नौकरी की तैयारी को निरंतर जारी रखा जाए या फिर शादी के बंधन में बंधकर पत्नी व बच्चों के खर्चे के लिए हाड़तोड़ मेहनत की जाए। बेरोजगारी की मार समाज के ताने-बाने को तोड़-मरोड़ कर रख देती है, लेकिन यह भी सच है कि सरकारी नौकरी के अलावा भी हर युवा को अन्य निजी तकनीकी विकल्प भी खोजने चाहिएं।

सरकारी सेवा की उम्मीद लगाए बैठे बेरोजगार युवा पूर्ण रूप से उम्मीद के ऊपर मिथ्या विश्वास रख जीवन जीते हुए आगे बढ़ते हैं, लेकिन यह सपना पूरा नहीं होता है तो उनका मन टूट जाता है, जो कि किसी भी शिक्षित मजबूत मानसिकता को ध्वस्त कर सकता है। देवभूमि में निजी क्षेत्रों में भी बहुत काम है। यह इस बात का परिचायक व गवाह है कि पूरे हिमाचल प्रदेश में जितने भी निर्माण क्षेत्रों, औद्योगिक क्षेत्रों में नवनिर्माण कार्य होते हैं, वे सभी के सभी अप्रवासी कामगार, ठेकेदार, मिस्त्री, सैलून धारी, सीमेंट डिजाइन कर्ता, टाइल्स फिटिंग, प्लास्टर मिस्त्री, गाड़ी वाशिंग स्टेशन में काम करने वाले, सिलाई-कढ़ाई टेलर, सड़क ठेकेदार व कामगार, मोबाइल फोन रिपेयर की दुकान लगाने वाले, फल विक्रेता, रेहड़ी-फड़ी, फास्ट फूड विक्रेता इत्यादि सभी के सभी मूल रूप से बिहार, उत्तर प्रदेश, राजस्थान से संबंध रखने वाले कामगारों व मजदूर वर्ग द्वारा ही किए जाते हैं। हताश युवा अपने मन में सरकारी नौकरी मिलने की लालसा की आस, शिक्षा के स्तर की मूल भावना को देख कर उपरोक्त कार्यों को तुच्छ व शर्म की हेय दृष्टि से देखते हैं।

हिमाचल की अपेक्षा यदि संपूर्ण भारत में शिक्षा के प्रथम पायदान में अव्वल केरल राज्य की बात करें तो वहां शिक्षा के शत प्रतिशतता से ओत-प्रोत एक शिक्षित उच्च डिग्री धारी झाड़ू मारने वाला, राजमिस्त्री, फल विक्रेता भी फर्राटेदार अंग्रेजी बोलता है और इन कार्यों को करने के लिए हीन भावना से कभी भी ग्रस्त नहीं होता। इस तरह के छोटे कार्य उनके आत्मविश्वास, आत्मस्वाभिमान को कम नहीं होने देते हैं। वे अपने शिक्षा के स्तर के आधार पर सरकारी नौकरी की राह टटोलते रह जाते तो शायद हताश, निराश होकर भूख से तड़प रहे होते। बेरोजगारी को मिटाने के लिए हर कार्य में पारंगतता हासिल कर इन युवाओं को खुशहाल दृष्टि से अपना एवं परिवार का भरण पोषण करने की सशक्त राह की तरफ उन्मुख होना चाहिए। हिमाचल में बेरोजगारी नहीं है। भारत के सबसे खुशहाल राज्यों में हमारा हिमाचल प्रदेश-भाव है। कोई भी मूल निवासी भिखारी नहीं है। इस बात का साक्षी वह हर अप्रवासी मजदूर है, जो इस राज्य के भीतर पूरे के पूरे परिवार के साथ कमाने आता है व छोटी सी तंग झुग्गी-झोपड़ियों में ही रहकर लाखों रुपए कमाकर अपने अपने राज्यों में ले जाता है, फिर भी हर पढ़ा लिखा युवा कहता है कि हिमाचल में बेरोजगारी है।

अकर्मण्यता, नशाखोरी, चोरी, कर्महीनता, हताशा, बैठे-बैठे बिना मेहनत किए बेरोजगारी के संकट से उभरने का पौरुष हीन प्रयास करने से यह संकट दूर होने वाला नहीं है। पौरुष ही मानव जीवन का मुख्य आधार है। आज के समय में हर उम्रदराज युवा बेरोजगारी की मार झेल रहा है। छोटे कार्यों में हाथ नहीं आजमाने से यह निठलापन आने वाले समय के लिए समाज की आत्मा को झझकोर कर रख देगा। इससे पहले हर युवा को राज्य के भीतर हर कार्य क्षेत्र में समायोजन कर लेना चाहिए।

# देश में बढ़ती आत्महत्याएं एक त्रासदी, आखिर दोषी कौन ?

ब्लॉगर



नरेंद्र भारती
वरिष्ठ पत्रकार, मंडी

यह कॉलम ब्लॉगर के लिए है। इस व्हाट्सऐप नंबर 9882400808 पर भेजें। ई-मेल editoranantgyaan@gmail.com

**देश** में बढ़ती आत्महत्याएं एक गंभीर चिंता का विषय बनती जा रही हैं। आज युवा में बढ़ती कुंठा, असहनशीलता और असफलता आत्महत्याओं का कारण बन रहे हैं। यह आंकड़ा बड़े पैमाने पर बढ़ता ही जा रहा है जो कि बहुत ही चिंतनीय है। समाज के बुद्धिजीवी वर्ग को इस पर चिंतन मनन करना होगा। ताजा घटनाक्रम एम्स बिलासपुर में घटित हुआ, जहां एक एमबीबीस छात्र ने तीसरी मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली, जो कि बहुत ही दुखद है। 2021 से लेकर 2023 तक असंख्य लोग अपनी जीवन लीला समाप्त कर चुके हैं। ये मामले बढ़ते ही जा रहे हैं, जिन्हें रोकना होगा। आत्महत्याओं के 2018 से लेकर 2020 तक के आंकड़े डरावने थे।

तीन सालों में 10 हजार बेरोजगारों ने आत्महत्या कर ली थी। आंकड़ों के अनुसार कर्ज व दिवालिएपन के कारण 2018 में 4970 और 2019 में 5908 तथा 2020 में 5213 लोगों ने मौत को गले लगाया। बेरोजगारी के कारण 2018 में 2741 और 2019 में 2851 तथा 2020 में3548 लोगों ने अपनी इहलीला समाप्त कर ली थी। भौतिकवादी सोच ने समाज में कई तरह के पतन पैदा किए हैं। पैसे की भूख व अतिवादी सोच ने उपहार में लोगों को एकाकी जीवन व तनाव दिया है। आज मानव जीवन में तनाव इतना अधिक बढ़ गया है कि बच्चे से लेकर जवान व बूढ़े , शिक्षित से लेकर अशिक्षित, छात्र से लेकर उच्च अधिकारी, किसान, गरीब से लेकर अमीर सभी तनावग्रस्त हैं। यह एक अनसुलझी पहेली बनती जा रही है। दरअसल मानव की अपेक्षाएं इतनी बलबती हो गई हैं कि मानव रातों-रात अमीर बनने की चाहत में अवैध व अनैतिक कार्यों को अंजाम देकर अपनी इच्छाओं की पूर्ति कर रहा है, लेकिन इतिहास साक्षी है कि दुनिया में जितने भी सफल लोग है संघर्ष के बाद ही ऊंचे मुकाम पर पहुंचें हैं।

आज मानव असफल होने पर आत्महत्या कर रहा है। मां-बाप भी अपने बच्चों से बेहद अपेक्षा रखते हैं, लेकिन जब बच्चे असफल हो रहे हैं तो अपनी जिंदगी खत्म कर रहे हैं। कहते हैं मानव जीवन बहुत ही संघर्ष के बाद मिलता है, मगर देश में जिस प्रकार युवा से लेकर बुजुर्ग तक अपनी जीवन लीलाएं समाप्त कर रहें हैं, बहुत ही दुखद है। आत्महत्या का एक कारण हो सकता है, लेकिन जीने के हजार कारण है। काली से काली रात के बाद भी दिन का उजाला होना निश्चित है। फिर जीवन से खिलवाड़ क्यों कर रहे हो। मानव जीवन एक बार मिलता है बार बार नहीं? इंसान को इस पर गहन चिंतन करना होगा। आज मानव हताशा व निराशा के भंवर से मुकाबला करने के बजाए मौत ही आखिरी विकल्प ढूंढ रहा है, जबकि दुनिया में कोई भी चीज असंभव नहीं है। हताशा के अंधेरे में दीये बुझ रहे हैं। इन बुझते दीयों को बचाने के लिए समाज को एक रूपरेखा तैयार करनी होगी, ताकि इस भयानक प्रवृत्ति पर विराम लग सके। समाज में टूटते परिवार, बेरोजगारी, गरीबी व अशिक्षा तनाव के मुख्य कारण हैं।

आज के युवा करियर को लेकर भी परेशान है। मनमाफिक रोजगार न मिलने के कारण तनावग्रस्त रहते हैं। प्रेम में असफलता,परीक्षा मे फेल होने, कर्ज न चुकाने के कारण भी मौत को गले लगा रहा है। इस पर जल्द संज्ञान न लिया तो भविष्य में मुश्किलें पैदा होंगी। भारत में सबसे अधिक आत्महत्याएं होती हैं। प्रतिदिन आत्महत्याओं की खबरें सुर्खियां बनती है। इंसान खुद तो मर जाता है, लेकिन पीछे तड़पने के लिए पूरा परिवार छोड़ देता है। दहेज के कारण भी आत्महत्याएं बढ़ रही है। देश के अन्नदाता कहलाने वाले किसान का आत्महत्या करने का कारण कभी सरकारी नीतियां बनती हैं, तो कभी मौसम की बेरुखी। आत्महत्याओं के औसतन तीन सौ मामले प्रतिदिन सामने आते हैं। भारत के परिपेक्ष्य मे आत्महत्या के तरीकों में फांसी लगाना, आग लगाना तथा जहरीला पदार्थ निगलना मुख्य है। देश में घटित इन मामलों से भविष्य की भयानक तस्वीर दिख रही है। समाजशास्त्री कहते हैं कि सामाजिक सुरक्षाबोध, पारिवारिक जुड़ाव और तनाव से दूरी ही आत्महत्याओं पर अंकुश लगा सकती है। हताशा के कदम रोकने के लिए सामूहिक प्रयास करने होंगे, ताकि समाज से इस प्रवृत्ति को दूर किया जा सके।

देश के युवाओं की नकारात्मक सोच को सकारात्मक बनाना होगा। समाज के बुद्धिजीवी लोगों को इस पर मनन करना चाहिए। युवा देश के कर्णधार होते हैं, जिन्हें दिगभ्रमित होने से बचाना जरूरी है। यह देश हित व जनहित के लिए बेहद लाजिमी है। सरकारों को भी इन घटनाओं को अनदेखा नहीं करना चाहिए। यदि अब भी इन घटनाओं के प्रति कदम न उठाए तो अनमोल जिंदगियां बर्बाद होती रहेंगी, वक्त अभी संभलने का है।

## अपनी बात

**विद्यार्थियों** के ज्ञान और विषय के बारे में उनकीं जानकारी को परखने के लिए परीक्षा का आयोजन किया जाता है। परीक्षा के द्वारा ही हम उनकी क्षमताओं का आकलन कर सकते हैं। परीक्षा का नाम सुनते ही हर विद्यार्थी के मन में एक अनजान सा भय आ जाता है। यही भय विद्यार्थियों को परीक्षा की तैयारी करने में मन को एकाग्रचित नहीं करने देता है। परीक्षा के आने से पहले ही विद्यार्थी अवसाद में चले जाते हैं।

परीक्षा में असफल होने का भय हमेशा विद्यार्थियों के मन में बना रहता है, जिसके कारण वे अपनी तैयारी सही ढंग से नहीं कर पाते हैं। परीक्षा की तैयारी पूर्व से ये नुस्खे अपनाएं। अपने विषयों के सिलेबस के अनुसार ही अपनी तैयारी करें। स्टडी मैटीरियल और नोट्स इत्यादि इकठ्ठा कर लें। टाइम-टेबल बनाएं और उस पर अमल करें। एक योजना के साथ अपनी तैयारी को अंजाम दें। नोट्स और किताबों के साथ रोजाना सुबह-शाम उनका अभ्यास करें। रोजाना पौष्टिक आहार ग्रहण करें।

समय के अनुसार प्रयाप्त नींद लें। थोड़ा समय शारीरिक व्यायाम के लिए अवश्य निकालें। समयानुसार पढ़ाई से ब्रेक अवश्य लेते रहें। ब्रेक के समय दिमाग को शांत और खुश रखने के लिए खुद का मनोरंजन करें, तभी आपको सफल होने से कोई नहीं रोक सकता। **-अरुण कुमार, सलोह**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक विशाल धीमान द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

### चंबा में पत्रकार वार्ता में बोले अधिवक्ता जय सिंह

# मुख्यमंत्री का बजट है दिशाविहीन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**


पत्रकारों से बातचीत करते भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य एवं अधिवक्ता जयसिंह।

चंबा में आयोजित पत्रकार वार्ता में भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य एवं अधिवक्ता जयसिंह ने मुख्यमंत्री द्वारा पेश बजट पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने बजट में चंबा की पैरवी न करने पर सदर विधायक नीरज नैय्यर को भी आड़े हाथों लिया है। जयसिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा जो बजट पेश किया गया है वह पूरी तरह से नीरस उदासीन और दिशाविहीन है।

उन्होंने कहा कि हैरानी की बात है कि यह पहली बार देखने को मिला कि सरकार में मौजूद कैबिनेट मंत्री विक्रमादित्य तक ने बजट को नकार दिया है। जिसके चलते मौजूदा सरकार के लिए इससे शर्मसार विषय और क्या हो सकता है। जबकि मुख्यमंत्री अपने सहयोगी मंत्रियों को ही बजट में विश्वास में नहीं ले सके तो आम जनता के लिए यह बजट कितना हितकारी होगा अंदाजा लगाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि गत वर्ष जब कांग्रेस पार्टी प्रदेश में सत्ता में विराजमान हुई थी तो उन्होंने प्रदेश की जनता को 10 गारंटियां दी थी। जिसका जिक्र इस बजट में दूर-दूर तक दिखाई नहीं दे रहा है। उन्होंने कहा कि जहां तक जिला चंबा की बात करें तो इस बार भी दूर-दूर तक चंबा जिला का इस बजट में जिक्र नहीं किया गया। विधानसभा में चंबा सदर के विधायक नीरज नैय्यर भी शामिल रहे लेकिन उन्होंने चंबा के विकास व चंबा की बजट में अनदेखी पर कुछ भी बोलना या मागंना गवारा नहीं समझा। चंबा-चुवाड़ी सुरंग, होली-उत्तराला सुरंग, चंबा-पांगी सुरंग उनका जिक्र बजट में कहीं नजर नहीं आता है। भरमौर और पांगी के लोगों ने अनेक धरना-प्रदर्शन किए और कई बार मांग पत्र दिए हैं उनका जिक्र कहीं नहीं है। इस मौके पर भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य धनो देवी, जनजातीय क्षेत्र आईटी सेल प्रभारी नेकराज मौजूद रहे।

### भेड़-बकरी पालन व्यवसाय को मिलेगी मजबूती

**चंबा।** विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा है कि प्रदेश सरकार ने वित्त वर्ष 2024-25 के बजट में भेड़ पालकों के हितों का ध्यान रखते हुए 10 करोड़ रुपए की अतिरिक्त धनराशि का प्रावधान किया है। पठानिया ने कि मुख्यमंत्री द्वारा प्रस्तुत बजट में भेड़-बकरी पालकों की बड़ी समस्याओं में डिप्पिंग और ड्रेंचिंग की व्यवस्था में सुधार के प्रावधान करने के साथ भेड़ों की ऊन कटाई की मौजूदा व्यवस्था में सुधार करके परंपरागत चरानों तथा रास्तों का पुन निर्माण, ऊन के व्यापार में अंतरराष्ट्रीय व्यापार में आए बदलाव के कारण ऊन के खरीद मूल्य में भारी गिरावट के बावजूद उचित व्यवस्था करना, प्रदेश में भेड़-बकरियों के लिए एफएमडी वैक्सीनेशन शुरू करने तथा विभिन्न समस्याओं के निदान के लिए एक नई योजना भेड़-बकरी पालक प्रोत्साहन योजना प्रारंभ करने की घोषणा से भेड़ पालक काफी उत्साहित नजर आ रहे हैं।

# बर्फबारी से शीतलहर की चपेट में चंबा, घरों में दुबके लोग

## ऊंचे क्षेत्रों में हिमपात और निचले क्षेत्रों में बारिश से आवाजाही हुई कम

**अनंत ज्ञान टीम, चंबा**


पांगी में ताजा हिमपात का मनमोहक नजारा। यहां सोमवार को लगभग एक फुट के करीब बर्फबारी हुई है।

जिला में जारी बर्फबारी, बारिश व शीतलहर की चपेट ने एक बार फिर से चंबा को सुन्न कर दिया है। सड़कों पर आवाजाही नामात्र हो गई और लोग घरों में दुबक गए हैं। जनजातीय क्षेत्र भरमौर, पांगी एवं भटियात तक मौसम के मिजाज बिगड़े हुए है। जहां निचले क्षेत्रों में दो दिनों से लगातार बारिश का कहर जारी है। वहीं जिला के अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हिमपात का क्रम जारी है। चंबा के भरमौर, होली व पांगी में करीब एक-एक फुट तक ताजा हिमपात होने का समाचार है। जनजातीय क्षेत्र में सड़क, बिजली और पेयजल की किल्लत होने लग पड़ी है। जनजातीय क्षेत्र पांगी, भरमौर व होली में रविवार देर सायंकाल से ही बर्फबारी का क्रम जारी है। रविवार देर रात से हुई बर्फबारी के बाद सोमवार सुबह मुख्यालय किलाड़ में एक फुट के करीब ताजा हिमपात हुआ है। जिसके चलते पागी घाटी एक बार फिर शेष दुनिया से कट चुकी है। प्रचंड शीतलहर चल रही है। उधर, प्रशासन ने अलर्ट जारी कर लोगों से भूस्खलन ग्रस्त क्षेत्रों की ओर न जाने का अपील की है। इसके साथ ही एडवाइजरी जारी कर दी है। पांगी घाटी की ऊपरी चोटियों हुडान भटोरी, चस्क भटोरी, परमार भटौरी में करीब नौ इंच से एक फुट तक बर्फबारी हुई है। बर्फबारी के कारण पांगी की अधिकतम सड़कें बंद हो गई हैं। सोमवार सुबह के समय मुख्यालय किलाड़ आए लोगों को पैदल आवाजाही करनी पड़ी। बर्फबारी के कारण घाटी की एक दर्जन पंचायतों में अंधेरा छाया रहा। पावर हाऊस साच की जगह-जगह लाइन खराब होने के कारण बिजली व्यवस्था चरमराई हुई है। घाटी के 32 संपर्क मार्ग बाधित पड़े हुए है। उधर पांगी प्रशासन की ओर से बीआरओ, लोनिवि व बिजली बोर्ड के अधिकारियों को कड़े आदेश दिए हुए हैं। घाटी की 19 पंचायतों के लोग घरों में कैद हो गई है। बर्फबारी की वजह से पांगी का जनजीवन प्रभावित हुआ है। डलहौजी ने फिर ओढ़ी सफेद चादर डलहौजी पर्यटन नगरी की ऊपरी पहाड़ियों ने मौसम के दूसरे हिमपात की सफेद चादर ओढ़ ली है। वहीं निचला क्षेत्र शीतलहर की चपेट में आ गया। हिमपात में कालाटोप, लक्कड़ मंडी तथा डैणकुंड में करीब तीन इंच बर्फ दर्ज की गई।

### प्रशासन परिस्थितियों से निपटने को तैयार

मुकेश रेप्सवाल उपायुक्त चंबा का कहना है कि जिला प्रशासन ने सभी उपमंडल प्रशासनिक अधिकारियों विशेषकर भरमौर, पांगी, डलहौजी व चुराह को मौसम अनुरूप हाई अर्लट जारी किया है। जबकि जिला प्रशासन भी बराबर मौसम की गतिविधियों पर नजर बनाए हुए है। जिसमें किसी आपातकालीन परिस्थिति में जरूरंतमंदों को जहां उचित सहायता पहुंचाने की तैयारियां कर रखी हैं, वहीं लोगों को भी बेवजह खराब मौसम में घर से बाहर न निकलने की चेतावनी जारी की है।

## न्यूज ब्रीफ

### सरकार ने पेश किया ऐतिहासिक बजट



**भरमौर।** प्रदेश सरकार ने ऐतिहासिक बजट पेश किया है। यह बात रजनी पठानिया स्टेट सोशल मीडिया को-ऑर्डिनेटर ने कही। उन्होंने कहा कि इसके लिए मैं मुख्यमंत्री और तमाम मंत्रिमंडल का धन्यवाद करती हूं। मुख्यमंत्री ने हर वर्ग को ध्यान में रखते हुए बजट पेश किया है। इसमें समाज के अंतिम श्रेणी में खड़े व्यक्ति को भी ऊपर उठाने की कोशिश की है। इस बजट में मनरेगा मजदूरों की दिहाड़ी में बढ़ोतरी करना एक बड़ा कदम है। गरीब बच्चों के लिए सुख शिक्षा योजना जो एक बड़ा और महत्त्वपूर्ण कदम है। गरीब परिवारों को घर बनाने के लिए तीन लाख तक आर्थिक सहायता ऐतिहासिक कदम है। हिमाचल प्रदेश की वर्तमान सुक्खू सरकार ने एक ऐतिहासिक बजट पेश करके एक मिसाल कायम की है। जिसमें विरोधियों में घबराहट साफ देखने को मिल रही है। सरकार की हर योजना को प्रत्येक गरीब परिवार तक पहुंचाया जाएगा।प्रदेश सरकार के द्वारा एमएमसी शिक्षकों आईटी शिक्षकों, मिड-डे मील वर्कर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं आंगनबाड़ी सहायिकाओं के साथ-साथ पंचायती राज के पदाधिकारियों के वेतन में बढ़ोतरी एक अहम कदम है।

### मुख्यमंत्री सुक्खू के बजट को सराहा



**भरमौर।** हिमाचल प्रदेश आदिवासी कांग्रेस के कांगड़ा-चंबा प्रभारी व किसान नेता सुरेश ठाकुर ने मुख्यमंत्री द्वारा सदन में पेश किए गए बजट की सराहना की है। उन्होंने कहा है कि किसान के बेटे ने किसानों के लिए इस बजट में बहुत से राहत भरे निर्णय लिए हैं। इसके साथ ही उन्होंने बजट में हर वर्ग का विशेष ध्यान रखा है। जिसके तहत मनरेगा की दिहाड़ी बढ़ाकर 300 रुपए कर दी है तो वहीं पर आम लोगों की दिहाड़ी में भी बढ़ोतरी कर गरीब वर्ग के लोगों को राहत प्रदान की है। उन्होंने कहा है की गाय व भैंस के दूध की खरीद में बढ़ोतरी कर मुख्यमंत्री ने जता दिया है कि प्रदेश में किस तरह से किसानों व बागवानी को प्रोत्साहन देकर प्रदेश को नंबर वन प्रदेश बनाया जाएगा। राजीव गांधी स्टार्टअप योजना के तहत 10 हजार युवाओं को रोजगार के अवसर दिए जाएंगे। तो वहीं पर दूध का समर्थन मूल्य देने वाला हिमाचल पहला राज्य बन गया है। उन्होंने कहा है कि किसानों ने इस बजट की खूब प्रशंसा की है। उन्होंने कहा है कि इस बजट को देखकर लगता है कि आने वाले एक दशक में हिमाचल प्रदेश आत्मनिर्भर प्रदेश बन जाएगा। सुरेश ठाकुर ने कहा कि किसान युवा बागवानी हिमाचल प्रदेश की रीढ है। लिहाजा मुख्यमंत्री ने इन वर्गों के लिए विशेष ध्यान रखा है जिसे मुख्यमंत्री की दूरगामी सोच दिखती है।

### ग्रामीण विकास, शिक्षा रहेगी प्राथमिकता

**चंबा।** उपायुक्त मुकेश रेप्सवाल ने अपनी प्राथमिकताओं को लेकर सोमवार को बचत भवन में पत्रकार वार्ता की। भारतीय प्रशासनिक सेवा में वर्ष 2015 बैच के अधिकारी मुकेश रेप्सवाल ने गत दिनों उपायुक्त चंबा का कार्यभार संभाला है। मुकेश ने जिला मुख्यालय स्तर पर कार्यरत प्रेस प्रतिनिधियों से संवाद करते हुए विशेष कर जिले में ग्रामीण विकास, शिक्षा तथा सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र के विकास को लेकर अपनी विशेष प्राथमिकता रखने की बात कही। उन्होंने कहा कि आकांक्षी जिला चंबा की विषम भौगोलिक परिस्थितियों के कारण विकासात्मक कार्य चुनौती से कम नहीं हैं। ग्रामीण विकास विभाग द्वारा क्रियान्वित की जा रही विभिन्न योजनाओं का प्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रभावी शिक्षा व्यवस्था सुनिश्चित बनाने के अतिरिक्त विशेष कर गुणवत्तायुक्त प्राथमिक शिक्षा को लेकर आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने जिला मे सूचना प्रौद्योगिकी, पर्यटन विकास, बेहतर सड़क सुविधा, पार्किंग व्यवस्था, मोबाइल फोन नेटवर्क कनेक्टिविटी को लेकर भी अपनी प्राथमिकताएं साझा की। उपायुक्त ने जिला मुख्यालय चंबा में प्रभावी कचरा निष्पादन व्यवस्था को जन सहयोग के आधार पर रखने की बात कही। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी राहुल चौहान तथा सहायक आयुक्त पीपी सिंह ने भी अपनी प्राथमिकताएं साझा की। वरिष्ठ पत्रकार बीके पराशर ने उपायुक्त का स्वागत किया तथा जिला लोक संपर्क अधिकारी खेम चौहान ने धन्यवाद प्रस्ताव रखा।

### नगाली एसएमसी दूसरी बार बनी विजेता


खंड स्तरीय समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत विद्यालय प्रबंधन समिति की खंड स्तरीय प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित करते हुए।

**डलहौजी।** खंड स्तरीय समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत विद्यालय प्रबंधन समिति की खंड स्तरीय प्रतियोगिता राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बनीखेत में हुई। इसमें खंड के सभी विद्यालयों ने भाग लिया। समारोह की अध्यक्षता खंड परियोजना अधिकारी एवं प्रधानाचार्य बनीखेत प्रीतम ठाकुर ने की। निर्णायक मंडल के सदस्यों में प्रधानाचार्य बाथरी वंदना शर्मा, प्रवक्ता गणित अनुपम शर्मा बगधार तथा चकरा विद्यालय के स्नातक अध्यापक विक्रम गुरुंग रहे। इसमें सभी विद्यालयों से आए प्रतिनिधियों ने अपनी-अपनी विद्यालय प्रबंधन समितियों द्वारा प्राप्त उपलब्धियों को पावर प्वॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से बताया। इसमें वरिष्ठ माध्यमिक और उच्च माध्यमिक विद्यालयों की श्रेणी में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नगाली ने लगातार दूसरी बार प्रथम स्थान, नेता जी सुभाष चंद्र बोस मेमोरियल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डलहौजी ने द्वितीय स्थान हासिल किया। माध्यमिक विद्यालयों की श्रेणी में राजकीय माध्यमिक पाठशाला कंडेई ने लगातार पांचवीं बार प्रथम स्थान, रामापा पुखरी ने द्वितीय तथा रामापा कैल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रथम विजेताओं को 3000 रुपए, द्वितीय विजेताओं को 2000 व तृतीय स्थान हासिल करने वाली स्कूल प्रबंधन समिति को 1000 रुपए की राशि प्रदान की गई।

# भरमौर के पहाड़ एक बार फिर बर्फ से हुए लकदक

**अनंत ज्ञान, भरमौर**



भरमौर में सोमवार को हुई भारी बारिश के कारण एक बार फिर ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भारी बर्फबारी दर्ज की गई है। सुबह से ही हो रही लगातार बारिश के कारण यहां के पहाड़ एक बार फिर बर्फ से लकदक हो गए हैं। भरमौर के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में छह इंच से लेकर डेट फुट तक ताजा बर्फबारी हुई है। लगातार बारिश व बर्फबारी के कारण यहां एक बार फिर से ठंड के कारण लोग घरों में दुबकने को मजबूर हो गए हैं।

बारिश व बर्फबारी होने के कारण यहां के किसानों व बागवानों ने एक बार फिर अपनी खुशी जाहिर की है। पहाड़ों में हो रही बर्फबारी के कारण जल शक्ति विभाग ने भी राहत की सांस ली है। क्योंकि पिछले कई महीनों से बारिश न होने के कारण यहां पर पानी के कई प्राकृतिक स्रोत सूख रहे थे। जिसके कारण जल शक्ति विभाग को जल आपूर्ति करने के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। भरमौर प्रशासन ने भी एडवाइजरी जारी कर लोगों व पर्यटकों से ऊंचाई वाले क्षेत्रों की ओर न जाने की अपील की है। बारिश और बर्फबारी के कारण कई गांवों का संपर्क तहसील मुख्यालय से कट गया है। एसडीएम भरमौर कुलबीर सिंह राणा ने कहा है कि रेड अलर्ट के कारण पर्यटकों व स्थानीय लोगों को ऊंचाई वाले क्षेत्रों की तरफ न जाने की अपील की गई है। उन्होंने कहा है कि प्रशासन किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार है।

# डलहौजी में हिमपात, होटल कारोबारियों के चेहरे खिले

**किसानों और बागवानों को भी अच्छी फसल की जगी उम्मीद**

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**



एक बार फिर से तमाम डलहौजी क्षेत्र ठंड की चपेट में आ गया है बताते चलें की मौसम विज्ञान केंद्र शिमला द्वारा दो दिन ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। जिसके चलते क्षेत्र के ऊंचाई वाले क्षेत्र में हल्की-हल्की बर्फबारी व निचले क्षेत्रों में बारिश हुई है जिससे समस्त क्षेत्र में भारी ठंड की चपेट में आ गया है। बर्फबारी होने से डलहौजी के होटल कारोबारियों के भी चेहरे खिल उठे हैं। कारोबारियों को अब पर्यटकों के आने की उम्मीद बंधी है जिससे उनके कारोबार में बढ़ोतरी होगी। जिला प्रशासन ने भी एडवाइजरी जारी कर पर्यटकों एवं स्थानीय लोगों को ऊंचाई वाले क्षेत्रों पर जाने से सावधान किया है तो वहीं निचले क्षेत्र में भारी बारिश की संभावना के चलते सावधान रहने की सलाह दी है। बता दें कि क्षेत्र के लक्कड़ मंडी, कालाटॉप, डायनकुंड, जोत व खजियार में रुक-रुक कर बर्फबारी होती रही। जिला चंबा के जनजातिय क्षेत्र भरमौर, पांगी तीसा एवं सलूणी में भी ताजा बर्फबारी देखने को मिली है। जिससे स्थानीय किसानों-बागवानों के चेहरे खिले हुए हैं क्योंकि बर्फबारी व बारिश उनके लिए किसी वरदान से काम नहीं है। वहीं किसानों बागवानों को अच्छी फसल की उम्मीद जग गई है।

# गुस्साए पार्षदों का धरना रहा जारी

**चौथे दिन वार्डवासी भी उतरे समर्थन में**

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**


धरने पर बैठे पार्षदों से बातचीत करती नप उपाध्यक्ष सीमा कश्यप।

नगर परिषद चंबा हाऊस नेतृत्व से खफा पार्षदों का चौथे दिन भी संकेतिक धरना जारी रहा। इसमें चौगान, सुराड़ा, सुल्तानपुर व हरदासपुरा वार्डों के पार्षद अपनी मांगों को लेकर नप कार्यालय के बाहर धरने पर डटे हैं। वहीं अब धरने का कुनबा धीरे-धीरे बढ़ता नजर आने लगा है। जिसमें कांग्रेस पार्टी संगठनों के साथ-साथ अब वार्ड वासियों ने भी धरने को समर्थन दे दिया है।

हालांकि नप हाऊस की ओर से नप उपाध्यक्ष ने भी अध्यक्ष की भांति पार्षदों के आरोपों को निराधार बताते हुए बैठक कर वार्ता के माध्यम से समस्या का समाधान करने की बात अवश्य कहीं है, लेकिन इसके बावजूद विकास कार्यों में पारदर्शिता व ओपन हाऊस बैठक नप अध्यक्ष की मौजूदगी में ही तमाम साक्ष्यों पर आधारित वार्ता होने तक पार्षदों द्वारा धरना जारी रखने का ऐलान कर दिया गया है। इस अवसर पर चौगान वार्ड पार्षद खालिद मिर्जा ने कहा कि वार्ड चौगान, सुराड़ा, हरदासपुरा व सुल्तानपुर के पार्षदों को धरने पर बैठ कर अगर आवाज बुलंद करनी पड़ी तो इसकी कोई तो वजह होगी। वहीं हरदासपुरा वार्ड पार्षद अंजू देवी, सुराड़ा वार्ड पार्षद उर्मिला जसरोटिया, सुल्तानपुर वार्ड पार्षद सीमा कुमारी व मनोनित पार्षद भावना गुलाटी सहित जीवन सलारिया ने कहा कि जब नगर परिषद अध्यक्ष की मौजूदगी में हर विकास कार्यों व उनकी मांगों को लेकर खुल कर चर्चा नहीं होती है तब यह धरना जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि नप चंबा के निर्णयों से अब वार्ड वासी भी दुखी हो गए है और समर्थन में उतर आए हैं।

उधर नप चंबा उपाध्यक्ष सीमा कश्यप ने कहा कि खफा चारों पार्षदों द्वारा लगाए जा रहे आरोप निराधार हैं। हर वार्ड में एक समान विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। जिसका बाकायदा रिकॉर्ड है। जहां तक रही बजट की बात तो हर विकास कार्य खर्च का हिसाब भी मौजूद है। खफा पार्षदों से अपील है कि धरने की बजाय बैठकर हर बात का समाधान किया जा सकता है।

# मुख्यमंत्री ने बजट में रखा हर वर्ग का ख्याल : करतार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**



मुख्यमंत्री ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए जो वार्षिक बजट प्रस्तुत किया है वह हर तरह से बेहतरीन है। इसमें हर वर्ग का ध्यान रखा गया है। कुछ भाजपा नेताओं को यह सब हजम नहीं हो रहा है। यह बात ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चंबा के अध्यक्ष करतार सिंह ठाकुर ने कही।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने हर वर्ग का ख्याल रखा है। पशुपालन को बढ़ावा देने के लिए गाय व भैंस के दूध के प्रति लीटर दामों का समर्थन मूल्य बढ़ाकर निश्चित रूप से पशुपालकों की आर्थिकी को बढ़ावा देने का भरसक प्रयास किया है। इसी प्रकार कर्मचारियों व पेंशनरों को चार प्रतिशत मंहगाई भत्ता बढ़ोतरी व पहली जनवरी 2016 से 31 दिसंबर के बीच सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए लीव इन्कैशमेंट और ग्रेच्युटी से संबंधित एरियर के भुगतान का एलान किया गया है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष प्राकृतिक आपदा के चलते प्रदेश को आर्थिक रूप से काफी हानि हुई थी। इस पर भी बिना केंद्र की सहायता के मुख्यमंत्री ने प्रदेश के संसाधनों से राहत व पुनर्वास के लिए 4500 करोड़ रुपए की सहायता प्रदान की थी जो कि अपने आप मे एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने जब सत्ता संभाली तो कई हजार करोड़ रुपए का घाटा उसको विरासत में मिला।

उन्होंने कहा कि चुनावी घोषणापत्र की विभिन्न गांरटियों को कांग्रेस सरकार चरणबद्ध तरीके से पूरा करेगी। उन्होंने पूर्व भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा की पूर्व मे डबल इंजन की सरकार ने हिमाचल के विकास में कुछ नहीं किया।

### सुल्तानपुर में पार्किंग की मांग उठाई

**चंबा।** सुल्तानपुर वार्ड में खड़े होने वाले बेतरतीब वाहनों की संख्या में इजाफा होने से वार्डवासियों ने जिला प्रशासन व पुलिस से इस दिशा में उचित कदम उठाने की मांग की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस दिशा में वार्डवासियों ने नेताओं व पुलिस से यातायात व पार्किंग समस्या से निजात दिलवाने की कई बार पहले भी मांग की जा चुकी है मगर इस दिशा में यातायात पुलिस गश्त से आगे अन्य कोई कार्रवाई अमल में नहीं ला सकी है। सुल्तानपुर वार्ड क्षेत्र के वार्डवासियों में प्रवीण कुमार, धीरज, निहाल चंद, हंस राज व अमित ने जिला प्रशासन व पुलिस से अपील की है कि पार्किंग स्थल अभाव के चलते वाहन धारक पार्किंग स्थलों को छोड़ मनमर्जी से वार्डों में हर जगह वाहन पार्क कर रहे हैं। उन्होंने जिला प्रशासनिक अधिकारियों से आग्रह किया है कि सुल्तानपुर वार्ड क्षेत्र में ओर पार्किंग स्थल सुनिश्चित कर चिन्हित किए जाए ताकि स्थानीय वार्ड संबंधी नागरिकों को सुविधा प्राप्त हो सके।

**जुकारू उत्सव** पांगी घाटी में बारिश पर भारी पड़ी लोगों की आस्था

# भारी बर्फबारी में मनाया दशालू मेला

**ओपी शर्मा, भरमौर**


भारी बर्फबारी के बीच में जुकारू उत्सव के दौरान पूजा-अर्चना करते स्थानीय लोग।

जिला चंबा के जनजातीय क्षेत्र पांगी घाटी में 12 दिवसीय जुकारू उत्सव के पर्व पर 10वें दिन दशालू मेले का आयोजन किया गया। दशालू मेला पांगी घाटी की चार पंचायतों में मनाया जाता है। जिनमें मिंधल, पुर्थी पंचायत के थांदल गांव, रेई पंचायत व शौर पंचायत में यह मेला मनाया जाता है।

सोमवार को भारी बर्फबारी के बीच लोगों में काफी उत्साह देखने को मिला। पांगी घाटी में मौजूदा समय में एक फुट के करीब बर्फबारी हुई है लेकिन इसके बावजूद लोगों की आस्था कम नहीं हुई। इस दिन गांववासी अपने-अपने घरों में लाल मिट्टी से लिपाई-पुताई करते है उसके बाद अपनी कुल देवी के लिए भोग तैयार करके मंदिर जाते है। मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद ढोल-नगाड़े के साथ पवित्र पंडाल में मेले का आयोजन किया जाता है। इस मेले में विशेष बात है कि दसवें दिन मिंधल माता मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की जाती है।

इस दिन मिंधल माता के मंदिर में चमत्कार देखने को मिलता है। दशालू मेले के दिन मां मिंधल वासनी ठाठडी चेला बर्फ के गोले से मंदिर का कपाट खोलते है। मिंधल गांव के इस दशालू मेले के दिन घर का मुख्य सदस्य व गांववासी मिलकर हाथों में पवित्र पुष्प जेब्रा लेकर मेना पंडाल पहुंचते है। जहां पर सर्वप्रथम विश्व कल्याण के लिए पूजा-अर्चना की जाती है। इसमें बाद मिंधल माता का ठाठड़ी यानी चेला मंदिर से सुई लेने जाता है। हालांकि मिंधल गांव में इस मेले के दिन सुई लेने से पहले बलि प्रथा देने का भी रिवाज था, लेकिन सरकार के आदेशों के बाद अब इस मेले के दिन केवल नारियल व अन्य सामग्री चढ़ाई जाती है।

इस मेले को देखने के लिए घाटी के विभिन्न पंचायतों से लोग आते है। सबसे दिलचस्प बात यह है कि इस मेले के दिन मिंधल माता का मुख्य ठाठड़ी सुबह करीब 27 किलोमीटर पैदल चलकर मिंधल गांव पहुंचता है। इसका मुख्य कारण यह है कि मिंधल माता का मुख्य चेला यानि ठाठड़ी किलाड़ के थमोह निवासी करतार सिंह है, जिसे नवालू व दशालू मनाने के दिन अपने घर में पूजा-अर्चना करने के बाद मिंधल माता मंदिर से चुन्नी लगाकर व चोणू लगाकर मिंधल मंदिर पहुंचना पड़ता है। (अनंत ज्ञान)

# जांच कमेटी गठन के लिए उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन


उपायुक्त चंबा मुकेश रेप्सवाल को ज्ञापन सौंपते नगर परिषद के पार्षद।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

नगर परिषद चंबा कार्यालय के बाहर धरने पर बैठे सुल्तानपुर, चौगान, सुराड़ा व हरदासपुर वार्ड पार्षदों सहित मनोनीत पार्षदों ने उपायुक्त चंबा मुकेश रेप्सवाल को ज्ञापन सौंपा।

पार्षदों के प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि गत तीन वर्षों से उनके वार्ड में विकासात्मक कार्य पूर्ण रूप से रुके हुए हैं। नगर परिषद को दिए गए प्रस्ताव में अधिकांश कार्य नहीं हुए हैं। उन्होंने कहा कि नप चंबा का हाऊस एक तरफा कार्य कर रहा है। जिससे वार्डों की जनता के विकास कार्य प्रभावित हो रहे है। उन्होंने उपायुक्त चंबा से गुहार लगाई की इस दिशा में एक जांच कमेटी का गठन कर उचित जांच की जाए।

इस अवसर पर अंजू कुमारी, खालिद मिर्जा, उर्मिला जसरोटिया, सीमा कुमारी, नरेश राणा, भूपेंद्र राजू, जीवन सलारिया, भावना गुलाटी, देव राज शर्मा, नेक राज, भूपेंद्र, नरेश राणा, जितेंद्र सूर्या, जितेंद्र मैहरा, भूपेंद्र राजू, महासू राम व चमन सिंह मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### 20 व 21 को बंद रहेंगे लाहौल के शैक्षणिक संस्थान

**केलांग।** आईएमडी शिमला ने जिले में आने वाले दिनों में भारी बर्फबारी का अलर्ट जारी किया है। हाल ही में हुई बर्फबारी के कारण उपमंडल लाहौल और उदयपुर की सभी सड़कें अवरुद्ध हैं ओर ऐसी परिस्थितियों में स्कूलों, कॉलेजों में पढ़ने वाले छात्रों के साथ-साथ कर्मचारियों और प्रशिक्षुओं आदि की आवाजाही सुरक्षित नहीं है, इसलिए सभी की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आईएएस उपायुक्त-सह-अध्यक्ष डी.डी.एम.ए. लाहौल-स्पीति राहुल कुमार ने आपदा प्रबंधन अधिनियम-2005 के तहत 20 से लेकर 21 फरवरी तक उपमंडल लाहौल और उदयपुर के अंतर्गत आने वाले सभी स्कूलों, कॉलेजों, आईटीआई, पॉलिटेक्निक संस्थानों और आंगनबाड़ी केंद्रों सहित सभी सरकारी और निजी शैक्षणिक संस्थानों को बंद करने का आदेश जारी किए हैं। साथ ही सभी संबंधित विभागाध्यक्षों को इस आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया है।

### सीएम ने बजट में रखा सभी वर्गों का ख्याल : बोध



**कुल्लू।** लाहौल-स्पीति के केलांग वार्ड से जिला परिषद सदस्य एवं कांग्रेस प्रवक्ता कुंगा बोध ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के कार्यकाल के दूसरे बजट को ऐतिहासिक बजट बताया है। उन्होंने कहा कि पिछले साल हिमाचल प्रदेश में आई प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान से उत्पन्न विकट वित्तिय परिस्थितियां के बावजूद भी बजट में सभी वर्गों का ख्याल रखते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक राहत पहुंचाने का प्रयास किया गया है। उन्होंने बताया कि शिक्षा की गुणवत्ता, स्वास्थ्य सुविधाओं को आधुनिक करने, पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए नए पर्यटन स्थल विकसित करने, हेलीपोर्ट बनाने, किसानों और मजदूरों के आय साधन बढ़ाने, कर्मचारी पेंशनरों को एरियर डी.ऐ. किस्त देने, ई-व्हीकल को बढावा देने, 350 ई-बस चलाने, ई टैक्सी के 10,000 परमिट देने, सौर ऊर्जा, सड़क, बिजली, पेयजल, मनरेगा दिहाड़ी, पंचायत नगर निगम, पेरा वर्कर्स, एसएमसी आई.टी. शिक्षकों के मानदेय और पुलिस कर्मचरियों की डायट मनी बढ़ा कर संतुलित बजट पेश किया है। मुख्यमंत्री ने अर्थिक सुधारों के माध्यम से हिमाचल को आत्मनिर्भर राज्य के रूप में स्थापित करने के कदम उठाए हैं।

### बोर्ड की परीक्षाओं के लिए 'गुड लक' हवन

**मनाली।** डीएवी पब्लिक स्कूल मनाली में कक्षा दसवीं की आगामी बोर्ड की वार्षिक परीक्षाओं के लिए विद्यालय प्रांगण में 'गुड लक' हवन का आयोजन किया गया। हवन के दौरान संपूर्ण विद्यालय परिसर वैदिक मंत्रों से गूंज उठा। हवन में विद्यालय के प्रधानाचार्य, सभी विषय अध्यापकों तथा कक्षा 10वीं के छात्रों ने भाग लिया। इस पवित्र अवसर पर प्रधानाचार्य ने शिक्षकों के साथ मिलकर छात्रों को आशीर्वाद दिया। प्रधानाचार्य आरएस राणा ने बोर्ड की परीक्षाओं में शामिल होने वाले 10वीं के छात्रों को परीक्षा में पूरी मेहनत से कामयाब होने के लिए प्रेरक प्रसंग सुनाकर तथा बोर्ड की परीक्षाओं के नियमों की पालना तथा परीक्षा भवन में अनुशासन बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने छात्रों को परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करके विद्यालय के सभी पुराने रिकॉर्ड तोड़ने के लिए प्रोत्साहित भी किया। प्रधानाचार्य ने विद्यालय परिवार की ओर से आने वाली परीक्षाओं के लिए सभी छात्रों को शुभकामनाएं दी।

### अभिभावकों एवं स्कूल प्रमुखों के लिए लगाया शिविर

**बंजार।** खंड स्रोत समन्वयक बंजार के सभागार में अभिभावकों एवं स्कूल प्रमुखों के लिए विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की शिक्षा के बारे में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन डाइट कूल्लू के तत्वधान में किया गया। इस कार्यक्रम का आगाज खंड परियोजना अधिकारी समग्र शिक्षा कुमारी सुनीता ठाकुर ने किया। जिला कुल्लू के आईडी समन्वयक कुलदीप शर्मा ने बताया कि इस कार्यक्रम में 40 अभिभावकों एवं स्कूल के प्रधानाचार्य मुख्य अध्यापकों एवं केंद्र प्रमुख शिक्षकों ने भाग लिया। इसमें विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के जन्म के कारणों पहचान प्रशिक्षण एवं स्कूलों में समावेश एवं कक्षा के प्रबंधन के बारे में स्रोत व्यक्ति शमशेर ठाकुर ने विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर जिला विकलांगता पुनर्वास केंद्र कुल्लू से मनोवैज्ञानिक अनीता ने बच्चों के व्यवहार भावनात्मक एवं मनोवैज्ञानिक समस्याओं तथा मेंटल हेल्थ के बारे में उपस्थित सभी प्रतिभागियों को विस्तार से जानकारी दी।

### लारजी में करवाई खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता

**बंजार।** नेहरू युवा केंद्र कुल्लू युवा मामले विभाग द्वारा बंजार खंड का खंड स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन शेष शक्ति युवा मंडल लारजी द्वारा लारजी में आयोजित किया गया। युवा मंडल द्वारा आयोजित खेल कूद प्रतियोगिता में बंजार खंड के 5 महिला मंडल 6 युवा मंडलों ने भाग लिया एवं सौ मीटर दौड़, घड़ा फोड़, वॉलीबॉल (महिला वर्ग ) , वॉलीबॉल (पुरुष वर्ग), रस्सा-कस्सी आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि निधि सिंह(सेवा सेवानिवृत्त कानून निरीक्षक) रहे साथ में नेहरू युवा केंद्र कुल्लू की ज़िला युवा अधिकारी सोनिका चंद्रा ,डाइट लेक्चरर श्याम लाल हाण्डा, जीत राणा, नरेश पंडित सदस्य जिला युवा सलाहकार समिति सदस्य विशेष रूप से उपस्थित रहे। वॉलीबॉल खेल कूद प्रतियोगिता महिला वर्ग में महिला मंडल धामन ने प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं, द्वितीय स्थान पर महिला मंडल लारजी रहा। वॉलीबॉल पुरुष वर्ग प्रतियोगिता में जगला युवक मंडल पलाच प्रथम स्थान पर रहा, द्वितीय स्थान पर शेष शक्ति युवक मंडल लारजी रहा। मटका फोड़ में महिला मंडल कलेऊनी की डोलमा देवी, लक्ष्मी महिला मंडल भरोल की हुडी देवी, महिला मंडल धामन से किरण विजयी हुए। सौ मीटर दौड़ में महिला मंडल शील से लीजा ठाकुर ने प्रथम स्थान हासिल किया गया। कार्यक्रम का आयोजन शेष शक्ति युवक मंडल के प्रधान यशपाल, सचिव महेश्वर महंत व सभी सदस्यों द्वारा किया गया। सभी विजयी प्रतिभागियों को मुख्यातिथि द्वारा पुरूस्कृत किया गया।

# चाहे चले लाठी या गोली नहीं बनने देंगे रोपवे

## बिजली महादेव रोपवे के विरोध में बारिश के बीच सड़क पर उतरे सैकड़ों लोग, निकाली विरोध रैली

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

बहुचर्चित बिजली महादेव रोपवे निर्माण के विरोध में सोमवार को बारिश के बीच सैकड़ों लोग सड़क पर उतरे और विरोध प्रदर्शन किया। जिला मुख्यालय कुल्लू के रामशिला स्थित शांगरीबाग से बारिश के बीच शुरू हुआ यह विरोध प्रदर्शन ढालपुर स्थित उपायुक्त कार्यालय के पास आकर खत्म हुआ और इस दौरान प्रदर्शन में शामिल लोगों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और प्रदेश के साथ ही केंद्र सरकार को भी घेरते हुए कहा कि धार्मिक स्थलों में फिफ्टी-फिफ्टी का खेल नहीं चलेगा। साथ ही लोगों ने स्थानीय बोली में स्थानीय विधायक एवं सीपीएस सुंदर सिंह ठाकुर के खिलाफ भी खूब नारेबाजी की। इस दौरान 'जी सुंदरू मामा मनदा नी, महादेवा री शुणंदा नी', 'एकीये ठैगै हो रीये ठैगै, रोपवे रुकणा कैवे' आदि नारों से पूरा कुल्लू गूंज उठा। इस दौरान लोगों ने बिजली महादेव रोपवे का विरोध करते हुए एक स्वर में कहा कि रोपवे को किसी भी कीमत में लगने नहीं दिया जाएगा। इस मौके पर प्रदर्शन में घाटी के लोग छाता लेकर पहुंचे और रोपवे का विरोध किया।

लोगों ने कहा कि अगर आने वाले समय में भी सरकार पीछे नहीं हटती तो आंदोलन तेज होगा और उसकी जिम्मेदार सरकार की होगी। वहीं, प्रदर्शन में शामिल लोगों ने सरकार के साथ-साथ प्रशासन को भी दो टूक कहा कि रोपवे को रद्द किया जाए नहीं तो आंदोलन और उग्र होगा। लिहाजा, कुल्लू में प्रस्तावित बिजली महादेव रोपवे निर्माण का लोग जहां विरोध कर रहे हैं वहीं, केंद्र सरकार की ओर से केंद्र और प्रदेश सरकार के बीच इस रोपवे में फिफ्टी-फिफ्टी की हिस्सेदारी की बात कही गई है, जिसके बाद अब प्रदेश सरकार ने भी रोपवे लगाने को लेकर हामी भरी है, जिसके बाद अब लोगों में अब और आक्रोश है। (अनंत ज्ञान)

### 'एकीये ठैगै हो रीये ठैगै, रोपवे रुकणा कैवे' से गूंजा कुल्लू



कुल्लू के ढालपुर स्थित उपायुक्त कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते हुए सैकड़ों लोग।

### 'सुंदर ठाकुर जो करना करो पर नहीं बनेगा रोपवे'

इस मौके पर जिया पंचायत के प्रधान संजू पंडित ने कहा कि कुल्लू के विधायक सुंदर सिंह ठाकुर जो मर्जी कर ले लेकिन उनकी मंशा पूरी नहीं होगी। उन्होंने कहा कि इतने लंबे समय से लोग रोपवे का विरोध कर रहे हैं, लेकिन न तो प्रशासन का अधिकारी, न ही स्थानीय विधायक और की सरकार का कोई प्रतिनिधि उनसे बात करने आया है। इससे साबित होता है कि सरकार और स्थानिय विधायक को अपने मुनाफे और कमीशन की चिंता है। उन्होंने कहा कि उनकी ये मंशा किसी भी सूरत में पूरी नहीं होने दी जाएगी।

### विधायक कर रहे आंदोलन को कुचलने का प्रयास : सरचंद

**समिति** के अध्यक्ष सरचंद ने स्थानीय विधायक सुंदर सिंह ठाकुर पर आरोप लगाया कि वे हमारे आंदोलन को कुचलने का प्रयास कर रहे हैं। शहर के व्यापारियों ने पिछली बार आंदोलन का सहयोग दिया था लेकिन इस बार व्यापार मंडल को तोड़कर दुकानदारों को भड़काने का प्रयास किया है, लेकिन व्यापार मंडल में कुछ संस्थाओं को चलाने वाले नेताओं के चमचों को पदाधिकारी बनाया गया है जो विधायक के इशारों पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार ने मिलकर अपना-अपना मुनाफा कमाने के लिए इस प्रोजेक्ट को मंजूर किया है। अब फिफ्टी-फिफ्टी फीसदी मुनाफे की हिस्सेदारी तय कर दोनों सरकारें इस प्रोजेक्ट को लगाने के लिए राजी हो गई हैं। केंद्र और राज्य सरकार को जनता के मुद्दों से कोई सरोकार नहीं है, इसलिए यह दोनों सरकारें स्थानीय लोगों की देव आस्था को कुचलकर इस प्रोजेक्ट को लगाने का प्रयास कर रही हैं, जोकि किसी भी सूरत में होने नहीं देंगे।



कुल्लू के ढालपुर स्थित कोर्ट परिसर के पास से उपायुक्त कार्यालय की ओर गुजरती विरोध रैली।

## ग्रेट हिमालयन पब्लिक स्कूल बंजार ने मनाया विज्ञान मेला

**अनंत ज्ञान, बंजार**

जिला कुल्लू के उपमंडल बंजार स्थित ग्रेट हिमालयन पब्लिक स्कूल के प्रांगण में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विज्ञान मेले का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी चंदे राम ने शिरकत की। इस मौके पर विद्यालय के सभी कक्षाओं के बच्चों ने विज्ञान संबंधी मॉडल्स आर्ट एंड क्राफ्ट संबंधी कलाकृतियां बनाई, जिनका सभी निरीक्षण किया। अध्यापकों व ऑब्जर्वर मंडले ने छात्रों द्वारा बनाए हुए मॉडल्स एवं अन्य कलाकृतियों के बारे में बारीकी से जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने उपस्थित छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों की प्रोजेक्ट मॉडल आर्ट एंड क्राफ्ट की कलाकृतियों को देखकर के हम सभी काफी रोमांचित हुए हैं। उन्होंने सभी छात्र एवं छात्राओं को पसके लिए बधाई दी। इस मौके पर निर्णायक मंडली ने बच्चों के बनाए हुए विज्ञान मेले में मॉडल तथा अन्य गतिविधियों की समीक्षा की। इस मौके पर पीटीए के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष मनीषा महंत, सदस्य रश्मि गुप्ता, सुरेंद्र पाल, सुनीता सहित अभिभावक अभिभावक व अध्यापक तथा बच्चे उपस्थित रहे।



विज्ञान मेले के दौरान मुख्यातिथि के साथ विद्यार्थी व शिक्षक।

## जेईई , नीट व अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए कोचिंग जरूरी : उपायुक्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्ल**

उपायुक्त कुल्लू तोरुल एस रवीश ने सोमवार को बन्दरोल स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि शिक्षा ग्रहण कर रहे बच्चों को पाठ्यक्रम की पढ़ाई के साथ साथ खेल व अन्य गतिविधियों में शामिल किया जाए, ताकि विद्यार्थियों का समुचित विकास सुनिश्चित हो सके। उन्होंने 11 वीं तथा 12वीं कक्षा में पढ़ रहे विद्यार्थियों के लिए कोंचिंग प्रदान करने की संभावना तलाशने को कहा ताकि विद्यार्थियों 12 कक्षा के बाद जेईई , नीट व अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में उन्हें सहायता मिल सके।

उन्होंने जिला चिकित्सा अधिकारी को स्कूल आहार मेनू को तैयार करने के लिये डाइटीशियन की सेवा प्रदान करने को कहा ताकि बच्चों को पौष्टिक आहार उपलब्ध हो सके साथ फ़ूड एवं सेफ़्टी अधिकारी को नियमित रूप से खाने की जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने सीएमओ कुल्लू को विद्यार्थियों की नियमित तौर पर स्वास्थ्य जांच करने को कहा।

उपायुक्त ने जलशक्ति विभाग को सुचारु पेयजल आपूर्ति व विधुत विभाग को निर्वाध विधुत आपूर्ति सुनिश्चित बनाने को कहा। जलशक्ति विभाग के अधिकारी ने बताया कि विभाग द्वारा जल भंडारण टैंक व फिल्ट्रेशन टैंक का निर्माण कार्य प्रगति पर है और मार्च माह तक कार्य पूर्ण हो जायेगा। विधुत विभाग के अधिकारी ने बताया की निर्वाध बिजली उपलब्ध करवाने के लिए कई कदम उठाए गए। उन्होंने जेएनवी प्रबंधन को विद्यालय बाउंड्री वाल व व्यास नदी के बहाव से हो रहे भूस्खलन के मामले को केंद्रीय नवोदय विद्यालय समिति से उठाने को कहा। साथ ही जल शक्ति विभाग को स्कूल परिसर के साथ लगती नदी के तटीकरण का मामला एसडीआरएफ को मिटिगेशन के तहत मामला भेजने को कहा।


तोरुल एस रवीश ने बैठक के उपरांत चिकित्सा निरीक्षण रूम, मेस, प्रयोगशाला का निरीक्षण किया तथा मेस में सफ़ाई व्यवस्था पर संतोष व्यक्त किया। बैठक की कार्यवाही का संचालन प्राचार्य राजेश कुमार ने किया। उन्होंने बताया कि विद्यालय में छठी से 12वीं कक्षा तक 538 छात्र व छात्राएं अध्ययनरत है तथा पिछले वर्ष सभी कक्षाओं का वार्षिक परिणाम शत प्रतिशत रहा है। बैठक में सीएमओ, डा. नागराज पवार, उप निदेशक प्रारंभिक शिक्षा,जल शक्ति, लोक निर्माण व विधुत विभाग के अधिकारियों सहित बन्दरोल पंचायत की प्रधान निर्मला ठाकुर आदि उपस्थित थे।




जवाहर नवोदय विद्यालय बंदरोल में विद्यार्थियों से रू-ब-रू होते हुए उपायुक्त कुल्लू।

**बर्फ बनी आफत** | जनजीवन अस्त-व्यस्त, बढ़ी दुश्वारियां, बर्फीले तूफान ने उड़ाई लाहौल के भुजुंड में स्कूल भवन की छत, नेहरूकुंड में बर्फ में स्किड हुआ वाहन

# लाहौल-स्पीति व कुल्लू जिले में दूसरे दिन भी जारी रहा बर्फबारी का दौर



मनाली में नेहरूकुण्ड के समीप बर्फ में स्किड हुआ वाहन।



लाहौल के भुजंड स्कूल में बर्फीले तूफान से उड़ी छत।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

शीतमरुस्थल जनजातीय जिला लाहौल स्पीति सहित कुल्लू जिला के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में लगातार दूसरे दिन बर्फबारी जारी है। वहीं, निचले क्षेत्रों में सुबह से बारिश का दौर जारी रहा। दोनों जिलों में बारिश व बर्फबारी से जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। लाहौल में जहां बर्फीले तूफान ने भुजुंड स्कूल भवन का छत उड़ा दिया है वहीं, मनाली में एक जगह बर्फ में वाहन स्किड हुआ है।

उधर, सोमवार को पर्यटन नगरी मनाली भी सीजन की दूसरी बर्फबारी हुई अटल टनल के साउथ पोर्टल में डेढ़ से दो फीट बर्फबारी हो चुकी है। रोहतांग दर्रे में तीन फीट हुआ बर्फबारी हुई है। वहीं, सोलंगनाला व कोठी में एक फीट, पलचान में सात इंच, मझाच व कुलंग में आधा फीट, नेहरुकुण्ड में पांच इंच जबकि पर्यटन नगरी मनाली में दो इंच बर्फबारी हुई है। वहीं, लाहौल घाटी के उदयपुर में केलंग की अपेक्षा अधिक हिमपात हुआ है। जिला मुख्यालय केलंग में अभी तक एक फीट हिमपात हुआ है जबकि उदयपुर में दो फीट बर्फ गिर चुकी है। कोकसर, टनल के नार्थ पोर्टल, सिस्सू, गोंदला, योचे, छिका, ररिक, दारचा, जिस्पा जैसे उंचाई वाले ग्रामीण क्षेत्रों में डेढ़ से दो फीट हिमपात हुआ है। लाहौल के निचले क्षेत्रों तिंदी व पांगी की ओर भी दो फीट से अधिक बर्फबारी हुई है। उधर, मनाली में बर्फबारी के बीच ट्रैफिक जाम ने सोमवार को पर्यटकों की दिक्कतें बढ़ा दी थी। नेहरूकुंड, पलचान और सोलंगनाला में पर्यटकों की भीड़ जुटने से जाम लग गया। इससे पुलिस की भी दिक्कतें बढ़ गई। जाम के कारण स्थानीय लोग भी परेशान रहे। लिहाजा, कुल्लू व लाहौल स्पीति में हो रही बारिश व बर्फबारी से जहां पर्यटकों सहित पर्यटन कारोबारियों के चेहरे खिल गए हैं। वहीं, दिक्कतें भी बढ़ गई हैं।



लाहौल-स्पीति जिले के केलांग में खड़े वाहनों पर गिरी बर्फ।

### लाहौल घाटी में वाहनों की आवाजाही बंद

**लाहौल** घाटी में वाहनों की आवाजाही एक बार फिर बंद हो गई है। सोमवार को दिन भर बर्फबारी होती रही। जिससे लोग घरों से बाहर नहीं निकल पाए। एचआरटीसी की बस सेवा दो दिन चलने के बाद फिर से बंद हो गई है। लगातार हो रही बर्फबारी के चलते लाहौल घाटी में अब फोर व्हील ड्राइव वाहन भी नहीं चल रहे हैं।

### बर्फ में स्किड हुआ वाहन, बची जान


**सोमवार** को सोलंगनाला के समीप पलचान चौक दिन भर जाम रहा। पर्यटकों की मनमानी उन पर ही भारी पड़ी। पुलिस जवान पर्यटक वाहनों को नेहरूकुंड में रोक रहे थे लेकिन फोर बाई फोर वाहनों को आगे जाता देख पर्यटक भी अपने वाहन सोलंगनाला की ओर ले गए। हालांकि सुबह से ही नेहरूकुंड से सोलंगनाला तक भारी हिमपात हो रहा था लेकिन पर्यटक सोलंगनाला जाने की ही जिद्द करते रहे। फोर बाई फोर वाहन तो सोलंगनाला तक पहुंच गए लेकिन अन्य पर्यटक वाहन पलचान चौक के पास बर्फ में फंसना शुरू हो गए। देखते ही देखते पलचान चौक पर्यटक वाहनों के लिए जाम हो गया। मनाली पुलिस दिनभर ट्रैफ़िक सुचारु करने में जुटी रही। बात बनती न देख डीएसपी मनाली केडी शर्मा अतिरिक्त जवान लेकर मौके पर पहुंचे और बुरी तरह जाम हो चुके ट्रैफ़िक जाम को खुलवाया। वाहन चालक नरेंद्र व रमेश ने बताया कि पर्यटकों को उनकी मनमानी ही भारी पड़ गई। बर्फ में गाड़ी चलाने का अनुभव न होने के चलते कई वाहन स्किट होकर नाली में जा घुसे।

### अनावश्यक यात्रा न करें

**उपायुक्त** लाहौल-स्पीति राहुल कुमार ने आदेश जारी करते हुए बताया कि जिले में हो रही भारी बर्फबारी को आशंका को देखते हुए उपमंडल केलांग तथा उदयपुर के सभी शैक्षणिक संस्थानों को 20 और 21 फरवरी को बंद रखने का निर्णय लिया गया है। कई इलाकों में हिमखंड खिसकने का खतरा बना हुआ है। लिहाजा, जिला प्रशासन ने निर्णय लिया है। कहा कि लाहौल घाटी में अभी तक एक से दो फुट तक बर्फ गिर चुकी है और बर्फबारी लगातार जारी है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि अनावश्यक यात्रा न करें।

### सोलंग बैरियर से अटल टनल की तरफ नहीं जा सकेंगे वाहन

**बर्फबारी-बारिश** को किसान-बागबान फसल के लिए बेहतर मान रहे हैं। जिससे दोनों जिलों में ठंड का प्रकोप बढ़ गया है। धुंधी क्षेत्र में भारी बर्फबारी के कारण सड़क की स्थिति किसी भी प्रकार के वाहनों के लिए उपयुक्त नहीं है, इसलिए पर्यटकों और स्थानीय लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आगामी आदेशों तक सोलंग बैरियर से अटल टनल रोहतांग की ओर सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित कर दी गई है।



लाहौल-स्पीति जिले के केलांग में ताजा बर्फबारी के बीच अपने गंतव्य की ओर जाता व्यक्ति।

## न्यूज ब्रीफ

### नादौन केवी को प्रधानमंत्री आज देंगे भवन

**नादौन।** केंद्रीय विद्यालय नादौन को दशकों बाद आज शानदार नया भवन मिल जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 20 फरवरी को केंद्रीय विद्यालय के नवनिर्मित भवन का वर्चुअल उद्घाटन करेंगे, जिसे लेकर बच्चों, बच्चों के अभिभावकों, स्कूल प्रबंधन व शहर वासियों में काफी उत्साह है। केंद्रीय विद्यालय नादौन ने प्रिंसीपल एसडी लखनपाल के नेतृत्व में कार्यक्रम की तैयारियां पूरी कर ली हैं। हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद एवं केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने इस भवन का शिलान्यास किया था। उसके बाद वह कई बार इस निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण भी कर चुके हैं। कुछ दिन पहले मुख्यमंत्री सुक्खू ने भी इस भवन का निरीक्षण करके अधिकारियों को शीघ्र निर्माण कार्य पूरा करने के निर्देश दिए थे, ताकि आगामी शिक्षा सत्र से बच्चों की कक्षाएं इस नए भवन में शुरू की जा सकें। वर्तमान में केंद्रीय विद्यालय नादौन दो अलग-अलग जगह किराए के भवनों में चल रहा है। जहां बच्चों व स्टाफ को कई प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है उससे निजात मिलेगी।

### बाइक पर कुर्सियां ढोने पर अढ़ाई हजार का चालान

**हमीरपुर।** मोटरसाइकिल पर प्लास्टिक की कुर्सियां ढोना यूपी नंबर प्लेट वाले एक मोटरसाइकिल सवार को भारी पड़ गया। उसका हमीरपुर शहर में अढ़ाई हजार रुपए का ट्रैफिक पुलिस ने चालान कर दिया। दरअसल में ऐसी कुर्सियां उठाए मोटरसाइकिल जिला के कई इलाकों में अकसर देखे जा सकते हैं। जैसे ही हमीरपुर शहर में यह मोटरसाइकिल प्लास्टिक की कुर्सियों की लंबी धांक उठाए निकाला, पुलिस की नजर उस पर पड़ गई। ट्रैफिक नियमों के मुताबिक मोटरसाइकिल सवार इस तरह का सामान दोपहिया वाहन पर ढो नहीं सकता, इसीलिए उसका चालान हो गया। ट्रैफिक पुलिस के इंचार्ज राजकुमार का कहना है कि मोटर वाहन अधिनियम के तहत इस तरह का सामान दो पहिया वाहन पर ढोया नहीं जा सकता, इसलिए चालान करना पड़ा है।



### चुनावों से पहले लंबित पदोन्नति पूर्ण करे विभाग

**हमीरपुर।** अप्रैल माह में होने वाले लोकसभा चुनावों से पहले लंबित पदोन्नति और भर्ती प्रक्रियाएं पूर्ण कर लेनी चाहिए, मगर टीजीटी से लेक्चरर प्रमोशन सूची जारी नहीं की जा रही है और बैच आधारित टीजीटी और जेबीटी भर्ती सूचियां भी अब तक जारी नहीं हो सकी हैं। यह बात राजकीय टीजीटी कला संघ के प्रदेशाध्यक्ष सुरेश कौशल, प्रदेश महासचिव विजय हीर, स्टेट डेलीगेट्स संजय ठाकुर आदि ने यहां जारी संयुक्त बयान में कही। उन्होंने कहा कि टीजीटी से प्रवक्ता पदोन्नति सूची शिक्षा विभाग शीघ्र डीपीसी प्रक्रिया को पूर्ण करते हुए 29 फरवरी तक पदोन्नति सूची जारी करे। अगर ऐसा नहीं हुआ तो आचार संहिता लग जाएगी और टीजीटी की प्रमोशन फिर से लटक जाएगी। आठ माह से इस सूची के जारी होने की शिक्षक प्रतीक्षा कर रहे हैं और कई पात्र शिक्षक बिना प्रमोशन इस अवधि में सेवानिवृत्त भी हो चुके हैं। संघ ने 25 फरवरी से 10 मार्च तक उन सभी ट्रांसफर को क्लीयर करने की अपील की है, जिनका इंतजार कर्मचारी दो माह से कर रहे हैं।

### सीएम ने बजट में खिलाड़ियों व बच्चों का रखा ख्याल

**नादौन।** हिमाचल प्रदेश शारीरिक संघ जिला हमीरपुर ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा द्वारा पेश किए बजट में खिलाड़ियों सहित स्कूल के नन्हे-मुन्ने बच्चों को भी आधुनिक सुविधाएं प्रदान करने का प्रावधान करने की सरहाना की है। संघ के जिला प्रधान राकेश सिंह, सचिव संजीव कुमार, सुजानपुर के प्रधान मनजीत, टौणी देवी के प्रधान पंकज शर्मा, बिझड़ी के प्रधान अमन आदि ने संयुक्त बयान में कहा कि मुख्यमंत्री ने बजट में हिमाचल के खिलाड़ियों की डाइट मनी बढ़ाकर, दूसरे प्रदेशों में प्रतियोगिता में हिस्सा लेने जाने के लिए हवाई यात्रा, ट्रेन में वातानुकूलित यात्रा की सुविधा देने साथ करीब 43 खेलों के खिलाड़ियों को नौकरी में आरक्षण का तीन प्रतिशत कोटा देने का प्रावधान का करने का ऐलान करके खिलाड़ी वर्ग का दिल जीत लिया है।

### महिला से छेड़छाड़ करने वालों को सत्ता पक्ष का संरक्षण

**सुजानपुर।** सुजानपुर में कानून-व्यवस्था में छेड़छाड़ आम बात हो चुकी है कभी चोरी करने वालों को संरक्षण मिलता है तो कभी युवाओं को चिटा नशा उपलब्ध करवाने वाले आरोपियों को संरक्षण मिलता है कांग्रेस के वह कौन नेता है जो आरोपियों को संरक्षण देते हैं उन्हें बचाने के लिए प्रशासन के ऊपर दबाव डालते हैं। यह बात भाजपा मंडल अध्यक्ष बिक्रम राणा, पूर्व भाजपा प्रत्याशी कैप्टन रंजीत राणा व जिला सचिव विनोद ठाकुर ने जारी प्रेस बयान में कही। उन्होंने कहा कि रविवार रात कलोह गांव में शादी समारोह में महिला के साथ छेड़छाड़ हुई और उसके पति, अन्य रिश्तेदारों को पीटा गया। महिला को न्याय मिले इसके लिए भाजपा प्रशासन से मांग करती है कि जिन लोगों ने महिला के साथ छेड़छाड़ और मारपीट की है उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए। यदि पुलिस कार्रवाई नहीं करती है तो भाजपा सड़कों पर उतरेगी। उन्होंने कहा कि पीड़ित महिला की मदद करने की बजाए कांग्रेस नेता और समाजसेवी इस मामले को दबाने का प्रयास कर गुनहगारों को संरक्षण दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र में जब भी गलत काम हुआ है तब सत्ता पक्ष के लोगों ने मामलों को दबाने का प्रयास किया है, पुलिस के ऊपर दबाव बनाया और मामले रफा-दफा हो गए, लेकिन वर्तमान में ऐसा नहीं होगा।

### महिला से अश्लील हरकतें करने पर मामला दर्ज

**टौणीदेवी।** सुजानपुर थाना के अंतर्गत गांव कलोह गांव की एक महिला के साथ शादी समारोह में डीजे डांस के दौरान अश्लील हरकतें करने का मामला सामने आया है। महिला ने अपनी शिकायत पर में दर्ज करवाया की उसी के गांव के एक व्यक्ति ने नशे में धुत होकर उसके साथ अश्लील हरकत की, जब इसका विरोध उसके पति ने किया तो उसने अपने भाई के साथ मिलकर उसके पति के साथ मारपीट की। पुलिस ने धारा 354-ए, 451, 504 व 34 के तहत मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।



जिला परिषद के पूर्व अध्यक्ष और भाजपा के वरिष्ठ नेता राकेश ठाकुर ने सोमवार को डीसी अमरजीत सिंह को उनके कार्यालय में शॉल-टोपी से सम्मानित करने के बाद उन्हें भगवान श्रीराम की फोटो भी भेंट की। उनके साथ कई और वरिष्ठ भाजपा नेता मौजूद थे।

# बजट का प्रावधान न होने से कृषि विभाग किसानों को बीज उपलब्ध करवाने में नाकाम

## ब्लॉकों में किसानों को नहीं मिल रहे सब्जियों के बीज

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

जिला के किसानों को कृषि विभाग ब्लॉकों में अभी तक सब्जियों के बीज मुहैया नहीं करवा पाया है। इसके चलते किसानों को समस्या पेश आ रही है। किसानों को बाजार से महंगें दामों पर सब्जियों के बीज खरीदने पड़ रहे हैं। वजह साफ है कि कृषि विभाग बजट के अभाव में अभी तक सब्जियों के बीज ब्लॉकों में उपलब्ध नहीं करवा पाया है। इसके चलते किसानों को ब्लॉकों व सेल सेंटरों से खाली हाथ वापस लौटना पड़ रहा है। किसान बाजार से महंगें दामों पर सब्जियों के बीज खरीदने को मजबूर हैं।

बाजार में बीज की दुकानों पर बीज खरीदने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ रही है। किसान भी ब्लॉकों में सब्सिडी पर मिलने वाला बीज न मिलने से काफी परेशान हैं। किसानों में प्रकाश चंद, रोशन लाल, विधि चंद, विक्रम सिंह, करतार चंद, कुशल कुमार, बिमला देवी, रोशनी देवी आदि ने प्रदेश सरकार से आग्रह किया है कि सब्जियों के लिए जल्द से जल्द बजट का प्रावधान करवाया जाए, ताकि उन्हें घरों के नजदीक ब्लॉकों व सेल सैंटरों से बीज सबसिडी पर मिल सके। बाजार में सब्जियों के बीज काफी महंगें दामों पर बिक रहे हैं। किसान भी खेतों में उपयुक्त नमी को देखकर सब्जियों के बीज खरीदने में लगे हुए हैं, ताकि सब्जियों की बिजाई की जा सके। (अनंत ज्ञान)




कृषि विक्रय केंद्र में बीजों का पता करने आए किसान।

> बजट का प्रावधान न होने से अभी बीज नहीं आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि जैसे ही बीज की खेप हमीरपुर पहुंचेगी, उसे ब्लॉकों व सेल सेंटरों में डिमांड के मुताबिक मुहैया करवा दिया जाएगा।
> -डा. सुरेश कुमार, उपनिदेशक कृषि विभाग हमीरपुर

# मम्प्स का इलाज करवाने मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में पहुंचे 100 से अधिक बच्चे



मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में खांसी व बुखार से पीड़ित बच्चों की जांच करवाने आए परिजन व बच्चे।

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

डॉ. राधा कृष्णन मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में इन दिनों मम्प्स की बीमारी से पीड़ित छोटे-छोटे बच्चों की इलाज करवाने के लिए काफी भीड़ लग रही है। सोमवार को मेडिकल कालेज हमीरपुर में गले में दर्द, बुखार व खांसी के रोगों से पीड़ित 100 से अधिक बच्चे अपना इलाज करवाने के लिए पहुंचे थे।

बता दें कि कुछ ही दिनों में वार्षिक परीक्षाएं शुरू होने वाली हैं ऐसे में छोटे बच्चे इस बीमारी से सबसे ज्यादा पीड़ित हो रहे हैं। वायरल इंफेक्शन एक-दूसरे से बच्चों को भी हो जाता है, जिसमें बड़े लोग भी चपेट में आ रहे हैं। इस बीमारी में गले में सूजन, खराश, दर्द और बुखार आता है। इस बीमारी के लिए कोई विशेष दवाई नहीं है। इस बारे में शिशु विशेषज्ञ डॉ. राकेश ठाकुर ने बताया कि यह एक वायरल इंफेक्शन है जो एक-दूसरे से हो जाता है।

# कोटला चिल्लियां पंचायत प्रधान के वोटों की दोबारा होगी मतगणना

**अनंत ज्ञान, नादौन**

विकास खंड नादौन की ग्राम पंचायत कोटला चिल्लियां के प्रधान पद के मतों की मतगणना दोबारा होगी, जिसे लेकर पंचायत में विभिन्न प्रकार की चर्चाएं चर्चित हैं। एसडीएम नादौन अपराजिता चंदेल की अदालत ने इस बारे बीडीओ नादौन को दिशा-निर्देश जारी किए हैं। जिसके चलते 22 फरवरी को संयुक्त कार्यालय भवन नादौन की पांचवीं मंजिल में प्रधान पद के मतों की दोबारा गिनता होगी। इस बारे में बीडीओ नादौन निशांत शर्मा ने बताया कि एसडीएम नादौन के निर्देशानुसार कोटला चिल्लियां पंचायत के जिन उम्मीदवारों ने प्रधान पद का चुनाव लड़ा है। उन्हें अपना मतगणना अभिकर्ता नियुक्त किए जाने बारे औपचारिकताएं पूरी करने को कहा गया है, ताकि 22 फरवरी को दोबारा मतगणना करवाई जा सके।

> **एसडीएम अपराजिता चंदेल ने अपील की सुनवाई दौरान दिए हैं आदेश**

काबिले गौर है कि कोटला चिल्लियां पंचायत के प्रधान पद के चुनाव को दूसरे स्थान पर रहे थे उम्मीदवार अजय कुमार पुत्र हंस राज ने चुने गए प्रधान विजय कुमार शर्मा के चुनाव को चुनौती देते हुए एसडीएम नादौन के पास अपील दायर की थी। जिसके चलते दोबारा मतगणना होगी। पंचायत के विजय कुमार, अजय कुमार, अनिल कुमार, जगदीश चंद व ब्यास देव ने कोटला चिल्लियां पंचायत से प्रधान पद का चुनाव लड़ा था।

# आपदा प्रबंधन के लिए पंचायत स्तर पर तैयार किए जाएंगे वालंटियर्स

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

> **ब्लॉक स्तर पर 26 से शुरू होने वाली कार्यशालाओं में दिया जाएगा प्रशिक्षण, डीसी ने दिए निर्देश**



किसी भी तरह की आपदा से निपटने हेतु प्रभावी तंत्र विकसित करने के लिए पंचायत स्तर पर युवा वालंटियर्स की टास्क फोर्स तैयार की जाएगी और इन वालंटियर्स को विशेष रूप से प्रशिक्षित किया जाएगा। हिमाचल प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के निर्देशानुसार आने वाले तीन वर्षों के दौरान प्रत्येक पंचायत में कम से कम 10-20 स्वयंसेवी प्रशिक्षित किए जाएंगे, ताकि किसी भी तरह की आपात परिस्थिति में उनकी सेवाएं ली जा सकें।

उपायुक्त एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष अमरजीत सिंह ने बताया कि पंचायत स्तर के वालंटियर्स को प्रशिक्षित करने के लिए जिला के सभी विकास खंडों में 26 फरवरी से तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी।

उपायुक्त ने जिला के सभी खंड विकास अधिकारियों को इन प्रशिक्षण कार्यशालाओं के लिए पंचायत प्रधानों, अन्य जनप्रतिनिधियों, सचिवों, आशा वर्करों और अन्य युवाओं को नामित करने के निर्देश दिए हैं। उपायुक्त ने कहा कि युवा स्वयंसेवियों की उम्र 45 वर्ष से कम होनी चाहिए। प्रशिक्षण के लिए प्रतिभागियों को अपने साथ आधार कार्ड, बैंक पासबुक की एक प्रति और एक पासपोर्ट आकार का फोटो लाना होगा। उन्होंने बताया कि 26 फरवरी से आयोजित की जाने वाली प्रशिक्षण कार्यशालाओं में प्रतिभागियों को प्राथमिक चिकित्सा, सर्च एवं रेस्क्यू का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### विदाई पार्टी में पलक ठाकुर चुनी मिस फेयरवेल

**धनेटा।** राजकीय कन्या उच्च विद्यालय धनेटा में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान नौवीं कक्षा ने दसवीं कक्षा की छात्राओं को पिनअप करके अलग-अलग टाइटल दिए। इस दौरान मिस पर्सनेलिटी व मिस फेयरवैल भी चुने गए। इस मौके पर स्कूल की मुख्याध्यापिका शशि बाला ने मिस फेयरवेल चुनी गई पलक ठाकुर व मिस पर्सनेलिटी कशिश कुमारी को उपहार देकर सम्मानित किया। इस दौरान मुख्याध्यापिका ने बच्चों को संबोधित करते हुए उन्हें उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी व मेहनत करके आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।

### लोकगीत प्रतियोगिता के लिए पंजीकरण 26 फरवरी तक

**हमीरपुर।** भाषा एवं संस्कृति विभाग मार्च के पहले सप्ताह में कनिष्ठ और वरिष्ठ वर्ग की जिला स्तरीय लोकगीत प्रतियोगिता आयोजित करने जा रहा है। इस प्रतियोगिता के लिए 26 फरवरी तक सलासी स्थित जिला भाषा अधिकारी के कार्यालय में पंजीकरण करवाया जा सकता है। जिला भाषा अधिकारी निक्कू राम ने बताया कि इस प्रतियोगिता में जिला हमीरपुर से संबंध रखने वाले कलाकार भाग ले सकते हैं।

### ऊर्जा संरक्षण बारे स्टूडेंट्स को किया जागरूक

**सुजानपुर।** राजकीय उत्कृष्ट विद्यालय चबूतरा में ऊर्जा संरक्षण पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। स्थानीय स्कूल के पाइन ईको क्लब के माध्यम से इस कार्यशाला में स्रोत व्यक्ति के रूप में जीव विज्ञान के प्रवक्ता गौतम राणा ने ऊर्जा के संरक्षण बारे स्टूडेंट्स को जागरूक किया। इस अवसर पर स्कूल प्रधानाचार्य कुलदीप ठाकुर, ईको क्लब प्रभारी निशा शर्मा व अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

### दूध का समर्थन मूल्य तय कर मुख्यमंत्री सुक्खू ने रचा इतिहास

**बड़ा।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा पेश किए गए दूसरे बजट में दूध का समर्थन मूल्य तय करने से पशु पालकों एवं डेयरी परियोजना से जुड़े लोगों में काफी खुशी की लहर हैं। हिमाचल प्रदेश देश का पहला ऐसा राज्य होगा जहां पशु पालकों एवं डेयरी परियोजना से जुड़े किसानों की स्थिति को आर्थिक दृष्टि से सुदृढ़ करने के लिए दूध का समर्थन मूल्य निर्धारित किया गया है। यह बात नादौन कांग्रेस के पूर्व मंडलाध्यक्ष एवं वरिष्ठ कंग्रेस नेता डॉ. मोहन लाल कौंडल ने प्रैसवार्ता के दौरान कही। इस दौरान उनके साथ जिला के 20 सूत्रीय कार्यक्रम विकास समिति के सदस्य राजेश ठाकुर पिंका, कुलदीप सिंह पटियाल, जीत सिंह कौंडल भी उपस्थित थे। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा दूध का समर्थन मूल्य तय करने से महिलाएं काफी खुश हैं। गृहणी एवं पशु पालक महिलाएं रीना रानी, ममता देवी, संजू देवी, निर्मला देवी, रीना रानी, सुषमा धीमान, बीना बन्याल, सरोज ठाकुर, निशा ठाकुर, नीतू, सुनीता ठाकुर ने कहा कि सुक्खू देश के पहले ऐसे मुख्यमंत्री हैं जिन्होंने दुग्ध उत्पादकों की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने का प्रयास किया हैं।

### बाकाया राशि के भुगतान की घोषणा से पेंशनर्स में मायूसी

**हमीरपुर।** मुख्यमंत्री सुक्खू द्वारा पेश किए गए बजट में कुछ वर्गों के लिए सरकार ने वेतन आदि में बढ़ोतरी कर लाभान्वित करने की घोषणा की है, जो कि सराहनीय है। यह बात हिम आंचल पेंशनर्स संघ के प्रदेशाध्यक्ष योगराज शर्मा, संस्थापक बीडी शर्मा, मुख्य संरक्षक रमेश भारद्वाज आदि ने जारी संयुक्त प्रेस बयान में कही। संघ के सदस्यों का कहना है कि अप्रैल, 2024 से महंगाई भत्ता की एक किस्त जारी करने तथा मार्च, 2024 से पेंशन संशोधन की बाकाया राशि, लीव-एनकैशमेंट व ग्रैच्युटी के चरणबद्ध तरीके से भुगतान करने की घोषणा सराहनीय है, परंतु वृद्ध पेंशनर्स जो आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं, मुख्यमंत्री से भरपूर आशा रखे हुए थे कि उन्हें पेंशन संशोधन की 7-8 वर्षों से लंबित देय बाकाया हक उनके जीते-जी एकमुश्त भुगतान करने की घोषणा अवश्य होगी। बिना निश्चित समय सीमा के उनकी देय बाकाया राशि का भुगतान चरणबद्ध तरीके से किए जाने की घोषणा से वृद्ध पेंशनर्स में कुछ मायूसी जरूर हुई है कि शायद अब उन्हें जीवित रहते उनका बाकाया मिल भी पाएगा। संघ के सदस्यों का कहना है कि सभी पेंशनर्स वृद्धावस्था में गंभीर बीमारियों से ग्रस्त रहते हैं और इस महंगाई के दौर में उन्हें अपनी जरूरतों को पूरा करने में अति कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

# टेबल टेनिस के एकल में अंशुल और मेघा विजेता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर की अंतर विभागीय खेलकूद प्रतियोगिता के अंतिम दिन टेबल टेनिस, शतरंज, लूडो, कैरम बोर्ड और कबड्डी के मुकाबले खेले गए। टेबल टेनिस के पुरुष वर्ग के एकल में एमबीए विभाग के अंशुल विजेता, बीटेक के मानस उपविजेता और बीटेक के ही प्रियांशु तीसरे स्थान पर रहे।

महिला वर्ग के एकल में एमएससी पर्यावरण विज्ञान विभाग की मेघा प्रथम, एमबीए की अंजना द्वितीय और एमबीए पर्यटन विभाग की पल्लवी ने तृतीय स्थान हासिल किया। कैरम बोर्ड के पुरुष वर्ग के एकल में एमबीए पर्यटन विभाग का रोहित ने पहला, एमसीए के राहुल ने दूसरा और बीएचएमसीटी के सौरव ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं कैरम बोर्ड के युगल में बीएचएमसीटी के सौरव व एमबीए के रजत की टीम ने पहला, एमबीए पर्यटन विभाग के अभिलाष व रोहित की टीम ने दूसरा और एमबीए पर्यटन के विकास व पीयूष की टीम तीसरे स्थान पर रही। कबड्डी का फाइनल मुकाबला एमबीए व एमबीए पर्यटन विभाग की टीम के मध्य खेला गया, जिसमें एमबीए ने एमबीए पर्यटन विभाग की टीम को 47-33 अंकों से हराया। कबड्डी स्पर्धा में एमसीए विभाग की टीम तीसरे स्थान पर रही।



खेलकूद प्रतियोगिता में कैरम बोर्ड खेलते हुए स्टूडेंट्स।

# अनन्य मिस व आयुष मिस्टर फ्रेशर बने

**अनंत ज्ञान, भरेड़ी**

साई विजन वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भरेड़ी में प्लस टू कक्षा के स्टूडेंट्स के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। प्लस वन ने प्लस टू के स्टूडेंट्स को विदाई दी। इस अवसर पर रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें बच्चों ने अपने जलवे दिखाए।

इस दौरान अनन्य बन्याल मिस फ्रेशर व आयुष शर्मा मिस्टर फ्रेशर चुने गए। अध्यक्ष वीरेंद्र चौधरी ने बच्चों को उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि जो बातें स्कूल में सीखने काबिल थीं उन्हें पूरी निष्ठा के साथ आपने सीखा,जो भविष्य में काम आएंगी। स्कूल मैनेजमेंट कमेटी एवं प्रधानाचार्य सुनीता देवी ने भी बच्चों को बधाई दी। स्कूल स्टाफ की तरफ से वाइस प्रिंसिपल पूजा शर्मा व स्टाफ के सभी सदस्य उपस्थित रहे।



विदाई समारोह में चुने गए प्रतिनिधि प्रधानाचार्य के साथ।

## खेलो इंडिया अंडर-13 महिला फुटबॉल लीग

# हिम अकादमी की छात्राएं बनी विजेता




हमीरपुर-हिम अकादमी पब्लिक स्कूल की विजेता छात्राएं सम्मानित होने के बाद सामूहिक चित्र में।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

अणु मैदान में हुई खेलो इंडिया फुटबॉल लीग में हिम अकादमी पब्लिक स्कूल विजेता रहा । यह फुटबॉल लीग 10 दिनों तक चली, जिसमें डीएवी पब्लिक स्कूल हमीरपुर, हिम अकादमी पब्लिक स्कूल विकास नगर, राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल हमीरपुर (कन्या), मदर्स प्राइड पब्लिक स्कूल मलोटी, शिवा फुटबॉल क्लब नादौन की टीमें इसमें शामिल थीं।

कक्षा सातवीं की अहाना खेलो इंडिया फुटबॉल लीग अंडर-13 में शीर्ष स्कोर पर रही। इस लीग में 30 मैच खेले गए जिसमें हिम अकादमी पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने अपने सभी मैच जीतकर शीर्ष स्थान पर कब्जा किया।

विजेता टीम हिम अकादमी पब्लिक विकास नगर की छात्राओं को फुटबॉल संघ की ओर से 50,000 की इनामी राशि पुरस्कार के रूप में प्रदान की गई। स्कूल के प्रांगण में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन कर इन छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर स्कूल प्रबंधन से अकादमी प्रिंसिपल डॉ. हिमांशु शर्मा, समन्वयिका शशि बाला, कंचन लखनपाल, मनीषा मरवाह, संजीव ठाकुर, कमल सिंह, जिम्मी ठाकुर एवं समस्त खेल विभाग के अध्यापक उपस्थित थे।

# डॉक्टर की आज से पेन डाउन स्ट्राइक

**हमीरपुर।** सूबे में डॉक्टर्स की बेमियादी पेन डाउन स्ट्राइक आज से शुरू हो रही है। इस हड़ताल में डॉक्टर्स सुबह 9.30 से 12 बजे तक मरीजों को नहीं देखेंगे। केवल आपातकालीन सेवाओं में ही ड्यूटी देंगे। हिमाचल मेडिकल ऑफिसर्स एसोसिएशन की प्रदेश कार्यकारिणी की रविवार को हुई वर्चुअल बैठक में यह फैसला लिया गया था। एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश राणा, महासचिव डॉ. विक्रम ठाकुर ने बताया कि मुख्यमंत्री के साथ बैठक हुए सात दिन बीत गए हैं, लेकिन मिनट्स ऑफ मीटिंग नहीं दिए गए हैं, इसलिए 20 फरवरी से प्रदेश भर में डॉक्टर्स अपनी मांगों को मनवाने के लिए 'पेन डाउन' स्ट्राइक शुरू करेंगे। इस दौरान अपातकालीन सेवाओं को प्रभावित नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने अफसोस जताया कि एक महीने तक काले बिल्ले लगाकर डॉक्टर्स रोज मरीजों का इलाज करते रहे, इसीलिए अब पेन डाउन स्ट्राइक पर जाने के लिए मजबूर हुए हैं। जब तक संघ की मांगें पूरी नहीं हो जातीं, तब तक पेन डाउन स्ट्राइक चलती रहेगी। सोमवार देर शाम को कार्यकारिणी की बैठक में पेन डाउन स्ट्राइक पर किसी भी प्रभाव का असर नहीं पड़ेगा।



डॉ. सुरेंद्र सिंह डोगरा।

**आयोजन** समाधीलीन महंत श्रीश्रीश्री 1008 शिवगिरि महाराज की 20वीं बरसी मनाई

# गद्दीसीन महंत श्रीश्रीश्री 1008 राजेंद्र गिरि महाराज ने निभाई गुरु-शिष्य की परंपरा

**अनंत ज्ञान, बिझड़ी**

गद्दीसीन महंत श्रीश्रीश्री 1008 राजेंद्र गिरि महाराज ने गुरु शिष्य की परंपरा को पूरी निष्ठा से निभा रहे हैं। सोमवार को दियोटसिद्ध तपोस्थली में ब्रह्मलीन महंत शिव गिर के बरसी मेले का आयोजन किया गया और भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया।

दियोटसिद्ध के 13वें महंत ब्रह्मलीन महंत शिव गिर के बरसी मेले में पंजाब के और हिमाचल के कलाकारों ने बाबा बालक नाथ के भजनों से खूब समा बांधा। महंत आवास पर देर रात्रि तक जगराते का आयोजन भी होगा। महंत आवास पर प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए तमाम इंतजाम किए हुए थे। श्रद्धालुओं के लिए सारा दिन अटूट लंगर की व्यवस्था की गई थी।

दियोटसिद्ध नगर में अति आधुनिक आवासीय कमरों का निर्माण शुरू किया है। महंत श्रीश्रीश्री 1008 राजेंद्र गिरि ने बरसी मेले की पावन बेला पर सिद्ध आवास के नाम से बन रही इस बहुमंजिला भवन को लांच किया है। दियोटसिद्ध में महंतों की प्राचीन गद्दी का इतिहास करीब 1400 साल पुराना बताया जाता है। बरसी मेले के दौरान हिमाचल के साथ-साथ अन्य राज्यों से आए श्रद्धालुओं गुफा दर्शन करने के बाद महंत श्रीश्रीश्री 1008 राजेंद्र गिरी से आशीर्वाद लेने के लिए उनके आवास पर पहुंचे थे।



शिवगिरि महाराज की 20वीं बरसी मेले पर महंत निवास पर उमड़ा श्रद्धालुओं का हुजूम।

# एक्सपायरी डेट खाद्य पदार्थों को खुले में फेंका जा रहा

## खाद्य पदार्थों पर बनाने वाले का नाम और पता तक अंकित नहीं, जिससे साफ जाहिर हो रहा कि बड़े पैमाने पर नकली खाद्य पदार्थ बाजार में बेचे जा रहे

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**

नगर परिषद घुमारवीं के तहत मेला ग्राउंड के पास सीर खड्ड किनारे किसी अज्ञात व्यापारी द्वारा बच्चों को बेचे जाने वाले एक्सपायरी डेट के खाद्य पदार्थों को खुले में फेंका गया है, जबकि खुले में फेके गए यह एक्सपायरी डेट के खाद्य पदार्थ किसी के लिए भी खतरा बन सकते हैं।

हैरानी इस बात यह है कि इन खाद्य पदार्थों की न तो निर्माण तिथि अंकित है और न ही एक्सपायरी डेट। यही नहीं इन खाद्य पदार्थों पर बनाने वाले का नाम तथा पता तक अंकित नहीं है, जिससे साफ जाहिर हो रहा है कि बड़े पैमाने पर इस तरह के नकली खाद्य पदार्थ बाजार में बेचे जा रहे हैं, लेकिन संबंधित विभाग आंखे मूंद कर सोया हुआ है।

शहर में ऐसे कई व्यापारी हैं, जो बच्चों के लिए खाद्य उत्पादों का कारोबार करते हैं, लेकिन इनमें से किसी व्यापारी की ओर से एक्सपायरी एवं खराब हो चुकी खाद्य वस्तुओं को जिन में बच्चों द्वारा खाए जाने वाली जेली, टॉफियां तथा अन्य खाद्य पदार्थ को खुले में फेंक दिया गया है। ऐसे में यह



एक्सपायरी डेट के खाद्य पदार्थों को खुले में फेंका गया।

सामग्री यदि कोई मवेशी भी खा ले तो वह भी बीमार हो सकते हैं, जबकि इन जगहों पर अक्सर कचरा बीनने वाले बच्चे घूमते रहते हैं। ऐसे में अगर किसी बच्चे की ओर से इन खाद्य पदार्थों को गलती से खा लिया गया, तो कोई भी बड़ी घटना हो सकती है, जिससे व्यापारी ऐसे खराब हो चुके पदार्थों को खुले में फेंक रहे हैं।

इससे साफ मालूम पड़ता है कि प्रशासन इन लोगों पर कोई कार्रवाई नहीं करता है, जिससे यह दुकानदार अपनी दुकान में खराब हो चुके माल को अक्सर या तो बेच देते हैं या फिर ज्यादा खराब होने पर इस तरह खुले में फेंक रहे हैं। कुछ व्यापारी लंबे समय से ऐसे खराब हो चुके खाद्य पदार्थों को बेचकर लोगों की सेहत से खिलवाड़ कर रहे हैं, हैरानी इस बात यह है कि जिस स्थान पर यह एक्सपायर खाद्य पदार्थ फेंके गए हैं। यह स्थान नगर परिषद कार्यालय, उपमंडल अधिकारी तथा पुलिस स्टेशन से मात्र 100 मीटर की दूरी पर स्थित है, जिससे जाहिर होता है कि प्रशासन के नाक तले ही कोई इस कार्य को अंजाम दे रहा है और प्रशासन को कानों कान खबर नहीं है। (अनंत ज्ञान)

### लोगों की जिंदगी से किया जा रहा खिलवाड़

एक्सपायरी डेट के खाद्य पदार्थों को इस तरह खुलेआम फेंक कर लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ किया जा रहा है क्योंकि एक्सपायरी डेट के खाद्य पदार्थों को खाने से सेहत पर इसका बुरा प्रभाव हो सकता है। यह जानते हुए भी अज्ञात व्यापारी की ओर से एक्सपायरी डेट के खाद्य पदार्थों को नष्ट करने की बजाए खुले में फेंका गया है। लोगों के अनुसार इस तरह खुले में फेंकी गई मिलावटी और एक्सपायरी डेट के खाद्य पदार्थों की इस तरह से सरेआम हो रही बिक्री के बावजूद संबंधित विभाग द्वारा से लोगों पर कोई कार्रवाई नहीं की जाती है। यही वजह है कि यह लोग एक्सपायरी डेट के खर्च पदार्थों को खुले में फेंक कर गरीब और मासूम बच्चों की जिंदगी को खतरे में डाल रहे हैं।

> नगर परिषद को निर्देश जारी किए गए हैं कि इस तरह एक्सपायर खाद्य पदार्थों को खुले में फेंक कर जाने वाले अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ पुलिस थाना घुमारवीं में मामला दर्ज करवाए, ताकि पुलिस मामले की जांच कर उसे व्यक्ति तक पहुंच सके, ताकि ऐसे व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की जा सके।
>
> **गौरव चौधरी एसडीएम, घुमारवीं।**

# चलती कार पर झपटा जंगली जानवर; लुढ़कने से चालक घायल



चलती कार पर जानवर झपटने से लुढ़की कार।

**झंडूता।** झंडूता उपमंडल क्षेत्र के आनंदघाट के पास स्थित गांव पराहु में सोमवार सुबह अचानक चलती कार पर जंगली जानवर झपट पड़ा। इसके चलते कार चालक ने कार पर से नियंत्रण खो दिया और कार अनियंत्रित होकर सड़क नीचे जा गिरी। इस घटना में कार चालक घायल हो गया।

गनीमत यह रही कि इस हादसे में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ। जानकारी के अनुसार सोमवार सुबह करीब चार बजे कार चालक झंडूता से मांडवा की तरफ जा रहा था, जैसे ही कार आनंदघाट के पास गांव पराहु के पास पहुंची, तो अचानक एक बारहसिंगा कार की तरफ आ झपटा, जिससे कार अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे जा गिरी। ग्रामीणों को जैसे ही इस हादसे का पता चला, तो उन्होंने घायल कार चालक को उपचार के लिए झंडूता अस्पताल पहुंचाया। घायल कार चालक को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया है।

# मेले के लिए पांच सेक्टर में बांटा शाहतलाई क्षेत्र

## 14 मार्च से 13 अप्रैल तक होने वाले चैत्र मेले में आवश्यक प्रबंधों की समीक्षा के लिए की बैठक

**अनंत ज्ञान, शाहतलाई**

बाबा बालक नाथ मंदिर में चैत्र मास मेले में श्रद्धालुओं को बेहतर व्यवस्था और सुविधा प्रदान करने के दृष्टिगत अधिकारी आपदा प्रबंधन योजना के तहत कार्य योजना तैयार कर जल्द प्रस्तुत करें।

मेले के दौरान किसी अप्रिय घटना के प्रति तुरंत प्रभावी कदम उठाए जा सकें। अध्यक्ष मंदिर न्यास श्री बाबा बालक नाथ जी शाहतलाई एवं अतिरिक्त उपायुक्त बिलासपुर डॉ. निधि पटेल ने 14 मार्च से 13 अप्रैल तक होने वाले चैत्र मेले में आवश्यक प्रबंधों की समीक्षा के लिए बुलाई गई बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह निर्देश दिए। मेले के दौरान शाहतलाई क्षेत्र को पांच सेक्टर में विभाजित किया जाएगा। मेले के दौरान पर्याप्त पुलिस व गृह रक्षों को नियुक्त किया जाएगा, ताकि कानून व्यवस्था को सामान्य व सुचारु किया जा सके।



चैत्र मेले में आवश्यक प्रबंधों की समीक्षा के लिए बैठक की अध्यक्षता करती एडीसी।

### सीसीटीवी से निगरानी करने के दिए निर्देश

इसके अंतर्गत आगजनी अथवा अन्य घटनाओं के प्रति बचाव तथा विशेष रूप से एंबुलेंस के रास्ते को लेकर आपदा प्रबंधन कार्य योजना में स्पष्ट योजना अंकित करना सुनिश्चित करें। मेले के दौरान विभिन्न व्यवस्थाओं पर विशेष रूप से यातायात तथा श्रद्धालुओं के आगमन व जाम आदि की समस्या से निपटने के लिए सीसीटीवी कैमरे स्थापित कर निगरानी करने के निर्देश दिए।

# पुलिस ने ट्रक से 100 पेटी अंग्रेजी 360 पेटी देसी शराब की बरामद

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर**

बिलासपुर पुलिस ने शराब तस्करों के खिलाफ शिकंजा कस दिया है। नशा तस्करी के खिलाफ जारी अभियान में पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है।

बरमाणा थाना की पुलिस चौकी नम्होल के प्रभारी की अगुआई में पुलिस टीम ने नम्होल में नाकाबंदी के दौरान भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब और देसी शराब बरामद की है। पुलिस ने शराब को कब्जे में लेकर अगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस टीम ने नम्होल में नाकाबंदी की थी, उस दौरान एक ट्रक एचपी 23 बी 5231 जो दाड़लाघाट से नम्होल की तरफ जा रहा था, उसको जब शक के आधार पर रोका, तो इसमें अवैध रूप से लाई जा रही 100 पेटी अंग्रेजी शराब और 360 पेटी देसी शराब छिपाई हुई थीं।

पुलिस ने शराब को ट्रक समेत कब्जे में लेकर पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगामी कारवाई शुरू कर दी है। वहीं, डीएसपी बिलासपुर मदन धीमान ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि नम्होल पुलिस चौकी की टीम ने नाकाबंदी के दौरान 100 पेटी अंग्रेजी शराब और 360 पेटी देसी शराब बरामद की है। पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।



पुलिस टीम नम्होल में नाकाबंदी के दौरान पकड़ी देसी व अंग्रेजी शराब के साथ।

# बच्चे अपनी रुचि व क्षमता के अनुसार लक्ष्य तय करें : महेंद्र

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

बच्चे अपनी रुचि और क्षमता के अनुसार अपने जीवन का लक्ष्य निर्धारित करें यह बात आज ध्रुवा अकादमी घुमारवीं में बच्चों को संबोधित करते हुए 'घुमारवीं अगेंस्ट चिट्टे' अभियान के दूसरे चरण को आरंभ करते हुए संस्था के संस्थापक महेंद्र धर्माणी ने कही।

बच्चों से अपील की कि माता-पिता की सलाह व सुझव के अनुसार अपनी क्षमता को ध्यान में रखते हुए आगे बड़े तथा अपनी जिंदगी के मुकाम को हासिल करें। महेंद्र धर्माणी प्रदेश पुलिस की ओर से जगह-जगह पर की जा रही कार्रवाई व छापेमारी को सही बताते हुए कहा कि जिस मात्रा में आज चिट्टा हमारे समाज के प्रत्येक वर्ग को प्रभावित कर रहा है। उसके लिए और तेजी लाने की आवश्यकता है। पुलिस प्रशासन चिट्टा सप्लारों पर सख्त कार्रवाई करते हुए कानून का पालन करवाएं, ताकि हमारे बच्चे इस सामाजिक कुरीति से आपने आप को बचा सकें। धर्माणी ने संस्कार संस्था द्वारा चिट्टा के विरुद्ध चलाए अभियान के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि आज से स्टूडेंट्स का सर्वेक्षण करने के लिए एक प्रश्नोत्तरी के माध्यम से दूसरा चरण प्रारंभ किया गया है, जिसके अंतर्गत स्टूडेंट्स से इस अभियान के बारे में उनकी रुचि, सुझाव और आगामी योजनाओं के बारे में जानकारी एकत्रित कर इसका अध्ययन व विश्लेषण करने के बाद अभियान को आगे बढ़ने की योजना बनाई जाएगी।



## घुमारवीं के अधिकतर क्षेत्रों में आवारा कुत्तों का आतंक

# बच्चों सहित पांच को बनाया शिकार

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

घुमारवीं विधानसभा के तहत अधिकतर क्षेत्रों में आवारा कुत्ते लगातार खूंखार होते जा रहे हैं। आए दिन सिविल अस्पताल घुमारवीं में कुत्तों के काटने के मामले सामने आ रहे हैं। सोमवार को एक ही दिन में घुमारवीं शहर तथा आसपास के क्षेत्र में पांच लोगों को कुत्तों ने काटा है।

इन कुत्तों का अधिकतर आतंक घुमारवीं के साथ लगते चुवाड़ी, जम्मन, पनोल आदि गांव में देखने को मिल रहा है। जहां पर इन कुत्तों ने बच्चों सहित पांच लोगों को अपना शिकार बनाया है। सोमवार को इन आवारा कुत्तों द्वारा काटे गए लोगों में रंजीत गांव पनौल उम्र 32 वर्ष, सुमित गांव जम्मन उम्र 20 वर्ष, सरवन गांव कलोल उम्र 32 वर्ष, आदित्य गांव पनियाला उम्र 11 वर्ष, शिवांश गांव चुवाड़ी उम्र 12 वर्ष को कुत्तों ने उस वक्त काटा, जब वह स्कूल जा रहा था। अधिकतर क्षेत्रों में आवारा कुत्तों का आतंक इस कदर बढ़ गया है कि लोगों का घर से बाहर निकलना दुभर हो गया है।

आवारा कुत्तों के हमले से छोटे बच्चों का बाहर खेलना तक बंद हो गया है। कहीं अभिभावक अपने बच्चों को कुत्तों के डर से स्कूल भेजने से भी चिंतित नजर आ रहे हैं। वहीं, दूसरी तरफ प्रशासन आंखें मूंद कर बैठा हुआ है, जिससे लोग गंभीर रूप से घायल भी हो रहे हैं लोगों का कहना है कि आवारा कुत्तों के आतंक से उनका जीना मुहाल हो गया है। ग्रामीणों ने बताया कि इस बारे में अनेक बार प्रशासन से मांग की गई है, लेकिन न तो पंचायत स्तर पर इसके लिए कोई कार्रवाई की जा रही है और न ही प्रशासन द्वारा कोई ठोस प्रयास किए जा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में एक ही दिन में पांच लोग हमले का शिकार बन चुके हैं और अब हालात और ज्यादा खराब होते नजर आ रहे हैं क्योंकि अधिकतर आवारा घूमने वाले कुत्ते खूंखार हो चुके हैं। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि समय रहते इन आवारा कुत्तों पर काबू पाया जाए।

### इन्हें काबू में करने के लिए नसबंदी बेहतर उपाय

> हम समय पर आवारा कुत्ते की वैक्सीनेशन करते हैं। इसके अलावा इन्हें काबू में करने के लिए नसबंदी एक बेहतर उपाय है, जिसके लिए हमने सभी पंचायतों को दिशा-निर्देश जारी किए थे कि एक हफ्ते के लिए इन कुत्तों को बांधने का प्रबंध किया जाए, ताकि उनकी नसबंदी की जा सके, लेकिन पंचायतों से सहयोग नहीं मिल रहा है।
>
> **किशोरी लाल शर्मा, वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी, घुमारवीं।**

# नशे के सौदागरों पर न प्रशासन की लगाम, न पुलिस का डर : गर्ग

**अनंत ज्ञान,घुमारवीं**

भाजपा अनुशासन समिति के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेंद्र गर्ग ने घुमारवीं में बढ़ रहे नशे के सौदागरों के मकड़जाल पर चिंता जताई है।



गर्ग ने कहा कि घुमारवीं में नशे के सौदागरों पर न ही शासन-प्रशासन की कोई लगाम है और न ही पुलिस का कोई डर है। लिहाजा, नशे के सौदागर जगह-जगह बैठ कर नशा बेच रहे हैं और युवाओं की जिंदगियों को तबाह कर रहे हैं। कई युवा नशे के मकड़जाल में बुरी तरह से फंस चुके हैं। उनके माता-पिता बेबस होकर रह गए हैं। गर्ग ने चिंता जताई कि यदि नशे के सौदागरों पर लगाम नहीं कसी गई, तो कई जिंदगियां तबाह हो जाएंगी। यह नशा किस की शह में फल-फूल रहा है। इसकी भी तह तक जांच होनी चाहिए और नकाबपोश चेहरे उजागर होने चाहिए।

उन्होंने पिछले दिनों घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र की औहर पंचायत में पकड़े गए नशे के जखीरे के मामले में पुलिस से इसकी तह तक जाने की मांग की है। यह भी पर्दाफाश होना चाहिए कि यह सब किसकी शह में हो रहा था। उन्होंने मामले को गंभीरता से लेने के लिए स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों व लोगों का भी आभार जताया कि उनके हौंसले की बदौलत यह नशे का सौदागर पकड़ा गया। गर्ग ने कहा कि नशे के सौदागर स्कूली बच्चों को एक सुनियोजित तरीके से अपने चंगुल में फसाते हैं क्योंकि इस अवधि में बच्चों में अच्छे बुरे की समझ नहीं होती है। केमिकल नशा हमारे समाज के लिए घातक है।

## मिनर्वा स्कूल के हॉस्टल में जमा दो के छात्रों के लिए फेयरवेल पार्टी का आयोजन

# मिस्टर फेयरवेल बने दीक्षित ठाकुर

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

मिनर्वा स्कूल घुमारवीं के हॉस्टल में जमा दो के छात्रों के लिए फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य प्रवेश चंदेल, स्टडी सर्कल के एमडी राकेश चंदेल द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। बच्चों ने शानदार प्रस्तुति से माहौल को खुशनुमा बना दिया। मिस्टर फेयरवेल दीक्षित ठाकुर को चुना गया, जबकि राघव मिस्टर माइंड व टेंजिन टसी मिस्टर पर्सनालिटी चुने गए। जमा दो कक्षा के छात्रों ने अपने अनुभवों को जूनियर साथियों के साथ साझा करते हुए उन्हें लक्ष्य के प्रति अडिग रहने की सलाह दी। उन्होंने विद्यालय में बिताए अपने सुनहरे लम्हें को याद करते हुए सबको भावुक कर दिया। फेयरवेल पार्टी में जमा दो और जमा एक के छात्रों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में हास्य-व्यंग्य, नृत्य, गीत, एकांकी और सामाजिक कुरीतियों पर प्रहार करने वाले कार्यक्रम शामिल रहे। बच्चों ने हर कार्यक्रम को सुंदर तरीके से प्रस्तुत किया तथा अन्य बच्चों की वाहवाही बटोरी। प्रवेश चंदेल ने बच्चों को सफलता का मंत्र बताते हुए कहा कि एक विचार लो और उस विचार को अपने जीवन का सार बना लो। उसी को सोचो और उसी के स्वप्न देखो। उन्होंने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ छात्रों द्वारा हॉस्टल में बिताए समय को याद किया तथा छात्रों को भविष्य में सीख देने के लिए सुझाव दिए व कहा कि जीवन में ध्यान से बोलने ओर ध्यान से सुनने की आदत मनुष्य को सफल बनाती है और जीवन की चुनौतियों का सामना करने की ताकत देती है। राकेश चंदेल ने छात्रों को आगामी परीक्षाओं से अवगत करवाते हुए मेहनत व लगन से आगे बढ़ते रहने के लिए प्रेरित किया।



मिनर्वा स्कूल के हॉस्टल में फेयरवेल पार्टी के आयोजन पर मौजूद स्टूडेंट्स।

# बिलासपुर में नौ को होगी राष्ट्रीय लोक अदालत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

बिलासपुर में नौ मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा, जिसमें पूर्व मुकदमेबाजी और लंबित मामले लिए जाएंगे।

इस लोक अदालत में बैंक से संबंधित मुकदमे, बिजली व पानी के बिल, वैवाहिक विवाद के मामले लिए जाएंगे, जिन व्यक्तियों के न्यायालय में उपरोक्त श्रेणी में से लंबित मामले हैं, वह न्यायालय में अपने मामले को लोक अदालत में लगवा सकता है। इच्छुक व्यक्ति जिसका उपरोक्त श्रेणी में से मामला कोर्ट में विचाराधीन नहीं है, अगर वह अपना मामला लोक अदालत में लगवा कर आपसी समझौते पर आधारित फैसला प्राप्त करना चाहता है, तो वह आवेदन कर सकता है। यह जानकारी सचिव जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण मनीषा गोयल ने दी।

# अस्पतालों में आज से दोपहर बाद मरीजों को मिलेगा ओपीडी में इलाज

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

सिविल अस्पताल घुमारवीं सहित पूरे जिले बिलासपुर में कार्यरत सभी 95 चिकित्सक मंगलवार 20 फरवरी से सुबह 09.30 से दोपहर 12 बजे तक पेन डाउन स्ट्राइक पर रहेंगे। इस स्ट्राइक में पूरे प्रदेश के चिकिसक शामिल रहेंगे। इस दौरान आपातकालीन सेवाएं ही प्रदान की जाएंगी। यदि संघ की मांगों को शीघ्र नहीं माना, तो संघ के सभी सदस्य पांच मार्च को सामूहिक अवकाश पर रहेंगे।

यह निर्णय हिमाचल चिकित्सा अधिकारी संघ की बैठक में लिया गया। बैठक का आयोजन संघ के अध्यक्ष डॉक्टर राजेश राणा की अध्यक्षता में किया गया। संघ का कहना है कि सीएम से 13 फरवरी की वार्ता के मिनिट्स ऑफ मीटिंग अभी तक संघ से सांझा नहीं किए गए हैं। संघ का कहना है कि मुख्यमंत्री ने संघ की मांगों के संदर्भ में समितियों को बनाने की बात कही थी, लेकिन जो समितियां बनाई गई हैं वो धरातल पर कोई कार्य करती नजर नहीं आ रही हैं, पिछले डेढ़ वर्ष से डिपार्टमेंटल प्रमोशनल कमेटी खंड चिकित्सा अधिकारियों की पदोन्नति करने में असमर्थ रही है।

> चिकित्सक लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर सरकार से मिल रहे हैं, लेकिन सिर्फ आश्वासन ही मिल रहे हैं। अभी तक उनकी मांगों को पूरा नहीं किया गया है। हालांकि सात महीने पहले सरकार ने मांगों को पूरा करने की बात कही थी, लेकिन सरकार ने हमारी मांगों को पूरा नहीं किया है। इससे हमें यह कदम उठाना पड़ रहा है।
>
> **डॉ. भूपेंद्र शर्मा अध्यक्ष चिकित्सक संघ जिला बिलासपुर।**

**समारोह** माउंट कैल्वरी कॉन्वेंट स्कूल बिलासपुर में वार्षिक पारितोषिक समारोह का आयोजन

# युग राम राज का... प्रस्तुत कर मोहा दर्शकों का मन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

बिलासपुर शहर में स्थित माउंट कैल्वरी कॉन्वेंट स्कूल में वार्षिक पारितोषिक विवरण समारोह का आयोजन नवनिर्मित संस्कृत ऑडिटोरियम में किया गया, जिसमें बतौर मुख्यातिथि प्रदेश पर्यटन विकास निगम के महाप्रबंधक डॉ. राजीव कुमार ने शिरकत की।

माउंट कैल्वरी कान्वेंट स्कूल बिलासपुर के प्रधानाचार्य वीरेन पानी ने स्कूल स्टाफ के साथ मुख्यातिथि डॉ. राजीव कुमार को हिमाचली शाल, एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्यातिथि डॉ. राजीव कुमार ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। स्कूल प्रधानाचार्य वीरेन पानी ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस अवसर पर स्कूल के छोटे व बड़े बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर खूब समा बांधा। इस अवसर पर हिंदी, अंग्रेजी विषय में बच्चों की ओर से विभिन्न विषयों पर स्पीच भी दी। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में मुख्य आकर्षण युग राम राज का आ गया, कश्मीरी डांस, पंजाबी भांगड़ा, ओलंपिक आदि विषय रहे। विद्यालय के बच्चों ने स्कूल डांस में एकल ज्ञान में भी भाग लिया। वार्षिक पारितोषिक कार्यक्रम में विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को संबोधित करते हुए मुख्यातिथि डॉक्टर राजीव कुमार ने कहा कि समाज में सकारात्मक संदेश देने के लिए शिक्षण संस्थानों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है तथा उन्होंने बच्चों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के सभी मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित किए गए।



माउंट कैल्वरी कॉन्वेंट स्कूल बिलासपुर में वार्षिक पारितोषिक समारोह के आयोजन पर मौजूद अभिभावक व अन्य।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर विशेष रूप से लाडली फाउंडेशन के राज्य उपाध्यक्ष एवं हिमाचल एडवेंचर वॉटर एंड एरो लाइट स्पोर्ट्स एसोसिएशन के राज्य सचिव डॉ. नोबेल शर्मा, सर्व धर्म समभाव राष्ट्रीय मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित सत्यदेव शर्मा, राफ्टिंग एसोसिएशन ऑफ जिला बिलासपुर के जिला अध्यक्ष सिस्टा गौतम, लाडली फाउंडेशन के ब्लॉक अध्यक्ष सुजाता पटियाल एवं हिमाचल रेनबो स्टार क्लब के संस्थापक इशान अख्तर व अन्य गणमान्य अभिभावक एवं स्कूल स्टाफ मौजूद रहा। कार्यक्रम के समापन अवसर पर सभी विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के लिए बिलासपुर धाम का प्रबंध किया गया।

## बिलासपुर लघु उद्योग संघ की नई कार्यकारिणी घोषित

# प्रेम डोगरा प्रधान, तुषार बने महामंत्री

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

बिलासपुर जिला लघु उद्योग संघ का साधारण अधिवेशन 19 फरवरी को औद्योगिक क्षेत्र स्थित लक्ष्मीनारायण मंदिर के हाल में संपन्न हुआ, जिसमें सबसे पहले आय व्यय का विवरण रखा गया।

चुनाव करवाने के लिए पर्यवेक्षक के रूप में वरिष्ठ उद्योगपति सुंदरलाल डोगरा को निर्धारित किया गया था। उसके उपरांत पुरानी कार्यकारिणी ने त्याग पत्र दिया और सर्व सम्मति से नई कार्यकारिणी के विभिन्न पदों पर मनोनयन आरंभ हुआ। अध्यक्ष पद के लिए एक बार फिर से प्रेम डोगरा को चुना गया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक गुप्ता व कुलदीप चंदेल और नोपाल गुप्ता दो उपाध्यक्ष चुने गए। महामंत्री तुषार डोगरा को बनाया गया, जबकि वरिष्ठ महामंत्री इंदर ठाकुर और सह मंत्री हर्ष दबड़ा को बनाया गया।

प्रेस सचिव की भूमिका अरुण डोगरा रीतू निभाएंगे। सह प्रेस सचिव पवन धीमान होंगे। संगठन मंत्री नरेश धीमान और संजीव खजूरिया, प्रचार मंत्री अजय शर्मा। कोषाध्यक्ष संजीव शर्मा और सह कोषाध्यक्ष अनिल काठ। सदस्यों के रूप में रविकांत डोगरा, राजीव खजूरिया, अतुल भूमले, किरण मेहता और मनोज गुप्ता को लिया गया। मुख्य संरक्षक सुंदरलाल डोगरा रहेंगे, जबकि संरक्षक में तुलसीराम, जगदीश कौंडल और ललित गुप्ता को लिया गया। सलाहकार एडवोकेट पारस गौतम, प्रवीण शर्मा और नारायण चंदेल होंगे, जबकि आईएडीए के लिए डॉ. तेज प्रताप, एडवोकेट प्रवीण शर्मा और राजू खन्ना को लिया गया। आय व्यय समिति में संजीव खजूरिया और शुभम शर्मा को रखा गया।



बिलासपुर लघु उद्योग संघ की नई कार्यकारिणी पर मौजूद सदस्य।

## न्यूज ब्रीफ

### उद्योग में लगी आग, फायर ब्रिगेड ने काबू पाया



आग पर काबू पाता फायर ब्रिगेड कर्मी।

**टाहलीवाल।** औद्योगिक क्षेत्र बाथू बाथड़ी स्थित एक उद्योग में आग लगने से क्रशर पर चलने वाली बेल्ट, रबर, केमिकल और लकड़ी जलकर राख हो गई। आग पर फायर ब्रिगेड कर्मियों ने लगभग आधे घंटे में काबू पाया। वहीं आग की घटना से प्रबंधन को लगभग 1 लाख रुपए का नुकसान होने का अनुमान है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। अभी तक आग लगने की वजह पता नहीं लग पाई है। जानकारी के अनुसार सोमवार दोपहर को उद्योग के अंदर से धुएं के गुबार उठने लगे जिसकी सूचना सिक्योरिटी द्वारा उद्योग प्रबंधक को दी गई। उद्योग प्रबंधक द्वारा टाहलीवाल स्तिथ फायर स्टेशन को इसके बारे में अवगत करवाया गया। फायर स्टेशन ने तुरंत अम्ल करते हुए टीम में शामिल स्टेशन ऑफिसर सुनीत दत, जसविंदर, जसवीर सिंह ने उद्योग में पहुंचकर आग पर काबू पा लिया। उन्होंने बताया कि करीब 30 लाख का समान आग की भेंट चढ़ने से बचा लिया गया।

### डीसी ने किया जिला पुस्तकालय का निरीक्षण



ऊना लाइब्रेरी का निरीक्षण करते उपायुक्त जतिन लाल।

**ऊना।** उपायुक्त जतिन लाल ने जिला पुस्तकालय ऊना का निरीक्षण कर पुस्तकालय की हालत व सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के उपरांत उन्होंने खंड विकास अधिकारी ऊना को निर्देश दिए कि पुस्तकालय भवन के मुरम्मत संबंधी कार्य को तुरंत पूरा किया जाए। इसके अलावा उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए की पुस्तकालय परिसर में पीने के शुद्ध पानी की व्यवस्था की जाए तथा इसके लिए एक आरओ प्यूरीफायर स्थापित किया जाए। उपायुक्त ने कहा कि अतिशीघ्र जिला पुस्तकालय में वाई-फाई इंटरनेट सुविधा भी प्रदान की जाएगी, ताकि पुस्तकालय में आने वाले पाठकों को ऑनलाइन अध्ययन के दौरान कनेक्टिविटी की समस्या का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर एसी टू डीसी ऊना वरिंदर कुमार, खंड विकास अधिकारी ऊना के एल वर्मा, अधिशाषी अभियंता राकेश कुमार, कनिष्ठ अभियंता अरुण कुमार सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

### 24 को मनाएंगे गुरु रविदास महाराज की जयंती

**दौलतपुर चौक।** गगरेट विस क्षेत्र के तहत गांव नकड़ोह में हर साल की तरह इस साल भी 24 फरवरी को गुरु रविदास महाराज की 647वीं जयंती मनाई जाएगी। गुरु रविदास सभा नकड़ोह के प्रधान राजिन्द्र संधू, उप प्रधान हंसराज, सचिव रमेश संधू, कोषाध्यक्ष अश्वनी कुमार, जोगिन्द्र पाल संधू, गुरमेल सिंह, वासदेव, चन्द्रभान, विजय, कुशल ने बताया कि 14 फरवरी को सहज पाठ श्री गुरु ग्रन्थ साहिब शुरू किया गया। 24 फरवरी को पूजा अर्चना के साथ निशान साहिब चढ़ाने की रस्म अदा की जाएगी। कीर्तन दरबार में गुरदीप सिंह तलबाड़ा वाले गुरु रविदास की महिमा का गुणगान करेंगे। इस दौरान भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा। उन्होंने लोगों से इस धार्मिक समारोह में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का आग्रह किया है।

### हर समय करें प्रभु सिमरन : गणेश दत्त

**गोंदपुर बनेहड़ा।** बीजापुर में श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह के दौरान श्री कृष्ण जन्मोत्सव के अवसर पर पूरा बीजापुर राधे-राधे श्याम मिला दे की धुनों से गूंज रहा था। श्री कृष्ण को मिश्री माखन चढ़ने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ रही थी। प्रातः स्मरणीय ब्रह्मलीन स्वामी भूमानंद तीर्थ जी महाराज की असीम कृपा से एवं सद्गुरु स्वामी अच्युतानंद तीर्थ जी महाराज पीठाधीश्वर भूमा निकेतन हरिद्वार के पावन सानिध्य एवं संरक्षण में बीजापुर में श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह चल रहा है। रोजाना सुबह प्रभात फेरी का आयोजन किया जा रहा है। आज भागवत कथा के चौथे दिन कथावाचक गणेश दत्त ने बताया कि सुबह उठते चलते-फिरते हर समय प्रभु सिमरन करना चाहिए। भागवत कथा के श्रवण से शरीर के कष्ट दूर होते है और सदकर्म करने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा मानव जीवन बड़ी तपस्या के बाद मिलता है और हमें मानव चोले में सदकर्म करना चाहिए।

### निधन पर जताया शोक

**गोंदपुर बनेहड़ा।** हिमाचल प्रदेश स्कूल लेक्चरर संघ के प्रांतीय सगठन सचिव राजन शर्मा, दविंदर सिंह बेली मुकेश सलारिया शशि सैनी विकास रतन वरुण लखन पाल बिहारी लाल विनोद वनियाल दिनेश कौंडल राकेश मल्होत्रा ने उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री की पत्नी के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है

# ट्रेन के नीचे आने से रायसरी के युवक की दर्दनाक मौत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

ऊना-तलवाड़ा रेलवे ट्रैक पर सोमवार को रायसरी और डंगेड़ा गांव की सीमा पर ट्रेन के नीचे आने से युवक की मौत हो गई। युवक का शव बुरी तरह से क्षत-विक्षत हालत में ट्रैक के बीच पड़ा था। रेलवे के माध्यम से जानकारी रेलवे पुलिस को दी गई और पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया।



रेलवे ट्रैक पर पड़ा मोहित का शव।

जानकारी के अनुसार रायसरी गांव का रहने वाला 22 वर्षीय मोहित सोमवार सुबह घर से काम पर निकला था, लेकिन दोपहर को उसकी ट्रेन के नीचे आने की खबर परिजनों को मिली। मोहित का शव डंगेड़ा रेलवे लाइन पर पड़ा हुआ था। बताया जा रहा है कि मोहित अंदौरा से चंडीगढ़ चलने वाली ट्रेन के नीचे आ गया। हालांकि अभी तक यह पता नहीं चल पाया है कि नौजवान हादसे का शिकार कैसे हुआ? अपने घर रायसरी से वह डंगेड़ा ट्रैक पर कैसे पहुंचा इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है। ट्रेन से जैसे उसका शरीर कटा है उससे प्रतीत हुआ है कि उसके मुंह और पैरों के चीथड़े उड़ गए हैं। रेल लाइन के आस-पास वह कब और कैसे पहुंचा यह भी किसी को जानकारी नहीं है। फिलहाल पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया है और जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक युवक के पिता हंसराज प्लंबर का काम करते हैं। बताया जा रहा है कि मोहित ने इलेक्ट्रीशियन ट्रेड में आईटीआई डिप्लोमा किया था। मोहित अपने घर में सबसे बड़ा था। उसके अलावा दो छोटे भाई हैं। रेलवे पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया। पुलिस द्वारा शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों के हवाले कर दिया है। मोहित रेल की चपेट में कैसे आया इसकी पुलिस तहकीकात कर रही है। बताया जा रहा है कि मोहित झलेड़ा में एक व्हीकल एजेंसी में कार्यरत था। सुबह ही वह घर से अपने बाइक पर सवार होकर एजेंसी के लिए निकला था।

## अंबोटू में वन माफिया ने काट डाले दो दर्जन खैर के हरे पेड़

**अनंत ज्ञान, अम्ब**

उपमंडल अंब की ग्राम पंचायत टकारला के अंतर्गत आते वन क्षेत्र अंबोटू में अवैध कटान का मामला प्रकाश में आया है। इस वन क्षेत्र में वन माफ़िया ने दो दर्जन से अधिक हरे खैर के पेड़ों पर क़हर बरपाया है। गौरतलब है कि इस वन क्षेत्र में लगातार अवैध कटान के मामले सामने आते रहे हैं। धार क्षेत्र में जंगलों की बात करें तो यह लगातार वन माफ़िया के निशाने पर रहता है। इन वन क्षेत्रों से प्रतिवर्ष अवैध कटान के सैंकड़ो मामले सामने आते हैं, जबकि जंगलों के बीचों-बीच निकलती सड़कें बंद माफिया के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। f

जला वन अधिकारी सुशील राणा ने कहा कि मामला मीडिया के द्वारा ध्यान में लाया गया है। इस मामले में आगामी कार्यवाही के आदेश दिए गए हैं। यदि सरकारी भूमि से खैर के पेड़ काटे गए हैं तो नियमानुसार अनुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। अंवोटू के जंगल में अवैध रूप से काटे गए खैर के पेड़ को मिट्टी और वनस्पति से इस कदर ढका हुआ है कि इसका निशान तक नहीं दिख रहा।



अंबोटू के जंगल में अवैध रूप से काटे ख़ैर के पेड़ का तना।

## केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर की लोकप्रियता से परेशान हैं कांग्रेस नेता : राजेंद्र मलांगड़



**बंगाणा।** केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर द्वारा हमीरपुर लोकसभा में हो रहे तूफानी दौरों से कांग्रेस पार्टी के कुछ हताशा नजर आ रही है। आनन-फानन में कांग्रेस के कुछ नेता केंद्रीय मंत्री से हमीरपुर लोकसभा की उपलब्धियां पूछ रहे हैं, लेकिन उन्हें ज्ञात नहीं कि हमीरपुर लोकसभा ही नहीं बल्कि समूचे हिमाचल प्रदेश में केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के अथक प्रयासों से एक अलग पहचान मिली है। उक्त बयान जारी करते हुए पूर्व मिल्क फेडरेशन के निदेशक राजेंद्र मलांगड़ ने कहा कि केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर द्वारा केंद्र की हर योजना का हिमाचल वासियों को लाभ मिला है। हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र के बड़ी योजनाएं धरातल पर उतारी गई हैं। बंदे भारत के साथ 8 ट्रेनों को ऊना के दौलतपुर से विभिन्न स्थलों के लिए चलाना ऊना मुख्यालय के पांच सौ करोड़ से पीजीआई सैट लाइट अस्पताल कोई छोटी सौगात नहीं है। ऊना के हर मंडल स्तर पर सेंट्रल स्कूल खोलना ट्रिपल आईटी जल शक्ति मिशन के तहत तीन हजार करोड़ का निवेश एवं सड़कों के लिए करोड़ों की धनराशि स्वीकृत करवाकर जनता को राहत प्रदान की है। मलांगड़ ने कहा कि अनुराग ठाकुर लगातार 3वीं बार जीतकर लोकसभा पहुंचेंगे। हमीरपुर लोकसभा की जनता उन्हें पांचवी बार भारी बढ़त से जिताने के लिए उत्सुक है।

## कुटलैहड़ में विधायक भुट्टो से बड़ा कोई जन सेवक नहीं: राम आसरा

**बंगाणा।** कुटलैहड़ कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राम आसरा शर्मा ने कहा कि कुटलैहड़ में आज तक कई विधायक आए-गए। कुटलैहड़ को मंत्री पद भी मिला, लेकिन विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो से बड़ा जनता का कोई हितैषी नहीं है। यह कुटलैहड़ की जनता की आवाज है। अपनी सैलरी को गरीबों में बांटना और हर किसी की मदद करना ले उनकी रोज की कार्यशैली है। हमने अपने जीवन में विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने बड़ा कोई जनसेवक भी नही देखा हैं। शर्मा ने कहा कि 14 माह के कार्यकाल में कुटलैहड़ के जरूरतमंद परिवारों को विधायक की ओर से छह करोड़ की आर्थिक सहायता दी गई है।

## आईपीएस अधिकारी राकेश सिंह ने संभाला एसपी ऊना का पदभार

**अनंत ज्ञान, ऊना**

वर्ष 2017 बैच के आईपीएस अधिकारी राकेश सिंह ने 19 फरवरी को पुलिस अधीक्षक ऊना का पदभार ग्रहण कर लिया है। 50 वर्षीय राकेश सिंह मूलत: हिमाचल प्रदेश के जिला शिमला के रहने वाले हैं तथा उन्हें हिमाचल प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में अलग-अलग पदों पर विभागीय कार्य करने का लंबा अनुभव है। राकेश सिंह ने पुलिस विभाग में वर्ष 2002 में हिमाचल पुलिस सेवा अधिकारी के रूप में प्रवेश किया। उन्होंने काजा, बैजनाथ, पालमपुर तथा जवाली नामक स्थानों पर उप पुलिस अधीक्षक के रूप में अपनी सेवाएं



दीं जबकि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के रूप में उन्होंने हमीरपुर तथा ऊना में विभागीय सेवाएं दीं। जिला ऊना में एसपी का पदभार ग्रहण करने से पूर्व राकेश कुमार ने जिला हमीरपुर के बस्सी में पांचवी आईआरबीएन में कमांडेंट के पद पर कार्यरत थे। जिला ऊना में एसपी का पदभार ग्रहण करने के अवसर पर अपनी प्राथमिकताओं का जिक्र करते हुए राकेश सिंह ने बताया कि नशा मुक्त ऊना, यातायात व्यवस्था का सुचारू संचालन, अवैध खनन की रोकथाम तथा कानून के प्रति आम व्यक्ति का भरोसा कायम करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कहा कि ऊना पुलिस बल को और अधिक सुदृढ करने के साथ-साथ जिला के धार्मिक स्थलों में श्रद्धालुओं के भेष में आने वाले असामाजिक तत्वों की रोकथाम के लिए भी विशेष बल दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि साइवर अपराध की रोकथाम के दृष्टिगत पुलिस बलों का आधुनिकरण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

# लाली पहलवान ने जीता डोहकेश्वर धाम का दंगल

## वॉलीबॉल में बाथू और कबड्डी मुकाबलों में रुद्रा क्लब ऊना बने विजेता

**अनंत ज्ञान, लठियानी/बंगाणा**

रविवार देर शाम गांव डोहक जिला बिलासपुर में दो दिवसीय डोहक खेल एवं कुश्ती मेला शांतिपूर्वक और सौहार्दपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। कुश्ती प्रतियोगिता में लाली फगवाड़ा के पहलवान ने माली (विजेता खिताब) जीती जिसको 25000 रूपए प्रथम पुरस्कार के रूप में दिया गया और लाडी पहलवान गांव बद्दोवाल पंजाब उपविजेता रहे, जिनको 15000 नकद पुरस्कार दिया गया। वॉलीबॉल प्रतियोगिता में बाथू जिला ऊना विजेता रही जिनको 11000 रुपए प्रथम पुरस्कार के रूप में दिया गया तथा कबड्डी मुकाबलों में रुद्रा क्लब ऊना टीम ने प्रथम पुरस्कार जीता जिनका 11000 रुपए पुरस्कार के रूप में दिए गए।



पंजाब के विजेता पहलवान लाली को सम्मानित करते गणमान्य।

कुश्ती प्रतियोगिता में पंजाब हरियाणा हिमाचल प्रदेश से 320 पहलवानों ने भाग लिया। सभी विजेताओं और उपविजेताओं तथा प्रतिभागी खिलाड़ियों को डोकेश्वर फाउंडेशन ट्रस्ट के पदाधिकारी श्री नंदलाल शर्मा पूर्व सएमडी सतलुज जल विद्युत निगम एवं वर्तमान अध्यक्ष हरियाणा विद्युत नियामक आयोग, देशराज मोदगिल, राजीव शास्त्री पंडित सुरेश मोदगिल राजेंद्र कुमार, सूबेदार बालकिशन राकेश कुमार परशराम जगदीश चंद जोगिंदर लाल, नितिन शर्मा, ईआर अमित शर्मा, आशुतोष मौदगिल, अभिनव शर्मा, नितिन शर्मा, गुलशन शर्मा अभिशर्मा, इशांत शर्मा, अमित मोदगिल, प्रीतम चंद शर्मा और ईशान शर्मा आदि ने पुरस्कार बांटे।

ट्रस्ट के अध्यक्ष नंदलाल शर्मा ने बताया कि अगले वर्ष से मेले का और भी विस्तार किया जाएगा मेले का समय भी बढ़ाया जाएगा और इसमें और अधिक प्रतियोगिताओं को भी शामिल किया जाएगा। इस बार कुश्तियां वॉलीबॉल कबड्डी के अलावा मैराथन दौड़ जिसमें 18 साल से बड़े बच्चों की अलग और 18 साल से छोटे बच्चों की अलग इसी तरह 18 साल से बड़ी लड़कियों की और 18 साल से छोटी लड़कियों की अलग से मैराथन दौड़ करवाई गई और लड़कियों की मेहंदी प्रतियोगिता का भी आयोजन करवाया गया।

इन सबको विजेता-उपविजेता और प्रतिभागी सबको पुरस्कार दिए गए। मेले के दौरान काफी रौनक देखने को मिली करीब 50 से अधिक दुकानदारों ने अपनी दुकानें लगाई थी।

## राजनीति विज्ञान पर सेमिनार आयोजित



विशेष सेमिनार में मौजूद छात्र व अन्य।

**बंगाणा।** अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय बंगाणा में सोमवार को राजनीति विज्ञान विभाग के विभाग अध्यक्ष प्रोफेसर सिकंद्र नेगी के अध्यक्षता में विशेष सेमिनार का आयोजन किया गया। मंच का संचालन राजनीति विज्ञान की महासचिव परीक्षा ने किया। सेमिनार का विषय 'बजट 2024, बजट क्या है, भारतीय बजट के मुख्य दस्तावेज़, बजट कितने प्रकार के होते हैं, बजट का महत्व और प्रक्रिया, बजट बनाना कब शुरू होता है' था। सेमिनार के मुख्य वक्ता बीए प्रथम वर्ष के छात्र वासु शर्मा और निखिल बागोरिया थे।

निखिल और वासु शर्मा ने बताया कि सरकार की आय एवं व्यय का एक विवरण जिस प्रपत्र में एकत्रित किया जाता है, उसे बजट कहते है। बजट में विगत वर्ष के आय और व्यय के अनुमानों का वार्षिक वित्तीय विवरण प्रस्तुत किया जाता है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 112 में भी बजट निर्माण के विषय में बताया गया है। बजट में प्रत्येक वर्ष नई योजनाओं की घोषणा होती है और टैक्स में संशोधन किया जाता है, जिसका सीधा प्रभाव जनता पर पड़ता है, बजट में किए गए सभी प्रावधान तब तक लागू नहीं किए जा सकते है, जब तक संसद के द्वारा पास नहीं किया जाता है। इस मौके पर राजनीति विज्ञान विभाग के विभागअध्यक्ष प्रोफेसर सिकंदर नेगी, राजनीति विज्ञान के उपप्रधान इंदू, महासचिव परीक्षा, कैशियर तीक्ष्णऔर मीडिया प्रभारी रोहित आदि मौजूद रहे।

## कुनेरन स्कूल के छात्र-छात्राओं ने किया नैहरियां आईटीआई का एक्सपोजर विजिट




कुनेरन स्कूल के विद्यार्थी नैहरियां आईटीआई में एक्सपोजर विजिट करते हुए।

**अनंत ज्ञान, अंब**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुनेरन के छात्र-छात्राओं ने सोमवार को नैहरियां स्थित सरकारी आईटीआई में एक दिवसीय एक्सपोजर विजिट की।

इस मौके पर इन्होंने आईटीआई की कार्यप्रणाली और वर्तमान में यहां चल रहे व्यवसायों के बारे में विस्तार से जाना। आईटीआई के प्रधानाचार्य ई. प्रवेश शर्मा ने बताया कि यह आईटीआई सन् 2007 में शुरू हुई थी। वर्तमान में इस आईटीआई में फिटर, एसओटी और ड्रेस मेकिंग व्यवसायों में 87 प्रशिक्षु प्रशिक्षण ग्रहण कर रहे हैं। उन्होंने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि जब आप घर जाए तो आईटीआई और आईटीआई में चल रहे विभिन्न व्यवसायों के बारे में अपने परिजनों और दोस्तों को जरूर बताएं। आईटीआई के अनुदेशकों सुनील कुमार, विवेक कुमार और आशा रानी ने भ्रमण पर आए छात्र-छात्राओं को विभिन्न कार्यशालाओं में ले जाकर वहां स्थापित मशीनों के बारे में कई महत्वपूर्ण जानकारियां उपलब्ध करवाईं।

इस अवसर पर स्थानीय संस्थान के समूह अनुदेशक राकेश कुमार, गणित अनुदेशक सुनील दत्त, कार्यालय प्रभारी निर्मल कुमार और विद्यालय की ओर से आए अध्यापक विजय कुमार, सुनीता देवी और संतोष कुमारी भी उपस्थित रहे। विजट के अंत में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया।

## गरीबों-जरूरतमंदों के दुख को दूर कर रही सुख की सरकार : डोगरा



**ऊना।** हिमाचल प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता डॉ. विजय डोगरा ने कहा कि जनहित का बजट क्या होता है यह सुक्खू सरकार ने दिखा दिया है। गरीब और जरूरतमंद जनता के दुख को सुक्खू सरकार बखूबी पहचान चुकी है। विकट परिस्थितियों और विपरीत समय में ऐसा बजट पेश करना सुक्खू सरकार की एक बड़ी उपलब्धि है। हर वर्ग इस बजट से उत्साहित है। हिमाचल के इतिहास में यह पहला बजट बन गया है जिसकी चर्चा गांव गांव घर घर में हो रही है। जिस दिन यह बजट पारित हुआ उस दिन चाय की दुकानों से लेकर स्कूल, पंचायत घर, अस्पताल और आंगनबाड़ियों में भी लोग सुक्खू सरकार को आशीष दे रहे थे कि किसी ने तो उनकी सुनी। विजय डोगरा ने एक प्रेस वार्ता में बताया कि मेरे राजनीतिक करियर में ऐसा सधा हुआ बजट पहले कभी नहीं आया। प्रदेश को झकझोर देने वाली आपदा के बाद जब सुक्खू सरकार ने बजट पेश किया तो सभी के दिलों को छू लिया।

**मीटिंग** | अधिकारियों ने की आईसीडीएस के माध्यम से संचालित की जा रही विभिन्न योजनाओं की समीक्षा

# कुपोषण की रोकथाम के लिए मिशन मोड में होगा कार्य : डीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

समेकित बाल विकास सेवाएं(आईसीडीएस) टास्क फोर्स कमेटी की बैठक सोमवार को उपायुक्त जतिन लाल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में उपायुक्त ने जिला में आईसीडीएस के माध्यम से संचालित की जा रहे सभी योजनाओं की समीक्षा की।

उपायुक्त ने कहा कि जिला में कुपोषण की रोकथाम के लिए मिशन मोड में कार्य किया जाएगा। गंभीर तीव्र कुपोषण(सैम) और कुपोषित(मैम) बच्चें तालाश किए जाएंगे और ऐसे बच्चों को कुपोषण से बाहर लाने का प्रयास किया जाएगा, ताकि जिला में कोई भी बच्चा कुपोषित न हो सके। उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देश दिए कि जिला के सैम और मैम बच्चों का पूरा ब्यौरा भेजना सुनिश्चित करें, ताकि जिला को कुपोषण मुक्त बनाया जा सके। जतिन ने कहा कि मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना के तहत जिला के सभी पात्र बच्चों को इस योजना का लाभ मिले इसके लिए विभाग मिशन मोड में कार्य करें। उन्होंने



आईसीडीएस टास्क फोर्स कमेटी की बैठक में उपायुक्त जतिन लाल व अन्य अधिकारी।

कहा कि संबंधित अधिकारी व आंगनबाड़ी वर्कर अपने-अपने क्षेत्रों में जाकर पात्र बच्चों के स्वयं फॉर्म भरवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना के तहत 27 वर्ष तक के अनाथ बच्चों को चार हजार रुपये प्रतिमहा पॉकेट मनी, तीन बिस्वा भूमि और मकान निर्माण के लिए तीन लाख रुपये, कोचिंग के लिए एक लाख रुपये, लघु/सुक्ष्म उद्योग लगाने के लिए दो लाख रुपए अनुदान और विवाह के लिए भी दो लाख रुपए की अनुदान राशि प्रदान की जाती है।

**बोले- मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना में पात्र बच्चों को जोड़ना सुनिश्चित करें अधिकारी**

उन्होंने बताया कि जिला मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना के तहत अब तक 0 से 18 वर्ष के 105 तथा 18 से 27 वर्ष के 354 बच्चों को चिन्हित किया गया है। उन्होंने कहा कि स्कूलों में लड़कियों की शारीरिक स्वच्छता तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए सैनेटरी नेपकिन, इंसीनरेटर मशीन होना आवश्यक है। उन्होंने निर्देश दिए कि जिला में कितने स्कूलों में इंसीनरेटर मशीन स्थापित की गई है उनका डाटा एकत्रित कर उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि मनरेगा कंवजेंस के तहत 50 नए आंगनबाड़ी भवनों का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है। इसके लिए उन्होंने डीपीओ को निर्देश दिए कि वर्तमान में यह आंगनबाड़ी केंद्र किस जगह पर संचालित हो रहे हैं उनकी पूरी रिपोर्ट प्रस्तुत करें। जिले में 1364 आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से महिलाओं व बच्चों को सेवाएं प्रदान की जा रही है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत एक बच्ची गोद लेने वाले 23 दम्पतियों तथा मेरी गांव की बेटी मेरी शान के तहत 17 दम्पतियों को लाभान्वित किया गया है। उपायुक्त ने बताया कि पीड़ित महिलाओं को आश्रय देने के लिए जिला में वन स्टोप सेंटर संचालित किया जा रहा है। उन्होंने बताया चालू वित्त वर्ष में 40 मामलों में हैल्थ सुविधा, कूननी सुरक्षा, फिजीयो सोशियल काउंसलिंग व शेल्टर की सुविधा प्रदान की गई है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अंतर्गत चालू वित्त वर्ष में अब तक कुल 3319 पात्र को लाभान्वित किया गया है। बेटी है अनमोल योजना के तहत चालू वित्त वर्ष में 30 लाख 22 हज़ार 250 रुपए व्यय करके 999 बच्चियों को लाभान्वित किया गया। मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत 99 लाख 45 हज़ार रुपये व्यय करके 195 पात्र लाभार्थियों, मुख्यमंत्री शगुन योजना के तहत 63 लाख 86 हज़ार रुपए व्यय करके, मदर टैरसा असहाय मातृ संबल योजना के तहत 61 लाख 50 हजार रुपए व्यय करके 1414 माताओं और 2143 बच्चों को लाभान्वित किया गया है। फोस्टर केयर योजना के तहत जिला में 193 बच्चों को लाभान्वित किया जा रहा है।

इस मौके पर डीपीओ नरेंद्र कुमार, सीएमओ डॉ संजीव वर्मा, जिला कल्याण अधिकारी अनीता शर्मा, उप निदेशक कुलभूषण धीमान, उद्यान विभाग के उप निदेशक केके भारद्वाज, सीडीपीओ कुलदीप दयाल सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

दृष्ट्वा तु पाण्डवानीकं व्यूढं दुर्योधनस्तदा। आचार्यमुपसंगम्य राजा वचनमब्रवीत्॥

**भावार्थ :** संजय बोले. उस समय राजा दुर्योधन ने व्यूहरचनायुक्त पाण्डवों की सेना को देखा और द्रोणाचार्य के पास जाकर यह वचन कहा॥





# जया एकादशी का व्रत करने पर मिलती है जीत

**माघ** माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी जया एकादशी कहलाती है। वैष्णवों में एकादशी को अत्यंत ही महत्वपूर्ण माना गया है। नारदपुराण में एकादशी तिथि के विषय में बताया गया है कि किस प्रकार एकादशी व्रत सभी पापों को समाप्त करने वाला है। जया एकादशी के विषय में जानने की इच्छा रखते हुए युधिष्ठिर ने भगवान श्रीकृष्ण से कथा सुनाने की प्रार्थना की। इस पर भगवान श्रीकृष्ण प्रसन्न भाव से उन्हें एकादशी व्रत की महिमा के विषय में बताते हुए कहते हैं कि- हे कुंती पुत्र माघ माह के शुक्ल पक्ष को आने वाली एकादशी जया एकादशी होती है। अपने नाम के अनुरूप ही इस एकादशी को करने पर व्यक्ति को समस्त कार्यों में विजय की प्राप्ति होती है। इस जया एकादशी का व्रत करने से व्यक्ति को ब्रह्म हत्या के पाप से भी मुक्ति प्राप्त हो जाती है। मनुष्य अपने पापों से मुक्त होकर मोक्ष को प्राप्त करता है। इस एकादशी के प्रभाव से मनुष्य कष्टदायक योनियों से मुक्ति पाता है। जया एकादशी व्रत को विधि-विधान से करने पर मनुष्य मेरे सानिध्य एवं परमधाम को पाने का अधिकारी बनता है। एक समय स्वर्ग के देवता देवराज इंद्र नंदन वन में अप्सराओं व गंधर्वों के साथ विहार कर रहे थे। वहां पर पुष्पवती नामक गंधर्व कन्या, माल्यवान नामक गंधर्व पर मोहित हो जाती है। माल्यवान भी पुष्पवती के रूप सौंदर्य से आकर्षित हो जाता है। दोनों एक-दूसरे के प्रेम में वशीभूत होने के कारण अपने संगीत एवं गान कार्य को सही से नहीं कर पाने के कारण इंद्र के कोप के भागी बनते हैं। उनके सही प्रकार के गान और स्वर ताल के बिगड़ जाने के कारण इंद्र का ध्यान भंग हो जाता है और वह , क्रोध में आकर उन्हें श्राप दे देते हैं। इंद्र ने उन दोनों गंधर्वों को स्त्री-पुरुष के रूप में मृत्यु लोक में जाकर पिशाच योनी में जन्म लेने का श्राप दे दिया। इंद्र के श्राप के प्रभाव स्वरूप वह दोनों दुखी मन से हिमालय के क्षेत्र में जाकर अपना जीवन बिताने लगते हैं। वह अत्यंत कष्ट में जीवन व्यतीत करने लगते हैं। किसी भी वस्तु का उन्हें आभास भी नहीं हो पाता है, रूप, स्पर्श, गंध इत्यादि का उन्हें बोध ही नहीं रह पाता है। अपने कष्टों से दुखी वह हर पल अपनी इस योनी से मुक्ति की प्रार्थना करते रहते। तब माघ मास में शुक्ल पक्ष की जया नामक एकादशी का दिन भी आता है। उस दिन उन दोनों को पूरा दिन भोजन नहीं मिल पाता है। बिना भोजन किए वह संपूर्ण दिन व्यतीत कर देते हैं। भूख से व्याकुल हुए रात्रि समय उन्हें निद्रा भी नहीं आती है। उस दिन जया एकादशी के उपवास और रात्रि जागरण का फल उन्हें प्राप्त होता है और अगले दिन उसके प्रभाव स्वरूप वह पिशाच योनी से मुक्ति प्राप्त करते हैं।

# बासुकी जाति के श्रेष्ठ सर्पों के मस्तक से मिलता है मणि रत्न

गतांक से आगे...

## समुद्री जीवों से प्राप्त रत्न






***शंख रत्न :*** *यह रत्न समुद्र के अंदर पांचजन्य जाति के शंखों में पैदा होता है। जिसका आकार मोती या अंडे के बराबर तथा रंग हल्का पीला या हल्का होता है, वहां सदा ही लक्ष्मी निवास करती है।*



***शुक्ति मोती :*** *यह मोती समंदर में पाई जाने वाली सीपों के गर्भ से निकलते हैं। स्वाति नक्षत्र में जो वर्षा होती है। उस जल की बूंदें जिस-जिस सीप के गर्भ में पहुंचती हैं, उसमें मोती प्रकट हो जाते हैं। ये मोती आकार में गोल, लंबे व चपटे होते हैं। इसको धारण करने से धन, स्वास्थ्य तथा प्रसन्नता की प्राप्ति होती है।*



***मीन रत्न :*** *यह रत्न मछली के पेट से उत्पन्न होता है। यह पीलापन लिए हुए चमकदार तथा सुंदर होता है। इस रत्न को मुंह में रखकर या गले में धारण कर पानी में प्रवेश करने से भीतर की समस्त वस्तुएं दिखाई पड़ती हैं। यह कई*


## पशुओं से प्राप्त रत्न



***गजमुक्ता :*** *जिन हाथियों का जन्म पुष्य अथवा श्रवण नक्षत्र में सोमवार अथवा रविवार के दिन होता है। उनके मस्तक में यह मोती उत्पन्न होता है। इसका आकार आंवले के फल के बराबर बड़ा तथा गोल होता है। इसको सर्वोत्तम मोती माना जाता है। यह मोती विरले व्यक्ति को ही प्राप्त होता है।*



***शूकर रत्न :*** *यह रत्न वराह वंश के सूअर के मस्तिक से निकलता है। इसका रंग कुछ पीलापन लिए हुए सरसों के तेल जैसा होता है। इसका आकार आंवले के बराबर होता है। यह सुंदर व चमकदार होता है। इस रत्न को वाक सिद्धि और सर्वसुख संपत्ति का दाता माना गया है।*



***मणि रत्न :*** *यह रत्न सर्प फन से उत्पन्न होता है। इसका रंग नीला तथा आभायुक्त और चमकीला होता है। खासकर यह रत्न बासुकी नाग की जाति के श्रेष्ठ सर्पों के मस्तक में पाया जाता है। जिस सर्प के मस्तक में यह मणि रत्न होता है, उसकी आयु जैसे-जैसे बढ़ती है, वैसे-वैसे यह भी बढ़ता है। इसे नागमणि भी कहते हैं।*



***गीदड़ सिंगी :*** *यह गीदड़ के सिर में पाई जाती है। इसका प्रयोग सम्मोहन के लिए किया जाता है। जिस व्यक्ति को यह सुंघा दी जाती है वह सम्मोहित हो जाता है। इसे प्राय: लाल या पीले सिंदूर में रखा जाता है। एक वर्ष में यह सौ ग्राम सिंदूर खा जाती है। कार्यसिद्धि के लिए जाते समय इसे साथ ले जाया जाए तो कार्य अवश्य पूर्ण होता है।*

## आकाश से प्राप्त रत्न

***मेघ रत्न :*** *यह बादलों से उत्पन्न होता है और इसका रंग पीत आभायुक्त होता है। रविवार के दिन पुष्य अथवा श्रवण नक्षत्र की वर्षा में कोई एकाध मोती वर्षा के साथ पृथ्वी पर गिरता है, जिसके पास यह रत्न होता है, उसको अपार धन संपदा प्राप्त होती है।*

*समाप्त।*

***-अनिल शर्मा, मंडी***

## टोटके

-**अगर** पर्याप्त धर्नाजन के पश्चात भी धन संचय नहीं हो रहा हो, तो काले कुत्ते को प्रत्येक शनिवार को कड़वे तेल ;सरसों के तेल, से चुपड़ी रोटी खिलाएं।

-**संध्या** समय सोना, पढ़ना और भोजन करना निषिद्ध है। सोने से पूर्व पैरों को ठंडे पानी से धोना चाहिए, किंतु गीले पैर नहीं सोना चाहिए। इससे धन का क्षय होता है।

-**रात्रि** में चावल, दही और सत्तू का सेवन करने से लक्ष्मी का निरादर होता है। अत: समृद्धि चाहने वालों को तथा जिन व्यक्तियों को आर्थिक कष्ट रहते हों, उन्हें इनका सेवन रात्रि भोज में नहीं करना चाहिए।

-**भोजन** सदैव पूर्व या उत्तर की ओर मुख करके करना चाहिए। संभव हो तो रसोईघर में ही बैठकर भोजन करें इससे राहु शांत होता है। जूते पहने हुए कभी भोजन नहीं करना चाहिए।

## *ऐसा होगा भरणी नक्षत्र में जन्मा जातक...*

# शुक्र मंगल से दृष्ट हो तो सफल राजनीति

**जिस** जातक का जन्म भरणी नक्षत्र में हो तो उसकी राशि मेष होगी। वहीं, नक्षत्र का स्वामी शुक्र होगा। इस नक्षत्र में जन्मे जातक पर मंगल, शुक्र का प्रभाव जीवन भर पड़ेगा जहां ऊर्जा, साहस महत्वाकांक्षा देगा वहीं, शुक्र कला, सौंदर्य धन व सेक्स का कारण बनता है। भरणी नक्षत्र में जन्म होने से जन्म के समय शुक्र की महादशा ही चलेगी। अत: ऐसे जातकों को बाल्यकाल सुखमय व्यतीत होता है। वहीं, सूर्य पंचमेश विद्या भाव की दशा छह वर्ष इसके बाद सुखेश की महादशा 10 वर्ष फिर लग्नेश मंगल की महादशा सात वर्ष चलेगी। इस प्रकार 23 वर्ष व शुक्र की शेष दशा जो भी हो उत्तम जाएगी बशर्ते मंगल, चंद्र, सूर्य की स्थिति भी अनुकूल होना चाहिए। मंगल लग्नेश व अष्टमेश होगा। अत: इसका शुभ होना स्वयं को स्वस्थ, बलवान, साहसी बनाएगा। जिस जातक का जन्म भरणी नक्षत्र में हो तो उसकी राशि मेष होगी। वहीं, नक्षत्र का स्वामी शुक्र होगा। इस नक्षत्र में जन्मे जातक पर मंगल, शुक्र का प्रभाव जीवन भर पड़ेगा जहां ऊर्जा, साहस महत्वाकांक्षा देगा वहीं, शुक्र कला, सौंदर्य धन व सेक्स का कारण बनता है। शुक्र धनेश द्वितीय वाणी, कुटुंब धन की




बचत का भाव है। अगर इसकी स्थिति ठीक रही तो पत्नी या पति सुंदर होकर लाभ मिलता है। लग्नेश मंगल लग्न में हो व शुक्र सप्तम भाव में स्वराशि का हो तो ऐसे जातक एक-दूसरे को चाहने वाले होंगे। यदि उनका जीवन साथी तुला राशि या मेष राशि का मिल जाए तो एक-दूसरे प्रति चाहत बनी रहेगी। शुक्र उच्च का हो व मंगल भी उच्च का हो तो ऐसे जातक व्यापार, व्यवसाय में उन्नति करने वाले होते हैं। धन की कमी नहीं रहती।

मेष राशि के भरणी नक्षत्र में शुक्र सप्तम भाव में अकेला हो व मंगल की शुभ स्थिति हो तो पत्नी सुंदर मिलती है। यदि इस स्थिति के साथ मंगल दशम भाव में हो तो ऐसा जातक पुलिस प्रशासन में उत्तम सफलता पाता है। स्वयं प्रभावशाली तेजस्वी स्वभाव का होता है। ऐसे जातक को पत्नी से लाभ रहता है। इसी नक्षत्र में जन्में जातकों का सूर्य बलवान हो तो मित्र राशि में होकर पंचमेश को देखता हो तो विद्या, संतान का लाभ उत्तम मिलता है। चंद्रमा की स्थिति यदि सुख भाव में स्वराशि का ही हो तो उसकी दशा उत्तम फलदाई होगी। ऐसे जातक को माता, भूमि भवन, वाहनादि सुख मिलता है। इस नक्षत्र में जन्में जातकों का मंगल तृतीय, पंचम, नवम या द्वादश भाव में हो तो उत्तम लाभदायक रहता है। नक्षत्र स्वामी शु, द्वितीय, चतुर्थ, षष्ट, सप्तम, दशम या द्वादश भाव में हो तो उत्तम लाभदायक रहता है।

# स्वप्न संसार



1. जो व्यक्ति आग की उठती हुई लपटें देखता है उसे अनेक प्रकार की सुख-सुविधाएं प्राप्त होती हैं। निसंतान की प्राप्ति होती है।
2. यदि कोई व्यक्ति सपने में किसी को चेक लिखकर देता है उसे विरासत में धन की प्राप्ति होती है तथा व्यवसाय में वृद्धि होती है।
3. यदि कोई व्यक्ति सपने में किसी ज्योतिषी से अपना भविष्य जंचवाता है तो उसके सामने कठिनाइयां ही कठिनाइयां होती हैं।
4. सपने में बच्चे का रुदन सुनना बीमारी अथवा परेशानी का कारण बनता है।
5. सपने में यदि किसी को गड़ा अथवा छिपा हुआ धन दिखाई दे तो उसके धन में वृद्धि होती है।
6. यदि व्यक्ति सपने में नई झाड़ू लेकर अपने आपको खड़ा देखता है, तो यह सौभाग्य प्रतीक होता है।



## शकुन अपशकुन

# महुआ का शकुन

***महुआ के फूल शुभ शकुन के प्रतीक माने जाते हैं। इस संबंध में लोगों की धारणा है कि इस वृक्ष पर जब भी अधिक फूल लगते हैं तो देश में अनाज की पैदावार अधिक होती है, विशेषकर गेहूं की।***

# प्रभुजी तुम चंदन हम पानी...


## संत रविदास जयंती पर विशेष

*संत रविदास का जन्म काशी में 1398 में माघ पूर्णिमा के दिन हुआ है।*

*हिंदी साहित्य के इतिहास में मध्यकाल, भक्तिकाल के नाम से प्रख्यात है। इस काल में अनेक संत एवं भक्त कवि हुए जिन्होंने भारतीय समाज में व्याप्त अनेक कुरीतियों को समाप्त करने का प्रयास किया। इन महान संतों-कवियों की श्रेणी में रविदास का प्रमुख स्थान रहा है। रविदास भक्त, साधक और कवि थे उनके पदों में प्रभु भक्ति भावना, ध्यान साधना तथा आत्म निवेदन की भावना प्रमुख रूप में देखी जा सकती है। रविदास ने भक्ति के मार्ग को अपनाया था सत्संग द्वारा इन्होंने अपने विचारों को जनता के मध्य पहुंचाया तथा अपने ज्ञान तथा उच्च विचारों से समाज को लाभान्वित किया।*

***प्रभुजी तुम चंदन हम पानी।***
***जाकी अंग अंग वास समानी।।***
***प्रभुजी तुम धनबन हम मोरा।***
***जैसे चितवत चन्द्र चकोरा।।***
***प्रभुजी तुम दीपक हम बाती।***
***जाकी जोति बरै दिन राती।।***
***प्रभुजी तुम मोती हम धागा।***
***जैसे सोनहि मिलत सुहागा।।***
***प्रभुजी तुम स्वामी हम दासा।***
***ऐसी भक्ति करै रैदासा।।***

*उपर्युक्त पद में रविदास अपनी कल्पनाशीलता, आध्यात्मिक शक्ति तथा अपने चिंतन को सहज एवं सरल भाषा में व्यक्त करते हैं। रविदास के सहज-सरल भाषा में कहे गए इन उच्च भावों को समझना आमजन के लिए बहुत आसान रहा है।*



# माघ पूर्णिमा पर स्नान करने पर प्रसन्न होते हैं भगवान विष्णु

**इस** बार माघ पूर्णिमा का उत्सव 24 फरवरी को मनाया जाएगा। ब्रह्मवैवर्तपुराण में उल्लेख है कि माघी पूर्णिमा पर भगवान विष्णु गंगाजल में निवास करते हैं। अत: इस पावन समय गंगाजल का स्पर्शमात्र भी स्वर्ग की प्राप्ति देता है। इसी प्रकार पुराणों में मान्यता है कि भगवान विष्णु व्रत, उपवास, दान से भी उतने प्रसन्न नहीं होते, जितना अधिक प्रसन्न माघ स्नान करने से होते हैं। इस दिन किए गए यज्ञ, तप तथा दान का विशेष महत्व होता है। भगवान विष्णु की पूजा की जाती है। भोजन, वस्त्र, गुड़, कपास, घी, लड्डू, फल, अन्न आदि का दान करना पुण्यदायक माना जाता है। माघ पूर्णिमा में प्रात:काल सूर्योदय से पूर्व किसी पवित्र नदी या घर पर ही स्नान करके भगवान मधुसूदन की पूजा करनी चाहिए। माघ मास में काले तिलों से हवन और पितरों का तर्पण करना चाहिए तिल के दान का इस माह में विशेष महत्त्व माना गया है। माघ पूर्णिमा को माघी पूर्णिमा के नाम से भी संबोधित किया जाता है। इस अवसर पर गंगा में स्नान करने से पाप एवं संताप का नाश होता है तथा मन एवं आत्मा को शुद्धता प्राप्त होती है। इस दिन किया गया महास्नान समस्त रोगों को शांत करने वाला है।

